CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 03-20-2026 23:45 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › शनिवार, 21 मार्च 2026 › फाल्गुन 30, शक संवत 1947, चैत्र शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG पेज 22 › मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow

आज देवी चंद्रघंटा की पूजा

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



नेतन्याहू ने कहा, हमने US को ईरान जंग में नही घसीटा

▶ देखें अंदर

सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव

'आयो लाल झूलेलाल'

■ NBT न्यूज, लखनऊ

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती शुक्रवार को शहर में धूमधाम के साथ मनाई गई। सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों के मंदिरों और गुरुद्वारों में भगवान झूलेलाल की विशेष पूजा-अर्चना, सत्संग और विशाल भंडारों के साथ हुई। इस पावन अवसर पर गोमती घाट स्थित झूलेलाल वाटिका में आध्यात्मिक संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं के मुंडन और जनेऊ संस्कार संपन्न कराए गए। सिंधी समाज में इस दिन को शुभ कार्यों के लिए अत्यंत मंगलकारी माना जाता है। दोपहर दो बजे शिव शांति आश्रम से भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसे संत साईं मोहन लाल और संत साईं हरीश लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शोभा यात्रा का दृश्य अत्यंत मनमोहक रहा, जिसमें महिलाएं और पुरुष पारंपरिक डांडिया नृत्य करते हुए अपनी संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे थे। पूरे मार्ग में सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। लगभग 200 स्थानों पर प्रसाद बांटा गया। मेले के दौरान सांस्कृतिक आयोजनों, गीत और संगीत ने समां बांध दिया, जिससे पूरा वातावरण 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

समाज की विभूतियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान समाज की विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। कमिटी द्वारा मोहन दास लदानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और डॉ. सरवन कुमार भवनानी को 'सिंधु रत्न' सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर सभी पंचायतों के मुखियों ने संकल्प लिया कि 'सिंधी हैं तो सिंधी में बात करेंगे' और आने वाली पीढ़ी को सिंधी भाषा का पाठ पढ़ाएंगे। मेला कमिटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने बताया कि समाज के व्यापारियों ने भी ग्राहकों को विशेष छूट देकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान चेटीचंड मेला कमिटी के संरक्षक मुरली धर आहूजा, राजा राम भावनानी, नानक चंद, मुख्य प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

श्रद्धा और उत्साह

चेटी चंड एवं झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर लालबाग स्थित हरी ओम मंदिर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह मंदिर में आसा दी वार के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। हरिओम मंदिर की गायक मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, वहीं पूज्य बहिराणा साहिब की तैयारी की गई। शाम को कार्यक्रमों का क्रम गोमती नदी के सिंधी घाट पर जारी रहा। रात में अनूप केसवानी मंडली द्वारा भजन-कीर्तन और साईं झूलेलाल की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में विधि-विधान से बहिराणा साहिब का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गोपाल चंदानी समेत सिंधी समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं पूरन नगर में सिंध युवा क्लब सोसायटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में विशेष रूप से सिंधी कढ़ी-चावल और हलवा वितरित किया गया।

ग्रीन कॉरिडोर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

नारी शक्ति ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहर के नवनिर्मित ग्रीन कॉरिडोर पर शुक्रवार को भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। ईश्वरीय स्वप्नाशेष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हिंदू नव वर्ष पर आयोजित यह यात्रा हनुमान सेतु से शुरू होकर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा परिसर तक पहुंची। इस दौरान सत्य सनातन नारी शक्ति लोक ने पुष्प वर्षा कर नए कॉरिडोर का अभिनंदन किया। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं के हाथों में झांझ, मंजीरा, डमरू और शंख के साथ धर्मध्वज लहरा रहे थे, वहीं देवी-देवताओं के स्वरूप में सजे बच्चे आकर्षण का केंद्र बने। इसमें एंजल वर्मा ने देवी मां, वीरा वर्मा ने अप्सरा, जबकि रक्ष शर्मा और अंशिम चौरसिया ने भारत माता का रूप धरा था। भक्तिमय भजनों की धुनों पर थिरकते श्रद्धालुओं और सुंदरकांड महाअभियान, भारतवर्ष की बने पहचान के जयघोष ने राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस आध्यात्मिक आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भारतीय संस्कृति उन्नायक एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने केसरिया धर्म ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

बारिश के बीच भी श्रीकृष्ण लीला में उमड़े लोग

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम: श्री ऐशबाग रामलीला समिति की ओर से चल रहे भारतीय नववर्ष मेला व चैती महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को बरसात के बाद भी तुलसी रंगमंच पर चल रही श्रीकृष्ण लीला को देखने के लिए दर्शकों की मौजूदगी बनी रही। लीला के मंचन में जहां एक ओर श्रीकृष्ण के जन्म पर नंदगांव में हर्ष का माहौल है तो वहीं दूसरी तरफ कंस द्वारा पूरे राज्य में जन्मे नवजात शिशुओं को मारने का आदेश मिलते ही समस्त जनता में कोलाहल मच जाता है। इन्हीं सब घटनाओं के बीच नंद बाबा पुत्र जन्म की खबर लेकर कंस के दरबार में उपस्थित होते हैं। श्रीकृष्ण लीला के बाद सांस्कृति मंच पर नृत्य निर्देशक तनुश्री व अरिंदम सिंह के साथ ही अन्य कलाकारों ने गणेश स्तुति, कृष्ण भजन और महारास आदि पर नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

जयपुरिया स्कूल में लगी कला प्रदर्शनी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक कला प्रदर्शनी मास्करेड ऑफ आर्ट का आयोजन किया गया। अभी यह स्कूल अभिभावकों के लिए खोली गई है, 24 मार्च से 27 मार्च तक आम लोगों के लिए खोली जाएगी। प्रदर्शनी में भारतीय परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। कथकली के रंगीन मुखौटे और जनजातीय (ट्राइबल) कला के नमूनों के साथ आधुनिक पश्चिमी डिजाइन और एब्स्ट्रैक्ट पेंटिंग्स भी खास हैं।

फटाफट खबरें

'अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से संवरेगा भविष्य'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अक्सर लोग स्पेस टेक्नॉलजी को सिर्फ अंतरिक्ष से जोड़कर ही देखते हैं जबकि पृथ्वी पर भी इसकी उतनी ही उपयोगिता है। युवाओं को इस क्षेत्र में आकर 'इनोवेशन' करना चाहिए। 'रियल इंटेलिजेंस' किताबी ज्ञान नहीं है। खुद की बौद्धिक क्षमता को तराशना चाहिए। ये बातें इसरो के पूर्व चेयरमैन प्रो. एएस किरण कुमार ने कहीं। अंबालिका इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड टेक्नॉलजी में शुक्रवार को अंतरिक्ष विज्ञान पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें इस क्षेत्र की बारीकियों के बारे में बताया।

'अवंती बाई के जीवन से लें प्रेरणा'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस पर शुक्रवार सुबह कैपिटल तिराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अवंती बाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा और स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान दिया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि अवंती बाई का जीवन त्याग, वीरता का अद्वितीय उदाहरण है।

कमिटी करेगी संविदा बहाली का निर्णय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : परिवहन निगम ने अनुबंध संबंधी विवादों के निपटारे के लिए गठित होने वाली 'आर्बिट्रेशन समिति' के स्वरूप में बदलाव किया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब समिति में पांच की जगह तीन सदस्य होंगे। अब क्षेत्रीय प्रबंधक की अध्यक्षता में उपलब्ध अधिकारियों में से किन्हीं दो को शामिल कर समिति का गठन किया जाएगा।

महिला कंडक्टरों की भर्ती 1 अप्रैल को

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: परिवहन निगम ने महिला कंडक्टरों की भर्ती के लिए चौथे चरण के रोजगार मेलों के आयोजन की घोषणा की है। लखनऊ में एक अप्रैल को विशेष रोजगार मेला लगेगा, जहां महिला अभ्यर्थियों को सीधे अनुबंध के आधार पर कंडक्टर के पद पर तैनात किया जाएगा। नोएडा, आगरा, मुरादाबाद और गोरखपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भी एक अप्रैल को ही मेला लगेगा।

नैचरल फार्मिंग का दिया प्रशिक्षण

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत विकास खंड मलिहाबाद के कैथुलिया और तरौना गांव में 125 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। सहायक विकास अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्राकृतिक खेती के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. अरुण कुमार सिंह ने लागत कम करके उत्पादन बढ़ाने और जमीन की उर्वरता सुधारने पर चर्चा की।

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय: आरके टॉवर ऑफिस कॉम्प्लेक्स, बुद्धा स्कूल के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली 243006.

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किश्त/ब्याज/मूल ऋण का भुगतान न करने के कारण, नीचे उल्लिखित खातों को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत देय ब्याज एवं अन्य शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि उनके अंतिम उपलब्ध पते पर पंजीकृत डाक से मांगी थी लेकिन नोटिस या तो बिना सुपुर्दगी लौटा दी गई थी या उनकी पावती प्राप्त नहीं हुई थी और इस तरह उन्हें इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है। हम एतद्द्वारा निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधकदारों से इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों (साठ दिनों) के भीतर, पूर्ण भुगतान होने तक अनुबंधित दर पर और ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहते हैं। डिफ़ॉल्ट रूप से, कानून के तहत उपलब्ध बैंक के अन्य अधिकारों का प्रयोग करने के अलावा, बैंक वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत प्रदान की गई किसी भी या सभी शक्तियों का प्रयोग करने का इरादा रखता है। सुरक्षित ऋण का भुगतान न करने की स्थिति में बैंक द्वारा लागू की जाने वाली सुरक्षित आस्तियों का विवरण भी नीचे दिया गया है।

शाखा का नाम एवं ऋणी/ गारंटर का नाम व पता,	सरफेसी एक्ट 2002 के अंतर्गत मांग नोटिस की तिथि व राशि	सम्पत्ति का विवरण
ऋणी और बंधककर्ता: 1. अमीर अहमद पुत्र ऐजाज अहमद, वार्ड नंबर 10, मोहल्ला कुरैशियां पोस्ट जहानाबाद, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश-262001. **खाता नं.: 170013610308 और 125006407628. शाखा: पीलीभीत (डीपी कोड 2198).**	रुपये 15,61,760.56 + ब्याज व अन्य खर्चे। मांग नोटिस तिथि: 18.03.2026 एनपीए तिथि: 14.03.2026	मैकेट हॉल (भूमि) खाता नं. 210, खसरा नं. 276, स्थित विजय पतियापुर परगना एवं तहसील जहानाबाद, जिला पीलीभीत, मालिक अमीर अहमद पुत्र एजाज अहमद। जिसका कुल क्षेत्रफल: 462.37 वर्ग मीटर। चौहद्दी: पूर्व: एजाज अहमद की संपत्ति, पश्चिम: 3.96 मीटर का रास्ता, उत्तर: 3.96 मीटर का रास्ता, दक्षिण: एजाज अहमद की संपत्ति।
उधारकर्ता और बंधककर्ता: 1. मेसर्स खान ट्रेडर्स (प्रो. श्री नाशिर खान), बीबीआई जरी हदफ, शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश- 242001. 2. श्री नाशिर खान पुत्र श्री नजीर खान उर्फ नादिर खान, मकान नंबर 90, बीबी जई हदफ, किसान पब्लिक स्कूल के पास, शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश- 242001. 3. श्री शफीलुद्दीन पुत्र श्री मिर्जा जलालुद्दीन, मोहल्ला रंगीन चौपाल, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश- 242001. **खाता नं.: 86449740000075 और 86441400001238. शाखा: शाहजहाँपुर (डीपी कोड 18644).**	रुपये 30,47,128.95 + ब्याज व अन्य खर्चे। मांग नोटिस तिथि: 18.03.2026 एनपीए तिथि: 29.11.2022	आवासीय मकान, खसरा संख्या 3, ग्राम छतौना, परगना एवं तहसील सदर, जिला शाहजहांपुर, मालिक श्री नाशिर खान पुत्र श्री नजीर खान के नाम स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 116.17 वर्ग मीटर। चौहद्दी: पूर्व: विक्रेताओं एवं अन्य की भूमि, पश्चिम: विक्रेताओं एवं अन्य की भूमि, उत्तर: विक्रेताओं एवं अन्य की भूमि, दक्षिण: 20 फुट चौड़ा रास्ता।
उधारकर्ता और बंधककर्ता: श्री सुरेश कुमार पुत्र तारा चंद, राम नगर कॉलोनी रोड नंबर 1 इज्जतनगर बरेली, उत्तर प्रदेश-243122. श्रीमती अन्नू पत्नी सुरेश कुमार रोड नंबर 1 राम नगर कॉलोनी रेहपुरा चौधरी, बरेली, उत्तर प्रदेश-243122. जमानतकर्ता: श्री बबला पुत्र पतरस, 46 थाना प्रेमनगर प्यारे लाल कॉलोनी बरेली, उत्तर प्रदेश-243001. **खाता नं.: 98969740000108 शाखा: ग्रीनपार्क (डीपी कोड 4880).**	रुपये 11,88,866.85 + ब्याज व अन्य खर्चे। मांग नोटिस तिथि: 18.03.2026 एनपीए तिथि: 28.09.2024	खसरा नं. 70 की खुली भूमि, प्लॉट नं. 2, परतापुर चौधरी, परगना, तहसील एवं जिला बरेली में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 64.38 वर्ग मीटर, मालिक श्री तारा चंद के पुत्र सुरेश कुमार और श्री सुरेश कुमार की पत्नी श्रीमती अन्नू के नाम से स्थित है। चौहद्दी: (एग्रीमेंट के अनुसार): पूर्व: आराजी कश्यप जी, पश्चिम: गोपाल मिश्रा का मकान, उत्तर: कमला देवी का मकान, दक्षिण: 8 फुट चौड़ा रास्ता।

दिनांक: 21.03.2026 स्थान: बरेली प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक।

लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल : nnlko@up.nic.in वेबसाइट : https://lmc.up.nic.in

संख्या : 465/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 19.03.2026

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 25.03.2026 को मोहरबंद अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लांट एवं ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि (रु. में)	धरोहर धनराशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18% GST	कुल निविदा मूल्य का अंश (रु. में)
1.	नगर निगम जोन-5 के अन्तर्गत चिन्हित नग निगम की भूमि पर बोर्ड लगाने का कार्य।	710195.00	71021.00	05 दिवस	711.00	129.00	840.00
2	नगर निगम जोन-5 के अन्तर्गत अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु सांकेतिक बोर्ड की आपूर्ति का कार्य।	782405.00	78242.00	05 दिवस	783.00	142.00	925.00
3	नगर निगम जोन-5 के अन्तर्गत अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु सांकेतिक बोर्ड की आपूर्ति का कार्य।	782405.00	78242.00	05 दिवस	783.00	142.00	925.00
4	सरोजनी नगर वार्ड प्रथम के अन्तर्गत ग्राम अमौसी में खसरा सं.-567क को सुरक्षित करने हेतु पिलर लगाकर कटीले तार से घेराबंदी का कार्य।	613108.00	61312.00	05 दिवस	614.00	112.00	726.00
5	केसरीखेड़ा वार्ड के अन्तर्गत ओमो नगर रेलवे लाइन के किनारे तालाब के चारो ओर भूमि को सुरक्षित करने हेतु पिलर लगाकर कटीले तार से घेराबंदी का कार्य।	298426.00	29844.00	05 दिवस	299.00	55.00	354.00
6	नगर निगम जोन-5 के अन्तर्गत अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु सांकेतिक बोर्ड फिक्स/स्थापित का कार्य।	526945.00	52696.00	05 दिवस	528.00	96.00	624.00
7	नगर निगम जोन-8 के अन्तर्गत अतिक्रमणमुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु सांकेतिक बोर्ड की आपूर्ति का कार्य।	782405.00	78242.00	05 दिवस	783.00	142.00	925.00
8	नगर निगम जोन-8 के अन्तर्गत अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु सांकेतिक बोर्ड की आपूर्ति का कार्य।	782405.00	78240.00	05 दिवस	782.00	141.00	923.00
9	नगर निगम जोन-8 के अन्तर्गत खसरा सं. 830 अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु कटीले तार से घेराबन्दी का कार्य।	294310.00	29431.00	05 दिवस	294.00	53.00	347.00
10	ग्राम-भाउ़मऊ तहसील-मोहनलालगंज स्थित खसरा सं.-143 क्षेत्रफल 0.873 हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित करने हेतु पिलर लगाकर कटीले तार से घेराबंदी का कार्य।	642628.00	64263.00	05 दिवस	643.00	116.00	759.00
11	ग्राम नटकुर तहसील सरोजनीनगर स्थित खसरा संख्या- 817, 1013, 1019, 1027, 818 एवं 819 की भूमि को सुरक्षित करने हेतु पिलर लगाकर कटीले तार से घेराबंदी का कार्य।	614108.00	61411.00	05 दिवस	614.00	111.00	725.00
12	नगर निगम जोन-8 की अन्तर्गत अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि को सुरक्षित करने हेतु सांकेतिक बोर्ड फिक्स/स्थापित का कार्य।	524351.00	52435.00	05 दिवस	524.00	94.00	618.00
13	नगर निगम जोन-8 कार्यालय में विद्युतिकरण, पॉली कार्बोनेटेड शीट बाहर बनी दुकानों की रंगाई-पुताई छत पर वाटरप्रूफिंग एवं परिसर में इ.आ. सिलेइंग/मरम्मत आदि का कार्य।	825536.00	82554.00	05 दिवस	826.00	149.00	975.00
14	भरवारा मल्हौर वार्ड के अन्तर्गत नन्दपुर में राम प्रवेश के मकान से कूटे के मकान के पास तक नाली एवं सी.सी. सड़क का कार्य।	606482.00	60648.00	05 दिवस	606.00	109.00	715.00
15	नगर निगम जोन-4 के अन्तर्गत निहित निगम की शासकीय भूमियों को सुरक्षित करने हेतु सूचना बोर्ड आपूर्ति का कार्य।	843481.00	84348.00	02 दिवस	843.00	152.00	995.00
16	भरवारा मल्हौर वार्ड के अन्तर्गत देव रेजीडेन्सी गेट नं.-2 के अन्दर रवि के मकान से शुभांश यादव के मकान तक नाली एवं सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य।	840468.00	84046.00	02 दिवस	840.00	151.00	991.00

शर्तें :- 01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (असफल निविदाता को शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **02.** शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग/RTGS/NEFT/डयूली प्लेज्ड FDR/बैंक गारन्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। **03** कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **04.** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **05** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। **06** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र
ईसीआईएल डाक, हैदराबाद-500062

विज्ञापन सं. एनएफसी/01/2026

परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र-हैदराबाद, तेलंगाना, जिर्कोनियम कॉम्प्लेक्स-पझयकायल, तूतिकुडी, तमिलनाडु एवं नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र-कोटा, रावतभाटा, राजस्थान के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में निम्नलिखित पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्रम. सं.	पद का कोड	पद एवं समूह	वेतन स्तर	रिक्तियों की संख्या
1.	12601	वैज्ञानिक अधिकारी/सी (जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी) (ग्रुप 'ए' राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-10 में रू. 56,100/- + एनपीए	अनारक्षित-02 ओबीसी-01
2.	12602	नर्स/ए (ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-7 में रू. 44,900/-	अनारक्षित-08, एससी-01 ओबीसी-01, ईडब्ल्यूएस-01
3.	12603	वैज्ञानिक सहायक/बी (रेडियोग्राफर) (ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-6 में रू. 35,400/-	अनारक्षित-01
4.	12604	वैज्ञानिक सहायक/बी (पैथोलॉजी टेक्नीशियन) (ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-6 में रू. 35,400/-	अनारक्षित-01
5.	12605	फार्मासिस्ट/बी (ग्रुप 'सी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-5 में रू. 29,200/-	अनारक्षित-01
6.	12606	टेक्नीशियन/बी (एक्स-रे टेक्नीशियन) (ग्रुप 'सी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-3 में रू. 21,700/-	अनारक्षित-01

पद कोड 12602 एवं 12605 बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों हेतु उचित है।
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18.04.2026 है। विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु उम्मीदवारों को एनएफसी वेबसाइट https://www.nfc.gov.in अथवा https://www.recruit.nfc.gov.in पर जाना अनिवार्य है।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **INDIAN OVERSEAS BANK** (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

क्षेत्रीय कार्यालय-लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय-चेन्नई

कब्जा नोटिस [नियम 8(1)]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (अचल सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनापत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्देशित किया।
ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर **ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता** और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का प्रतीकात्मक आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है।
ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**, के प्रभारों के अधीन होगा, जैसा कि बकाया राशि व ब्याज खातें के सामने उल्लिखित है।
ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	ऋणी/बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया धनराशि
	शाखा : अमीनाबाद शाखा (0382), गंगा प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी, जिला-लखनऊ-226018, उत्तर प्रदेश, फोन नं. 8925950382, ई-मेल: iob0382@iob.in		
1.	**श्री शराफत अली रैन पुत्र मोहम्मद रफीक रैन**, निवासी-अक्षय एन्क्लेव, बेगरिया रोड, दुबग्गा, काकोरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226101, और मकान संख्या 5/343/11, अम्रपाली योजना, बरावां खुर्द, वार्ड-हरदोई रोड योजना, लखनऊ-226101, उत्तर प्रदेश (ऋणी)	मकान संख्या एच-5/343/11, स्थित अम्रपाली योजना, बरावां खुर्द, वार्ड-हरदोई रोड योजना, लखनऊ, **क्षेत्रफल 40.75 वर्ग मीटर, श्री शराफत अली रैन पुत्र मोहम्मद रफीक रैननाम पर** **चौहद्दी:**-उत्तर: मकान संख्या एच-5/343/16, **दक्षिण:** 6 मीटर चौड़ी सड़क, **पूर्व:** मकान संख्या एच-5/12, **पश्चिम:** मकान संख्या एच-5/10	26.11.2025 / 18.03.2026 / रू. 37,52,521.54 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि
2.	**1) श्री लालू यादव, पुत्र श्री आदित्य प्रसाद यादव**, निवासी-ए-1407/10, ए-ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016, उत्तर प्रदेश **2) श्री अर्जुन प्रसाद, पुत्र श्री आदित्य प्रसाद यादव**, निवासी-ए-1407/10, ए-ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016, उत्तर प्रदेश, और 116, मुंदरवा, मोहा-271311, उत्तर प्रदेश (ऋणी)	सभी भाग व हिस्से मकान संख्या ए-1407/10, इंदिरा नगर, बाबू जगजीवन राम वार्ड, लखनऊ-226016, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 49.92 वर्ग मीटर, स्वामी-श्री लालू यादव एवं श्री अर्जुन प्रसाद** **चौहद्दी:**-उत्तर: मकान संख्या ए-1407/11, **दक्षिण:** मकान संख्या ए-1407/9, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** मकान संख्या ए-1406/2	26.11.2025 / 18.03.2026 / रू. 23,71,818.07 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि
3.	**श्री मो. आसिफ, पुत्र श्री मो. तारिक**, निवासी 290/110 क, अनुपम नगर, मोतीझील, ऐशबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226004	प्लॉट संख्या 6 पर मकान, भूमि खसरा संख्या 748 (एम), सलेमपुर पटौरा, परगना काकोरी, तहसील सरोजिनी नगर, जिला लखनऊ, **क्षेत्रफल 55.762 वर्ग मीटर, श्री मोहम्मद आसिफ पुत्र श्री मोहम्मद तारिक के नाम पर** **चौहद्दी:**-उत्तर: 18 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण:** अन्य की संपत्ति, **पूर्व:** साधना श्रीवास्तव का प्लॉट संख्या 2 एवं 3, **पश्चिम:** प्लॉट संख्या 7	19.11.2025 / 18.03.2026 / रू. 5,37,853.21 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि
4.	**1) श्री मो. आसिफ, पुत्र श्री मो. तारिक**, निवासी 290/110 क, अनुपम नगर, मोतीझील, ऐशबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226004, और 476/066, सीतापुर रोड, पुरानी बांस मंडी, खदरा, निराला नगर, लखनऊ - 226020, उ.प्र. (ऋणी/बंधककर्ता) **2) श्रीमती रेशमा सिद्दीकी, पत्नी मो. आसिफ**, निवासी 290/110 क, अनुपम नगर, मोतीझील, ऐशबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226004, और 476/066, सीतापुर रोड, पुरानी बांस मंडी, खदरा, निराला नगर, लखनऊ- 226020, उ.प्र. (ऋणी)	मकान भाग संख्या 290/110, मदेवां, नई बस्ती, वार्ड-ऐशबाग, जिला- लखनऊ, **क्षेत्रफल 66.635 वर्ग मीटर, श्री मो आसिफ पुत्र श्री मो तारिक के नाम पर** **चौहद्दी:**-उत्तर: रिश्तेदार मकान का भाग, **दक्षिण:** रहमत अली का प्लॉट, **पूर्व:** शुक्ला जी का मकान, **पश्चिम:** 12 फीट चौड़ी सड़क	19.11.2025 / 18.03.2026 / रू. 15,40,896.66 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि
	शाखा : मोती नगर शाखा (1440), महाराजा अग्रसेन विद्यालय, जिला-लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश, फोन नं. 8925951440, ई-मेल: iob1440@iob.in		
5.	**1. श्रीमती अर्चना बाजपेयी पत्नी श्री राज कुमार बाजपेयी**, निवासी: खसरा संख्या 1278, कल्लौली, हाइजिया इंस्टीट्यूट के पास, फैजुल्लागंज-2, परगना, तहसील एवं जिला- लखनऊ-226013, उत्तर प्रदेश और खसरा संख्या 1278 मिनजुमला पर स्थित मकान, ग्राम कल्लौली, वार्ड फैजुल्लागंज, परगना, तहसील एवं जिला-लखनऊ-226013, उत्तर प्रदेश (ऋणी एवं बंधककर्ता) **2. श्री राज कुमार बाजपेयी पुत्र श्री प्रताप नारायण बाजपेयी**, निवासी: 233, ग्राम बनियामऊ, पोस्ट बनियामऊ, सीतापुर-261405, उत्तर प्रदेश और खसरा संख्या 1278 मिनजुमला पर स्थित मकान, ग्राम कल्लौली, वार्ड फैजुल्लागंज, परगना, तहसील एवं जिला-लखनऊ-226013, उत्तर प्रदेश (जमानतकर्ता)	मकान स्थित खसरा संख्या 1278 मिनजुमला, ग्राम कल्लौली, वार्ड-फैजुल्लागंज, परगना, तहसील एवं जिला-लखनऊ-226013, उत्तर प्रदेश, **स्वामिनी-श्रीमती अर्चना बाजपेयी पत्नी श्री राज कुमार बाजपेयी क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट** **चौहद्दी:**-उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, **दक्षिण:** जय प्रकाश चौहान का प्लॉट, **पूर्व:** विक्रेता का प्लॉट, **पश्चिम:** 20 फीट चौड़ा रास्ता	03.12.2025 / 19.03.2026 / रू. 14,07,405.42 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि

दिनांक: 18.03.2026 / 19.03.2026 स्थान:लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है:-
क्रम सं.-1, ई-निविदा संख्या: CPM-GS-IZN-2026-01, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में गतिशक्ति इकाई के लिये जनरल कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,45,36,591.28, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,72,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 (चौबीस) माह।
• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि: 27-03-2026
• उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अंतिम तिथि: दिनांक 10-04-2026, 15:00 बजे तक।
• उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 10-04-2026, 15:30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
• निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति,
मुजाति/डब्लु-519 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

निविदा सं.: सीओ/यूडी/सीपीएम-डीके/325 ई-निविदा सूचना निविदा आईडी: 2026_NCRTC_272248_1

दिल्ली-करनाल नमो भारत कॉरिडोर के चैनेज 100.34 किमी से 136.30 किमी के बीच स्थित मौजूदा सिविल उपयोगिताओं (स्टेशन एवं वायाडक्ट आदि) जैसे सीवर लाइन, जल आपूर्ति मुख्य लाइन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन आदि के स्थानांतरण हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत जानकारी एवं परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app पर 23.03.2026 से 13.04.2026 (1500 बजे तक) देखें।
हस्ता./- सीजीएम/करिडोर

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

ई-निविदा सूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि. पात्र ठेकेदारों से आयआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से दो पैकेट प्रणाली में निम्नलिखित कार्य हेतु विशेष सीमित निविदा आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** विस्तृत डिजाइन परामर्श (डिडिसी) एवं साइट सेवाएं/पर्यवेक्षण – (i) गोवा राज्य में कोंकण रेलवे मार्ग पर मौजूदा 544 मीटर लंबी ओल्ड गोवा सुरंग के समानांतर एक नई सुरंग तथा मौजूदा 1561 मीटर लंबी पेडणे सुरंग के समानांतर दूसरी नई सुरंग के निर्माण हेतु और (ii) मौजूदा ओल्ड गोवा एवं पेडणे सुरंगों के पुनर्वास हेतु। **निविदा सूचना सं.: केआर/डब्ल्यु/09/2025/24, विज्ञापित कार्य लागत:** रु. 17,13,50,000/- (जीएसटी छोड़कर)। **बंद होने की तिथि/समय:** 13.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्ताव/बोली जमा करने हेतु। **पूर्णता अवधि:** 38 (अड़तीस) माह। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण/भागीदारी हेतु कृपया www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल,
इन्दिरा नगर, बांदा

अल्पकालीन निविदा संख्या EDCBNDA-47/2025-26
दिनांक- 20.03.2026
जेम बिड संख्या GEM/2026/B/7374493

कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. विन्ध्यवि(बांदा)-बांदा के अन्तर्गत जमा योजना से 02 नग कॉलोनी कोर्ट के विद्युतीकरण का कार्य।

निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 3,540.00 धरोहर धनराशि : रू0 19,000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि 03 अप्रैल, 2026, 19:00 बजे तक

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र GeM portal : www.gem.gov.in एवं https://dvvnl.org पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जायेगी। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" RO 3663 Dated 20.03.2026

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-20-2026 23:37 Color:

TOI

TIMES INTERNET

TOISA
TIMES OF INDIA SPORTS AWARDS
Powered by
GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH

Yogi Adityanath
Hon'ble Chief Minister, Uttar Pradesh
Chief Guest

WITNESS THE SURGE OF SPORTING SPIRIT IN UTTAR PRADESH.

Experience India's grandest celebration of sporting excellence, bringing together **100+ elite athletes** and **50+ prestigious award categories** under one roof.

21 March 2026 | LUCKNOW

Leander Paes, P. T. Usha, Abhinav Bindra, Anju Bobby George, Harmanpreet Kaur, Mithali Raj, Bhaichung Bhutia

Sandeep Patil, Madan Lal, Kuldeep Yadav, Saina Nehwal, P. R. Sreejesh, P. V. Sindhu, Mirabai Chanu

Sakshi Malik, Ravi Dahiya, Harleen Deol, Shafali Verma, Deepti Sharma, Yogeshwar Dutt, Deepa Malik

Devendra Jhajharia, Sumit Antil, Avani Lekhara, Manika Batra, Lakshya Sen, Sardar Singh, Rani Rampal

Dipa Karmakar, Amit Rohidas, Raj Kumar Pal, Lalit Upadhyay, Sheetal Devi, Jagbir Singh

#MORESWEATMOREGLORY

फटाफट खबरें

विधानभवन के पास प्रदर्शन, मुकदमा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : विधानभवन और लोक भवन के प्रतिबंधित वीवीआईपी सुरक्षा क्षेत्र में जबरन घुसकर प्रदर्शन, नारेबाजी और यातायात बाधित करने के आरोप में अंकित यादव समेत 16 नामजद और 20-25 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। चौकी इंचार्ज दारुलशफा रणवीर सिंह की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। चौकी इंचार्ज ने तहरीर में बताया कि समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं माने, जिससे स्कूली बच्चे, महिलाओं और आम लोगों को भारी परेशानी हुई और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर स्थिति को संभाला जा सका।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : रहीमाबाद के दिलावर नगर गांव में ट्रैक्टर चालक फरहान (22) का शव शुक्रवार को आम के बाग में फांसी से लटका मिला। वह गुरुवार शाम पिता शमशुद्दीन की डांट के बाद घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। शुक्रवार को ग्रामीणों ने नसीम के बाग में शव देखा। चाचा कमरुद्दीन ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

महिला से मोबाइल लूट, आरोपित फरार

■ NBT न्यूज, पीजीआई : सैनिक नगर में महिला से मोबाइल लूट की वारदात सामने आई है, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैलाशपुरी निवासी पूनम तिवारी के अनुसार वह मलकापुर शाम गली नंबर-8 जा रही थी। तभी गणेश मंदिर के पास बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर गली नंबर-12 की ओर फरार हो गया। घटना के तीन दिन बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने केस दर्ज कर फुटेज के आधार पर जांच शुरू की है। समिति अध्यक्ष मजेद्र जोशी ने गश्त बढ़ाने और जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

टप्पेबाज ने जेब से 50 हजार रुपये उड़ाए

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इजरतगंज में साइकल से टक्कर मारकर टप्पेबाजों ने एक युवक की जेब से 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस के मुताबिक इंदिरा नगर निवासी बलराम सोमवार को 50 हजार रुपये जमा करने मार्केटमैन जा रहे थे। इसी दौरान रॉयल स्क्वॉड के पास एक साइकल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गिरने लगे। तभी पीछे से आए दो लोगों ने उन्हें संभालने का नाटक किया। बलराम ने बताया कि जब वह मार्केटमैन में पैसे जमा कर पहुंचे तो जेब से रकम गायब थी। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

ऑटो में महिला की चेन उड़ाई

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर क्षेत्र में टप्पेबाज महिला गैंग ने चलती ऑटो में बीमार महिला की सोने की चेन पार कर दी। सरोजनीनगर निवासी रामचंद्र के अनुसार 16 मार्च को वह अपनी बीमार पत्नी कमला को दवा दिलवाने दुबग्गा ले गए थे। वहां से ऑटो से लौट रहे थे। रास्ते में सवार तीन महिलाओं ने मौका पाकर चेन चोरी कर ली और पुरानी चुंगी पर उतरकर फरार हो गईं। कृष्णानगर थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

युवती को बंधक बनाने वाला गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : ठेठेमऊ निवासी शिवप्रताप को युवती को भगाकर बंधक बनाने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया। युवती की मां की तहरीर पर 18 मार्च को पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी के घर से युवती को बरामद किया था। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार न्यायालय में बयान और शैक्षिक प्रमाण में युवती बालिग पाई गई, जिसके बाद धाराओं में बदलाव कर संशोधित केस दर्ज की गई है। अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।

जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम : पारा के डाबरडेरा में भाजपा कार्यकर्ता ने सपा बूथ अध्यक्ष पर फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। अभिषेक शर्मा उर्फ मोनू के अनुसार सपा के मयंक यादव उर्फ छोटू सपाईकर्मियों पर दबाव बनाकर मनमाने तरीके से काम कराते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रों में सफाई के लिए कर्मचारियों से कहा तो 18 मार्च को मयंक यादव ने फोन कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सुपरवाइजर व कर्मचारियों को हटवाने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित ने पारा थाने में मामला दर्ज कराया है।

दुकानदारों में मारपीट, विडियो वायरल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : जियामऊ स्थित चटोरी गली में मामूली विवाद को लेकर दुकानदारों के बीच मारपीट हो गई। चाय विक्रेता राहुल यादव ने आरोप लगाया कि कुछ युवक उसके ठेले पर आए और सामान फेंकने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए ईंट और कड़े से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

महिला सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शुक्रवार को महिला सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। रैली पुलिस लाइंस से शुरू होकर बादशाहनगर, लेखराज मार्केट और पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। रैली को पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने रिजर्व पुलिस लाइंस ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त अपर्णा कुमार, डीसीपी अपराध अनिल कुमार यादव और एडीसीपी महिला अपराध मोनिका सोनी मौजूद रहे। रैली में 220 पिंक स्कूटी, टीयूवी और पीआरवी वाहनों के साथ करीब 600 पुलिसकर्मी शामिल रहे।

'अनुशासन भाजपा की कार्य पद्धति का हिस्सा'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कैंट विधानसभा क्षेत्र के कैंट मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता एक विचार और एक लक्ष्य के साथ काम करते हैं। अनुशासन भाजपा की कार्य पद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वहीं महिला प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से संयोजक, कैंट विधानसभा क्षेत्र मान सिंह सह संयोजक, विनायक पांडेय मंडल अध्यक्ष रमा देवी, मुकेश कुमार, संतोष गुप्त, संतोष अग्रवाल, वीरेंद्र शुक्ला, अमित शुक्ला, अमरेश प्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे।

PWD दफ्तर में लगी आग, कम्प्यूटर समेत कई दस्तावेज हुए राख

जर्जर वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, विभागाध्यक्ष ने घटना की जांच के लिए आदेश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय स्थित एसबी मुखर्जी ब्लॉक के बगल में आग लग गई। गुरुवार-शुक्रवार देर रात लगी आग में यहां रखी कई अहम फाइलें जल गईं। इसके अलावा कंप्यूटर समेत कई उपकरण और दस्तावेज भी राख हो गए। विभागीय सूत्रों की मानें तो यहां कई प्रॉजेक्ट्स और उनके आगणन से जुड़ी फाइलें भी रखी गई थीं। आरोप है कि मुख्यालय के एक बड़े हिस्से में 50 साल पुरानी बिजली की वायरिंग है। आशंका जताई जा रही है कि देर रात इस पुरानी जर्जर वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष एके द्विवेदी ने इस मामले में विभागीय जांच का आदेश दिया है। इसकी रिपोर्ट सोमवार तक आएगी।

पीडब्ल्यूडी में आग से कई फाइलें जल गईं। हादसे के बाद कमरे में ताला डाल दिया गया।

आरोप लग रहा है कि महकमे के आला अधिकारियों ने पुरानी इमारतों में वायरिंग बदलने की सुध नहीं ली इसकी वजह से यह हादसा हो गया। अवर अभियंता हरि सिंह और रामधनी वर्मा को इसके लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि वायरिंग बदलने का एस्टीमेट बनने के बाद भी इस पर आगे की कार्रवाई नहीं की गई।

राज्यमंत्री का आदेश भी नहीं माना

विभाग के राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह ने 16 मार्च को लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने फाइलों के रखरखाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। मंत्री ने कई जगहों पर फाइलें रखने के तौर तरीकों पर सवाल उठाया था। उन्होंने पुरानी और निष्प्रयोज्य फाइलों को निस्तारित करने का निर्देश भी दिया था। इसके बावजूद फाइलों के रखरखाव की व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस बीच यहां लगी आग में कई फाइलें जल गईं। मंत्री ने कंप्यूटर और उपकरणों को लेकर भी सवाल उठाया था लेकिन समय रहते अधिकारी नहीं जागे। इसका नतीजा हुआ कि आग में कंप्यूटर और उपकरण भी जल गए हैं।

बंथरा में ज़हर खाने से मां-बेटे की मौत

परिवार के मुखिया की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

■ NBT न्यूज, बंथरा

थानाक्षेत्र के नीवा गांव में गुरुवार रात एक ही परिवार के तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि परिवार के मुखिया को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस मामले में एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा का कहना है कि शुरुआती जांच में जहर खाकर आत्महत्या का मामला पता चला है। लेकिन मृतक परिवार ने जहर क्यों खाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

नीवा गांव निवासी रूपनारायण चौरसिया (55) कानपुर रोड स्थित कटी बगिया में चाय-पान की दुकान चलाते हैं। परिवार में उनकी पत्नी तारावती (52), दो बेटे संदीप (30) और कुलदीप (25) और दो विवाहित बेटियां रुचि और ज्योति हैं। गुरुवार शाम छोटा बेटा कुलदीप घर पर था। इसी दौरान रूपनारायण, उनकी पत्नी तारावती और बेटा संदीप दुकान से घर लौटे। कुलदीप ने सभी से भोजन करने को कहा, लेकिन उन्होंने बताया कि वे होटल से ही खाना खाकर आए हैं। इसके बाद कुलदीप भोजन कर बरामदे में सो गया, जबकि तीनों अंदर कमरे में सोने चले गए।

तारावती

संदीप

तीन लोगों के जहर खाने और दो लोगों की मौत के बाद पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची।

पिता को आ रही थीं उल्टियां

शुक्रवार तड़के चार बजे कुलदीप की नींद खुली तो उसने कमरे का दरवाजा खुला देखा और पिता को उल्टियां करते देखा। जब वह अंदर पहुंचा तो मां तारावती और भाई संदीप अचेत पड़े थे। यह देख वह घबरा गया और पड़ोसी व चाचा तेज नारायण को सूचना दी। मौके पर पहुंचे तेज नारायण ने देखा कि दोनों की मौत हो चुकी थी, जबकि रूपनारायण की हालत गंभीर थी। उन्हें तुरंत प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में संदीप की जेब से एक पर्ची मिली है, जिसमें तीनों के आत्महत्या करने की बात लिखी है।

छोटे बेटे पर भी शक

ग्रामीणों में चर्चा है कि छोटा बेटा कुलदीप शराबी प्रवृत्ति का है। जिसको लेकर ग्रामीण उस पर भी संदेह जता रहे हैं। पुलिस की जांच में मृतक संदीप की जेब से एक पर्ची मिली है, जिसमें लिखा है कि हम लोग आत्महत्या कर रहे हैं, इससे परिवार से कोई मतलब नहीं है। हम अपने आप 3 लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

लोन न चुका पाने की चर्चा

ग्रामीणों में चर्चा है कि रूपनारायण ने किसी बैंक से लोन लिया था, जिसकी अदायगी न कर पाने के कारण वह तनाव में थे। उनके घर के बाहर पांच पन्नों की एक नोटिस भी चस्पा मिली, जो फटी हुई थी। उसमें शिवाजीनगर, पुणे और मुंबई ही लिखा था। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले खुद को पेटीएम कर्मचारी बताने वाला एक व्यक्ति भी उनके घर आया था। इसके अलावा परिवार पर आर्थिक संकट था। ग्रामीणों के मुताबिक तारावती दो वर्ष से रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई थी। संदीप भी कुछ वक्त पहले हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों के इलाज में काफी पैसा खर्च हुआ था।

किशोरी का बनाया विडियो, तीन अरेस्ट

■ NBT न्यूज, निगोहां : निगोहां के एक गांव में किशोरी से गैंगरेप के प्रयास और अश्लील विडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि नितिन लोधी, दयानंद और शिवम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। तीनों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह परचून दुकान पर सामान लेने गई थी। वहां गांव के नितिन लोधी ने बताया कि उसके खेत में जानवर चर रहे हैं। किशोरी जब खेत पहुंची तो वहां पहले से नितिन अपने साथियों दयानंद और शिवम के साथ मौजूद था। आरोप है कि तीनों ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके कपड़े उतार दिए और विडियो बना लिया। 17 मार्च को दयानंद ने विडियो वायरल कर दिया, तब परिवार को जानकारी हुई। इसके बाद किशोरी ने घरवालों को आपबीती बताई।

होटल में बंधक बनाकर युवक से लूट, विडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : डेटिंग ऐप ग्राइंडर के जरिए दोस्त बने युवक को चौकी के एक होटल में बुलाकर चार युवकों ने बंधक बनाकर लूटपाट की। पीड़ित के अनुसार आरोपित अभिषेक वर्मा ने उसे मिलने बुलाया था। कमरे में पहुंचने के बाद राजन कश्यप, रिशु कश्यप और शिवम सिंह भी आ गए।

आरोप है कि चारों ने उसे धमकाकर पर्स से 10 हजार रुपये छीन लिए और एटीएम कार्ड से 25 हजार रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर मारपीट कर विडियो वायरल करने की धमकी दी और उसे भगा दिया। इंस्पेक्टर संजय सिंह के अनुसार केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

सस्ते सोने के सिक्के बेचने के नाम पर उड़ाए ₹20 लाख

मुम्बई के कल्याण जीआरपी में पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट, वहां से तालकटोरा थाने ट्रांसफर की गई FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आलमनगर क्षेत्र की अस्पताल संचालिका को सोने के सिक्के सस्ते में बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता को मुंबई बुलाकर ट्रेन में नशीला पदार्थ खिलाया गया और अचेत होने पर आरोपित रुपये लेकर फरार हो गए। मामले की रिपोर्ट पहले मुंबई के कल्याण जीआरपी में दर्ज हुई, जिसे अब तालकटोरा थाने में ट्रांसफर कर दिया गया है।

सरीपुरा निवासी शिवाकी बजरंग अस्पताल की संचालिका हैं। उन्होंने बताया कि कोविड 2021 में उनके पति की मौत हो गई थी। जून 2025 में उन्हें गर्भाशय के कैंसर का पता चला था। केजीएमयू में इलाज के बाद वह मुंबई स्थित टाटा कैंसर हॉस्पिटल इलाज करवाने गई थीं। 20 जुलाई 2025 को उनके पास एक व्हाट्सऐप कॉल आई, जिसमें खुद को दीपक बताने वाले व्यक्ति ने नासिक के जंगल में खजाना मिलने और सोने के सिक्के बेचने की बात कही। पहले 40 लाख रुपये कीमत बताई गई, बाद में 20 लाख रुपये में देने का झांसा दिया गया। 27 जनवरी को वह परिचित नौशाद अली खान के साथ मुंबई रवाना हुईं और 29 जनवरी 2026 को कल्याण पहुंचीं। वहां दीपक और उसका साथी राजू मिले। ट्रेन में दोनों ने उन्हें हलवा खिलाया, जिसके बाद वह अचेत हो गईं। होश आने पर दोनों आरोपित गायब थे और बैग में रखे 20 लाख रुपये भी नहीं मिले। पीड़िता की तहरीर पर कल्याण जीआरपी ने केस दर्ज किया, जिसे लखनऊ ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपितों की तलाश की जा रही है।

नकली सोना देकर ₹10 लाख और जेवर ठगे

■ NBT न्यूज, पीजीआई : पीजीआई थाना क्षेत्र में नकली सोना देकर 10 लाख रुपये और जेवर ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वृंदावन योजना सेक्टर-18 स्थित आसरा एन्क्लेव निवासी रणजय सिंह के अनुसार उनकी पहचान गोरखपुर के कैंपियरगंज निवासी रविंद्र कुमार यादव और उसके पिता रामदुलारे यादव से हुई थी। दोनों ने विदेश जाने की बात कहकर अपनी पैतृक संपत्ति का सोना सुरक्षित रखने के लिए उनके पास रखने की बात कही। विश्वास दिलाने के लिए आरोपितों ने सोने का एक टुकड़ा घिसकर सोनार से जांच कराई, जिसमें करीब 59 प्रतिशत सोना पाया गया। इस पर भरोसा कर रणजय सिंह ने आरोपितों को 150 ग्राम सोने के सिक्के, 10 ग्राम की चेन और 10 लाख रुपये नकद दे दिए। कुछ समय बाद संपर्क करने पर दोनों के मोबाइल नंबर बंद मिले। शक होने पर पीड़ित ने सोने की दोबारा जांच कराई, जिसमें वह नकली निकला। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

ब्रेक लगाते ही बाइक स्लिप, कार ने युवक को रौंदा

■ टीम NBT, लखनऊ

माल क्षेत्र में शुक्रवार सुबह साइकल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। नाराज परिवारीजनों और ग्रामीणों ने कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीएचसी पर करीब साढ़े चार घंटे तक हंगामा किया और पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया।

गंगन खेड़ी निवासी रामशंकर उर्फ बबलू (30) गुरुवार को बहन सुमन के घर करेंद गांव गए थे। शुक्रवार सुबह 11:30 बजे लौटते समय बंधन बैंक के पास सड़क पार कर रहे साइकल सवार को बचाने के लिए उन्होंने अचानक ब्रेक लगाया। बारिश के कारण बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही कार ने उन्हें रौंद दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें सीएचसी माल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच गए और चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने मौके पर पहुंचकर समझाया। करीब साढ़े चार घंटे बाद कार्रवाई के आश्वासन पर लोग शांत हुए। पत्नी पप्पी की तहरीर पर ब्रेजा कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

- कार्रवाई की मांग को लेकर सीएचसी के बाहर हंगामा
- पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

कार की टक्कर से युवक की मौत

मलिहाबाद क्षेत्र में सिरगामऊ निवासी उमेश उर्फ धर्मेंद्र (35) शुक्रवार शाम शिवम के साथ बाइक से लौट रहे थे। सौरा मोड़ के पास कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों दूर जा गिरे। पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया। शिवम का इलाज कर छुट्टी दे दी गई। परिवारीजनों ने पहले पोस्टमॉर्टम से इनकार किया, बाद में पुलिस समझाने पर मान गए।

दूसरों की जान भी जोखिम में डाल रहे

शहर की सड़कों पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी हुसैनगंज, कैंट रोड और अशोक मार्ग पर वाहन चालक बेरोकटोक रॉन्ग साइड गाड़ियां चलाकर अपने साथ-साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डालते नजर आए। मौके मौजूद पुलिस और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया।

काकोरी के मलहा गांव में चार घरों में चोरी

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा के मलहा गांव में गुरुवार रात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। राजेश द्विवेदी के घर से करीब चार लाख की ज्वैलरी और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर ली गई। चोर पीछे के रास्ते छत के जरिए घर में घुसे और बक्सा उठाकर बाहर ले जाकर तोड़ दिया। इसके अलावा शिव सेवक अवस्थी और शरद तिवारी के घर से नकदी चोरी हुई। चंद्रशेखर पाल के घर में चोरी का प्रयास विफल रहा, क्योंकि उनके जागने पर चोर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है।

प्रॉपर्टी डीलर के घर लाखों की चोरी : बिजनौर थाना क्षेत्र के गढ़ी मोहल्ला में चोरों ने प्रॉपर्टी डीलर श्रीराम के घर से लाखों के गहने और नकदी चोरी कर ली। घटना गुरुवार रात की है, जब परिवार घर में सो रहा था। चोर जीने के रास्ते घुसकर संदूक व अटैची के ताले तोड़ ले गए। सुबह सिया दुलारी ने कमरे का ताला टूटा देखा तो घटना का पता चला। पीड़ित के अनुसार करीब पांच लाख के गहने और 50 हजार रुपये गायब हैं।

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी : कृष्णा नगर थानाक्षेत्र बजरंग नगर निवासी अभय आनंद के अनुसार वह 5 मार्च को दिल्ली गए थे। 7 मार्च को नौकरानी ने घर का ताला टूटा देखा और उन्हें सूचना दी। 11 मार्च को लौटकर उन्होंने चोरी की पुष्टि की। चोर घर से चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज से चोरों की तलाश की जा रही है।

सीलिंग तोड़कर दोबारा निर्माण, मुकदमा दर्ज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पीजीआई इलाके में अवैध निर्माण पर एलडीए द्वारा की सीलिंग तोड़कर दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया।

प्राधिकारी के आदेश की अनदेखी और सरकारी कार्रवाई में बाधा डालने के आरोप में गुरुवार को पीजीआई थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में शिकायतकर्ता हिमांशु सिंह पटेल की तहरीर पर अशोक कुमार सिंह समेत अन्य आरोपितों को नामजद किया गया है। एलडीए ने इस भवन को 3 फरवरी को सील किया गया था।

मौसा को घटनास्थल पर ले गई पुलिस, रूटचार्ट बनाकर खंगाले CCTV फुटेज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मड़ियांव के शाहदनगर में किशोरी की मौत की गुत्थी 24 घंटे बाद भी नहीं सुलझ सकी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि के बाद शुक्रवार को पुलिस की टीम मौसा को दोबारा घटनास्थल पर लेकर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। इसके अलावा मौसा द्वारा अपहरण की बात को लेकर भी पुलिस की एक टीम ने रूट चार्ट बनाकर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। अभी तक की जांच में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। मौसा से पूछताछ जारी है।

> मड़ियांव में किशोरी की गोमती में डूबने से मौत का मामला

17 वर्षीय किशोरी मड़ियांव के शाहद नगर में मौसी और भाई के साथ रहती थी। बुधवार रात वह मौसा के साथ दवा लेने निकली थी। घर से निकलने के 45 मिनट बाद ही मौसा ने किशोरी के भाई को फोन कर कहा था कि वह पीपे वाले पुल के पास है और कार सवारों द्वारा किशोरी के अपहरण की बात कही थी। परिवारीजन पीपे वाले पुल के पास पहुंचे तो मौसा नशे में धुत मिला था।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 75 लाख रुपये का साइबर फ्रॉड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बड़े साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। साइबर जालसाजों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर ज्योति भूषण सिंह से 75 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने बताया कि व्हाट्सऐप पर Fisdom app (FISDPRO) के नाम से संदेश आया, जिसमें ट्रेडिंग से भारी लाभ का झांसा दिया गया। भरोसा कर उन्होंने पांच खातों में रकम जमा की, लेकिन निकासी के समय उन्हें ब्लॉक कर दिया गया।

> पीड़ितों ने साइबर थाने में दर्ज करवाई शिकायत

इसी तरह सचिवालय कॉलोनी निवासी शिक्षक रमेश चंद्र त्यागी को मैट्रिमोनियल ऐप के जरिए जाल में फंसाया गया। ईशा देसाई नाम की युवती ने फर्जी मुनाफा दिखाकर उनसे 49 लाख रुपये जमा कराए और बाद में और रकम की मांग की। इंदिरा नगर निवासी ओम नारायण श्रीवास्तव से भी 7.11 लाख रुपये ठगे गए।

वहीं विकास नगर के मुकुंद के खाते से यूपीआई के जरिए 82 हजार रुपये पार कर दिए गए, जबकि महानगर निवासी सतीश चंद पांडेय से फर्जी एजेंट बनकर 94,150 रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनियंत्रित डंपर ने सात पोल तोड़े, घंटों गुल रही बिजली

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा स्थित बसंत कुंज उपकेंद्र के फतेहपुर में गुरुवार रात अनियंत्रित डंपर ने सात बिजली पोल तोड़ दिए, जिससे हजारों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

जानकारी के मुताबिक मौरंग उतारकर लौट रहे डंपर ने पहले एक पोल में टक्कर मारी, जिसके बाद एबीसी केबल के लोड से छह अन्य पोल भी गिर गए। हादसे के बाद चालक फरार हो गया, जबकि क्लीनर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। भागते समय डंपर ने कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया। बिजलीकर्मियों ने अमेठिया फीडर से आपूर्ति बहाल की, लेकिन गोलू होटल के पास ट्रांसफॉर्मर से जुड़े उपभोक्ता 24 घंटे तक परेशान रहे। अवर अभियंता आजाद के अनुसार विभाग को दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। ठाकुरगंज थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि पोल टूटने से फतेहपुर, शाहपुर मस्तेमऊ, लालबाग, बेहरिया, भुल्लर सहित लाखों उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई।

फिटनेस सिस्टम ने बढ़ाई डग्गामारी, खर्च बढ़ा ₹10 हजार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

गाड़ियों की फिटनेस की नई व्यवस्था ने डग्गामारी बढ़ा दी है, जिससे सरकारी राजस्व को न सिर्फ करोड़ों की चपत लग रही है, बल्कि ट्रांसपोर्टरों का भी बड़ा नुकसान हो रहा है। यह खुलासा खुद ट्रांसपोर्टरों ने किया है। दरअसल, गाड़ियों की फिटनेस में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मॉर्थ) के बदलाव से हरदोई की गाड़ियों को लखनऊ के बख्शी का तालाब आना पड़ रहा है। आने-जाने की दूरी 260 किमी से ज्यादा पड़ रही है। ऐसे में चालक रास्ते में सवारियां उठाते हुए आ रहे हैं, जबकि यह नियम के खिलाफ है। इतना ही नहीं आने-जाने में 10 हजार रुपये से ज्यादा का अतिरिक्त भार भी ट्रांसपोर्टरों पर पड़ रहा है। इसको लेकर ट्रांसपोर्टरों ने नाराजगी जताई है। मॉर्थ के नए नियम के अनुसार सिर्फ प्राइवेट ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) पर ही गाड़ियों की फिटनेस होगी। यूपी के 35 जिलों में सरकारी फिटनेस सेंटर काम कर रहे थे, जिन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। अब इन शहरों के लोगों को आसपास के जिलों में फिटनेस करवाने जाना होगा। हरदोई को लखनऊ से कनेक्ट कर दिया गया है। ऐसे में हरदोई का वाहन मालिक बख्शी का तालाब स्थित एटीएस पर फिटनेस के लिए आएगा।

> हरदोई के ट्रांसपोर्टरों ने जताई नाराजगी

हरदोई बस ऑपरेटर्स के पदाधिकारियों ने इसकी लिखित शिकायत भी की है। पदाधिकारियों के मुताबिक कमर्शल वाहनों और ई-रिक्शा की फिटनेस अब लखनऊ ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में ही करवाने का निर्णय गलत है। एक गाड़ी को फिटनेस के लिए ले जाने में डीजल, टोल प्लाजा और ड्राइवर-कंडक्टर के खर्च को मिलाकर लगभग 10,000 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जिसे वहन करना छोटे वाहन स्वामियों के लिए असंभव है। इसके अलावा लंबी दूरी तय करने के दौरान यदि कोई दुर्घटना होती है, तो फिटनेस न होने के कारण बीमा कवर भी नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं ई-रिक्शा और ई-ऑटो एक बार चार्ज होने पर केवल 50 किमी चल सकते हैं, ऐसे में उन्हें 130 किमी दूर लखनऊ ले जाना पूरी तरह असंभव है। हरदोई एआरटीओ ऑफिस में लगभग 8,000 कमर्शल गाड़ियां पंजीकृत हैं। जिले में रोजाना औसतन 100 गाड़ियों की फिटनेस होती है। इतनी बड़ी संख्या में वाहनों की फिटनेस अकेले लखनऊ केंद्र पर होना मुमकिन नहीं लग रहा है।

प्रभावित होगा स्कूली बच्चों का ट्रांसपोर्टेशन

ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि जब बसें फिटनेस के लिए लखनऊ जाएंगी, तो उन रूटों पर डग्गामारी बढ़ जाएगी। कई शिकायतें आने लगी हैं। सबसे गंभीर समस्या स्कूल बसों को लेकर है। लखनऊ केंद्र पर बस की सर्विस और फिटनेस प्रक्रिया में अक्सर 2-3 दिन का समय लग जाता है। ऐसे में स्कूल बसों के सड़क से हटने पर बच्चों को लाने-ले जाने में भारी समस्या होगी और उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। वाहन स्वामियों ने पत्र लिखकर मांग की है कि फिटनेस समाप्त होने के बाद रास्ते में गाड़ी चलाना सरकार की मंशा के विरुद्ध है। एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव परिवहन से इस आदेश पर दोबारा विचार कर पुरानी व्यवस्था को शुरू करने की अपील की है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 03-20-2026 23:58 Color:

फटाफट खबरें

अब विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को मिलेगी पुरानी पेंशन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एडेड इंटर कॉलेजों में पढ़ाने वाले विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को सरकार पुरानी पेंशन देगी। प्रदेश सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। ये विषय विशेषज्ञ बतौर पार्ट टाइम शिक्षक एक अप्रैल 2005 से पहले नियुक्त हुए थे। इनका बतौर स्थाई शिक्षक समायोजन उसके बाद किया गया था। सरकार ने इनको पुरानी पेंशन देने से इनकार कर दिया था। शिक्षक यह कहकर पुरानी पेंशन की मांग कर रहे थे कि उनके समायोजन की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो गई थी, लेकिन आदेश बाद में हुए। इस आधार पर इनको पुरानी पेंशन दी जाए। यह मुद्दा कई बार विधान परिषद में भी उठा था। पुरानी पेंशन की मंजूरी दिए जाने पर आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आशा लता सिंह और माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट के प्रवक्ता डॉ. ओपी त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री और सरकार को धन्यवाद दिया है।

अमोनिया आपूर्ति बहाल, आलू भंडारण संकट टला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में अब आलू भंडारण पर संकट टल गया है। उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि दो दिन के लिए अमोनिया आपूर्ति बंद होने से कोल्ड स्टोरों के सामने संकट खड़ा हो गया था। प्रदेश और केंद्र सरकार के प्रयास से अब अमोनिया आपूर्ति फिर से चालू हो गई है। दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि अमोनिया आपूर्ति करने वाली कंपनियों ने दो दिन के लिए सप्लाई रोक दी थी। इससे प्रदेश के 2357 कोल्ड स्टोरों में रखे करीब 150 लाख मीट्रिक टन आलू के खराब होने का संकट खड़ा हो गया था। इससे किसानों और कोल्ड स्टोर संचालकों को बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रदेश सरकार ने इस पर तत्काल पहल करके केंद्रीय उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से संपर्क किया। केंद्रीय मंत्रियों ने त्वरित कार्यवाही की और दो दिन के भीतर गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल कर दी गई।

CM कल नर्सिंग अफसरों को देंगे नियुक्ति पत्र

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मुख्यमंत्री रविवार को नव चयनित 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। यह नियुक्ति पत्र लोकभवन सभागार में आयोजित समारोह में दिए जाएंगे। इनमें से 492 को सीएम खुद नियुक्ति पत्र बांटेंगे। वहीं, बाकी को लाइव कार्यक्रम के दौरान 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और दो संस्थानों में दिए जाएंगे। उनको स्थानीय जन प्रतिनिधि नियुक्ति पत्र देंगे।

127 निकायों में विकास कार्यों में आएगी तेजी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में सीएम नगर विस्तारीकरण योजना के तहत 127 ऐसे निकायों का चयन किया गया है, जिनकी सीमाओं में विस्तार किया गया है। इनमें नगर निगमों के साथ नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतें भी शामिल हैं। यहां विकास कार्यों के लिए चल रहे कामों के अलावा नए प्रस्ताव भी मांगे गए हैं। यूपी सरकार की तरफ से साल 2027 में यूपी के 63 जिलों के निकायों में इस योजना के तहत विकास कार्य शुरू करवाए गए थे। इस योजना से अब नए जिलों को भी जोड़ने की तैयारी है। सीएम नगर विस्तारीकरण योजना के तहत इस बार करीब 3000 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इस बजट से वित्तीय वर्ष 2026-27 में करवाए जा सकने वाले कामों का ब्योरा मांगा गया है।

बुजुर्गों, एकल महिला को पीएम आवास में ज्यादा मिलेगा अनुदान

आवास विभाग ने जारी किया दिशा निर्देश, निजी डिवेलपरों को आवंटियों के कब्जे के बाद ही अनुदान

Ranvijay.Singh1
@timesofindia.com

लखनऊ : आवास विभाग की तरफ से पीएम आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत सीनियर सिटिजन को 30 हजार और अकेली रह रही महिला को 20 हजार रुपये अतिरिक्त रियायत मिलेगी। प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की तरफ से इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। सीनियर सिटिजन और अकेली महिला को मिलने वाली यह रियायत केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली ढाई लाख की रियायत के अतिरिक्त होगी। आवास विभाग की तरफ से सभी विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों के अध्यक्ष, विनियमित क्षेत्र के नियंत्रक प्राधिकारी और आवास विकास परिषद के कमिश्नर को इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। नए दिशा निर्देशों के तहत इन आवासों का क्षेत्रफल और लागत बढ़ाने के साथ ही निजी डिवेलपरों के लिए आवंटन और रियायत को लेकर नई शर्तें जोड़ी गई हैं।

पीएम आवास योजना के तहत विकास प्राधिकरण, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र और आवास विकास परिषद के अलावा पीपीपी मॉडल और निजी डिवेलपरों को भी अपनी योजनाओं में पीएम आवास के नए दिशा निर्देश तय किए गए हैं। निजी डिवेलपरों के लिए इस योजना के लिए प्रोजेक्ट की नेटवर्थ भी तय कर दी गई है। इसके मुताबिक 3 हेक्टेअर तक के प्रोजेक्ट के लिए 2 करोड़, 3 से 5 हेक्टेअर तक के लिए 5 करोड़, 5 हेक्टेअर से 10 हेक्टेअर तक 10 करोड़ और इससे ज्यादा क्षेत्रफल होने पर हर एक हेक्टेअर पर एक करोड़ का नेटवर्थ तय किया जाएगा। इन आवासों के लिए तीन समितियां भी बना दी गई हैं। राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति में मिशन निदेशक या फिर उनके नामित अधिकारी के अलावा आवास बंधु के निदेशक को रखा गया है। इसके अलावा राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति बनेगी। इसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे, जिसमें एक उपाध्यक्ष समेत 10 सदस्य होंगे।

केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की अध्यक्षता आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव करेंगे। इसमें 14 सदस्य होंगे। इसके अलावा हर जिले में लाभार्थियों का चयन करने के लिए जिला प्रशासन और डूडा की कमिटी बनेगी।

कब्जा देने के बाद ही मिलेगी अनुदान राशि

आवास विभाग की तरफ से जारी दिशा निर्देश में निजी डिवेलपरों के लिए नई शर्तें भी जोड़ी गई हैं। निजी डिवेलपर अब इस योजना के लिए टुकड़ों में पैसा नहीं ले सकेगा। अब पीएम आवास बनाकर लाभार्थी को कब्जा देने के बाद उसे एकमुश्त पूरी रकम मिलेगी। इसके अलावा किफायती किराया आवास बनाने का भी उसे विकल्प दिया गया है। इसके तहत डिवेलपर पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए किफायती किराया आवास बना सकेगा। ऐसा करने पर उसे भू उपयोग परिवर्तन और विकास शुल्क में छूट दी जाएगी।

60 में से 30 हजार ने नहीं करवाई रजिस्ट्री

यूपी में पीएम आवास योजना के तहत विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, विनियमित क्षेत्र और विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में अब तक करीब 60 हजार पीएम आवास बनाकर लाभार्थियों को आवंटित किए गए हैं। हालांकि, दस्तावेज के मुताबिक इनमें से करीब 30 हजार आवंटी ऐसे हैं जो आवंटन के बाद पूरी रकम जमा नहीं कर सके हैं। ऐसे आवंटियों की न तो रजिस्ट्री हो सकी है और न ही उन्हें आवंटित मकानों में उनको कब्जा ही मिल सका है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो इस तरह के आवंटियों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि उन्हें बैंकों से लोन मिल सके ऐसे में उनके लिए सीमित आय के साथ नियमित किस्तें चुकाना मुश्किल होता है।

7.5 लाख करोड़ की नई परियोजनाओं के साथ GBC 5.0 की तैयारी में सरकार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

- 9 वर्षों में 50 लाख करोड़ के मिले निवेश प्रस्ताव, 1.10 करोड़ से अधिक मिलेंगे रोजगार
- चार जीबीसी के माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं

प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने में जुटी योगी सरकार जल्द जीबीसी-5.0 करवाने की तैयारी कर रही है। जीबीसी-5.0 में 7.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किए जाने की तैयारी राज्य सरकार कर रही है।

राज्य सरकार के अधिकारियों के मुताबिक सिंगल विंडो सिस्टम और निवेशक-समर्थित सुधारों के चलते प्रदेश को करीब 30 हजार से अधिक एमओयू के माध्यम से 50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे करीब 1.10 करोड़ रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

प्रदेश को अब तक 50 लाख करोड़ से अधिक के निजी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 1.10 करोड़ रोजगार सृजित होने का अनुमान है। चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा चुकी हैं, जिससे करीब 60 लाख रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। वहीं, 7.5 लाख करोड़ की नई परियोजनाओं के साथ अगली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी है। हजारों नई परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 में उत्तर प्रदेश ने 2.94 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए, जिनमें एआई, डेटा सेंटर, फूड प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और रक्षा निर्माण जैसे सेक्टर शामिल हैं। फार्मा क्षेत्र में भी 10,000 करोड़ के निवेश समझौते प्रमुख कंपनियों के साथ हुए हैं। साथ ही, डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत 197 एमओयू साइन किए जा चुके हैं, जिनसे 34,844 करोड़ निवेश और 52,658 प्रत्यक्ष रोजगार की संभावना है।

मदरसों में अवैध छात्रावास संचालन की शिकायत मानवाधिकार आयोग से

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मदरसा छात्रों की सुरक्षा से जुड़े एक मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने प्रदेश के अनुदानित मदरसों में बिना अनुमति और बिना मानक संचालित छात्रावासों को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने यह नोटिस एक शिकायत की सुनवाई के बाद जारी की। नोटिस के जरिए एसीएस से दो हफ्ते में शिकायत में लगाए गए आरोपों की विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की गई है।

> आयोग ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव को जारी किया नोटिस

बाराबंकी के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद तलहा अंसारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवैध छात्रावासों को लेकर शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि यूपी में संचालित मदरसों में बिना विभागीय अनुमति के छात्र-छात्राओं के छात्रावास चलाए जा रहे हैं। इन छात्रावास में विद्यार्थियों को बहुत दयनीय स्थिति में रखा जा रहा है। छात्रावास में छात्र-छात्राएं जमीन पर लेटने और बैठ कर पढ़ाई करने को विवश हैं। अधिकांश छात्रावास में पर्याप्त वेंटिलेशन, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। विशेषकर महिला छात्रावास की स्थिति बहुत चिंताजनक है, जिससे वहां संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है।

शिकायत में कहा गया है कि कई छात्रावास में महिला वॉर्डन, सीसीटीवी निगरानी, अलग सुरक्षा व्यवस्था और प्रवेश-निकास नियंत्रण जैसे जरूरी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया मानवाधिकार उल्लंघन का मामला माना है। आयोग ने इसको लेकर 18 मार्च को अपर मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिए आयोग ने अवैध छात्रावासों के संचालन पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। साथ ही कहा है कि दो हफ्ते में विस्तृत जांच रिपोर्ट आयोग को सौंपी जाए।

तदर्थ सेवा को अनदेखा नहीं किया जा सकता: हाई कोर्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक निर्णय में स्पष्ट किया है कि यदि नियुक्ति प्रक्रिया विधिसम्मत रही हो और कर्मचारी लगातार सेवा में रहा हो, तो तदर्थ सेवा को भी पदोन्नति के लिए गिना जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा है कि यदि किसी कर्मचारी से कनिष्ठ कर्मचारी को पदोन्नति मिल चुकी है, तो उसे भी उसी तिथि से पदोन्नति का अधिकार है, भले ही उसकी सेवा का नियमितीकरण बाद में हुआ हो। यह फैसला न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मनीष शुक्ला की खंडपीठ ने राज्य सरकार की दो विशेष अपीलों को खारिज करते हुए सुनाया है।

> कोर्ट ने कहा- नियमित सेवा के साथ तदर्थ सेवाकाल की भी गणना होगी

मूल याची अनिल कुमार और शैलेंद्र सिंह आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में जूनियर इंजिनियर के पद पर कार्यरत थे। दोनों वर्ष 1986 में जूनियर इंजिनियर के पद पर तदर्थ नियुक्त हुए थे और बाद में उनकी सेवाएं नियमित की गईं। मामले में विवाद तब उत्पन्न हुआ जब इनके बाद नियुक्ति पाए कर्मचारियों को सहायक अभियंता पद पर 18 जनवरी 1995 से पदोन्नति दे दी गई, जबकि याचियों को इस लाभ से वंचित रखा गया। एकल पीठ ने याचियों के पक्ष में फैसला सुनाया था जिसे राज्य सरकार ने विशेष अपील के माध्यम से चुनौती दी। सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि चूंकि याचियों की सेवाएं उस समय तक नियमित नहीं हुई थीं, इसलिए उन्हें पिछली तिथि से पदोन्नति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने इस दलील को खारिज कर दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि तदर्थ सेवाकाल को भी पदोन्नति के लिए गिना जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि समान परिस्थितियों में पहले ही अन्य कर्मचारियों को लाभ दिया जा चुका है, ऐसे में याचियों को उससे वंचित रखना न्याय संगत नहीं होगा।

19 प्रॉजेक्ट्स के लिए 35 करोड़ की सब्सिडी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत गठित राज्य स्तरीय एम्पावर्ड समिति (एसएलईसी) की 17वीं बैठक शुक्रवार को कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 300 करोड़ के प्रॉजेक्ट्स पर विचार विमर्श किया गया और इनमें से 19 प्रॉजेक्ट्स के लिए 35 करोड़ रुपये की सब्सिडी का अनुमोदन किया गया।

> राज्य स्तरीय एम्पावर्ड समिति की 17वीं बैठक

बैठक में समिति के संज्ञान में लाया गया कि स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पहली और द्वितीय किश्त के रूप में 2023 से अब तक 600 करोड़ रुपये की स्वीकृति की गई है। जबकि, इसके सापेक्ष खर्च 318.64 करोड़ रुपये हुआ। बताया गया कि 353 निवेशकों को अनुदान दिया गया, जिसमें 100 इकाइयों को द्वितीय किश्त और 253 इकाइयों को प्रथम किश्त का भुगतान किया गया है। बैठक में झांसी में मूंगफली प्रोसेसिंग की इकाई स्थापित करने और स्थानीय किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रदीप पटेल को प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी नैबकॉन्स (नाबार्ड की सब्सिडरी यूनिट) के वाइस प्रेसिडेंट एनएल साहू, वरिष्ठ सलाहकार राजा मिथिलेश कुमार और मकैनिकल इंजिनियर श्याम कटारे को उत्कृष्ट सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रीचार्ज के बाद कनेक्शन बहाली में देरी पर आयोग ने बिजली कंपनियों से मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : स्मार्ट प्रीपेड मीटर रीचार्ज के बाद भी कनेक्शन बहाल होने में देरी पर नियामक आयोग ने पावर कॉर्पोरेशन और सभी बिजली कंपनियों से जवाब तलब किया है। तय समय के भीतर कनेक्शन बहाल न होने को नियामक आयोग ने उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न बताते हुए 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, पूरे प्रदेश से ये शिकायतें आ रही थीं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था लागू होने के बाद भी घंटों तक कनेक्शन नहीं जुड़ रहा था, जिसके बाद उपभोक्ता परिषद ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की थी।

- पावर कॉर्पोरेशन समेत सभी बिजली कंपनियों को 15 दिनों में दाखिल करना होगा जवाब
- रीचार्ज के दो घंटे के भीतर कनेक्शन बहाल न होने को आयोग ने बताया उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न

आयोग ने इन बातों का मांगा ब्योरा : राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों से रीचार्ज के 30 मिनट के भीतर बहाल किए गए कनेक्शन की संख्या के बारे में जानकारी मांगी है। साथ ही दो घंटे के भीतर बहाल हुए कनेक्शनों की संख्या, मुआवजा का दावा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या और कनेक्शन बहाली में हुई देरी का कारण पूछा है।

पूरे प्रदेश में 78 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर उपभोक्ता हैं, जिनमें से 70 लाख के मीटर प्रीपेड मोड में काम कर रहे हैं। पावर कॉर्पोरेशन ने 13 मार्च से स्मार्ट मीटरिंग लागू कर दी है, जिसके बाद निगेटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन कट जा रहे हैं। नियम है कि रीचार्ज करवाने के तुरंत बाद कनेक्शन खुद जुड़ जाना चाहिए, जबकि रीकनेक्ट होने की अधिकतम मियाद दो घंटे होनी चाहिए। हालांकि, 13 मार्च से कनेक्शन कटने के बाद तमाम उपभोक्ताओं ने मीटर रीचार्ज करवाया, लेकिन उनमें से कई का कनेक्शन दो घंटे के भीतर नहीं जुड़ा। प्रदेश के कई क्षेत्र में इसे लेकर विरोध प्रदर्शन भी हुए और उपभोक्ताओं ने गुस्सा भी जताया था।

13 से 18 मार्च के बीच 5,79,066 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन निगेटिव बैलेंस होने की वजह से स्वतः कट दिए गए थे। कुछ लोगों ने मीटर रीचार्ज करवाया। इनमें से कई के कनेक्शन समय से जुड़ गए, लेकिन ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या कम नहीं थी, जिनकी बहाली मियाद के भीतर नहीं हुई। आयोग ने रिपोर्ट के आधार पर अंतिम निर्णय लेने की बात कही है।

ज्यादा समय लगा तो उपभोक्ताओं को मुआवजा दें बिजली कंपनियां : उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर रीचार्ज किए जाने के फौरन बाद ही स्वतः जुड़ जाने चाहिए। हालांकि, अपवाद स्वरूप कनेक्शन जुड़ने के लिए अधिकतम 2 घंटे का वक्त रखा गया है। अगर इस मियाद के बाद भी उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन नहीं जुड़ते हैं तो उन्हें 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिए। आयोग ने 1 फरवरी से 20 मार्च तक की विस्तृत जानकारी 15 दिनों में मांगी है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर लगभग 1753 करोड़ का निगेटिव बैलेंस है।

'धन दोगुना' करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी का आरोपित गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : निवेशकों को 'धन दोगुना' करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाली कंपनी के फरार 25 हजार के इनामी निदेशक संतोष किसान को ईओडब्ल्यू ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। संतोष किसन सपकाले गुजरात के सूरत में छिपा हुआ था।

> आस्था इंटरनैशनल लिमिटेड/ आस्था गोट फार्मिंग इंडिया लिमिटेड के नाम बनाई थी कंपनी

ईओडब्ल्यू के मुताबिक संतोष वह लगातार लोकेशन बदल रहा था। जांच में सामने आया है कि संतोष और उसके सहयोगियों ने आस्था इंटरनैशनल लिमिटेड/आस्था गोट फार्मिंग इंडिया लिमिटेड के नाम से कंपनी स्थापित की थी। कागजों में कंपनी का काम पशुपालन और लाइव स्टॉक से जुड़ा बताया गया, लेकिन हकीकत में बिना आरबीआई में पंजीकरण करवाए गैर-बैंकिंग वित्तीय गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जो आरबीआई ऐक्ट की धारा 45-आई(ए) का उल्लंघन है। कंपनी ने यूपी के वाराणसी सहित उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में एजेंट और लीडर नियुक्त कर निवेश योजनाओं का प्रचार किया।

निवेशकों को पांच साल में धन दोगुना करने का लालच दिया गया, लेकिन परिपक्वता अवधि पूरी होने पर न तो पैसा लौटाया गया और न ही जारी चेक क्लियर हुए। इस तरह करीब 3.61 करोड़ रुपये की ठगी की गई। ईओडब्ल्यू के अनुसार इस प्रकरण में नामजद और प्रकाश में आए सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी पूरी कर ली गई है।

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रसारित) । शनिवार, 21 मार्च 2026

महंगाई का डर
इंडस्ट्रियल डीजल के दाम बढ़े

भारत के पेट्रोल मार्केट में इसके प्रीमियम वैरिएंट की हिस्सेदारी बहुत कम है, केवल 2 से 4% तक। लेकिन, इसका 2.35 रुपये तक महंगा होना बताता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से तेल-गैस पर दबाव बढ़ता जा रहा है और शायद कंपनियों के लिए इसे संभालना मुमकिन न रहे। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है।

रिफाइनरी पर हमले । मौजूदा संघर्ष में तेल-गैस ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद से ग्लोबल मार्केट में अफरातफरी का माहौल है। कुवैत ने बताया कि शुक्रवार को भी ईरान ने उसकी मीना अल अहमदी रिफाइनरी पर हमला किया, जिसके बाद इसके कुछ हिस्सों को बंद करना पड़ा। सऊदी, UAE और कतर - इन सभी की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जिससे सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ा है।

प्रीमियम पेट्रोल भी महंगा

गिरता रुपया । संकट से निपटने के लिए भारत अपने आयात में विविधता ला रहा है। लेकिन, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमत परेशानी बनी हुई है। क्रूड अब भी 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जबकि सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध जारी रहा तो दाम 180 डॉलर के पार भी जा सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भारत के लिए परेशानी और बढ़ गई है। उसे तेल की खरीद के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। शुक्रवार को रुपया टूटकर 93.71 पर पहुंच गया।

उपभोक्ताओं पर बोझ । भारत में तेल की कीमतें बाजार स्थितियों के हिसाब से कंपनियां तय करती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्टैंडर्ड पेट्रोल के दाम नहीं बढ़े हैं, लेकिन आखिरकार प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल का बोझ उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में करीब 21 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसका इस्तेमाल भारी उद्योगों और हेवी मशीनरी में किया जाता है। इसका दाम बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ सकती है, उद्योगों का मुनाफा घटेगा और कई सामान महंगे हो सकते हैं। कमर्शल LPG संकट की वजह से पहले ही काफी असर पड़ रहा है।

वास्तविक समाधान । जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत 6 देशों ने होर्मुज स्ट्रेट को आवाजाही के लिए सुरक्षित बनाने में सहयोग करने की बात कही है। यह बढ़ते ऊर्जा संकट का नतीजा है कि इन देशों को मजबूरी में इस मामले में उतरना पड़ रहा है। हालांकि वास्तविक समाधान अमेरिका-इस्राइल और ईरान के हाथ में है। दोनों पक्षों को शांति के लिए प्रयास करने चाहिए, यही पूरी दुनिया के हित में होगा।

खुले मन से
नाले से गैस पर मीम क्यों, चूल्हे क्यों नहीं जले

सुधीर मिश्र

गुलजार ने लिखा है-

चूल्हे नहीं जलाए कि बस्ती ही जल गई
कुछ रोज हो गए हैं अब उठता नहीं धुआं

जब से कुकिंग गैस की समस्या पैदा हुई तब से नाले से गैस वाली मीम लगातार वायरल हो रहे हैं। बरसों पहले एक भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाले की गैस से चूल्हा जलाए जाने का उदाहरण दिया था। इस पर काम तो ठीक से हुआ नहीं, उल्टे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही भाषणबाजी और एक-दूसरे पर सियासी हमले करने में ही मगन रहे। अब आप दूसरी तरफ सिंगापुर, जापान, यूरोप और कनाडा को देखें तो वहां हर किस्म की गंदगी, कूड़े और बायोवेस्ट को एनर्जी और सीबीजी यानी कंप्रेस्ड बायोगैस में बदला जा रहा है। लोग अगर नाले से गैस वाली बात को मीम बना रहे हैं तो इसलिए क्योंकि सरकारी महकमों ने कभी इस पर ध्यान ही नहीं दिया कि कचरा गंदगी कितने बड़े संसाधन हैं। जापान में कचरे से बिजली बनती है, सिंगापुर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट ऊर्जा पैदा करते हैं। यूरोप के कई शहरों में मल-मूत्र से बायोगैस बनाकर बसें चल रही हैं और घरों में खाना पक रहा है। वहां कूड़ा समस्या नहीं, संसाधन है। हमारे यहां संसाधन भी समस्या बन जाता है। भारत में रोज लाखों टन जैविक कचरा पैदा होता है, करोड़ों पशु हैं, उनका मल है, कृषि अवशेष या पराली आदि जलाए जाते हैं और शहरों के खुले नाले बहते हैं, लेकिन खाना पकाने के लिए हमें समुद्र पार से गैस के जहाज बुलाने पड़ते हैं।

अभी जब ईरान अमेरिका इस्राइल का युद्ध शुरू हुआ है तो लोगों का ध्यान इस ओर जाना शुरू हुआ। हम अरबों डॉलर एलपीजी आयात पर खर्च कर रहे हैं। दूसरी तरफ कचरे और गंदगी पर भी अरबों खर्च हो रहा है। उज्ज्वला योजना में घर-घर सिलिंडर पहुंचा देना एक सामाजिक उपलब्धि थी, इसमें कोई शक नहीं। धुआं न होने से महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरा, जीवन आसान हुआ, लेकिन अब सवाल यह है कि क्या हमने सुविधा के साथ दूरदर्शिता भी जोड़ी?

सिलिंडर ने रसोई को स्वच्छ तो बनाया, पर ऊर्जा को विदेशी बना दिया। बरसों पहले गांवों में गोबर गैस प्लांट लगाए गए, लेकिन उन्हें पूरी तरह से उपयोगी और गांव को ईंधन और ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का अभियान नहीं चलाया गया। हमारी रसोई का भविष्य अब खाड़ी देशों की राजनीति, समुद्री बीमा दरों और वैश्विक युद्धों के हालात पर निर्भर है। जिस देश में गोबर से घर लीपे जाते थे, उसी देश में गोबर से गैस बनाना अब आउटडेटेड माना जाता है।

नीतियां ऐसी बनी हैं जो तत्काल फायदे के चक्कर में दूर की सोच नहीं रखतीं। जैसे एलपीजी सब्सिडी देना आसान है, पर बायोगैस प्लांट बनाना कठिन। सिलिंडर बांटना दिखता है, सियासी फायदे देता है, लेकिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट वोट नहीं दिलाता। इस बीच जापान जैसे देश चुपचाप अपने कचरे को 'सोना' बना रहे हैं। सिंगापुर समुद्र में जमीन बना रहा है और हम कूड़े के पहाड़ बना रहे हैं। यह तकनीक का नहीं, सोच का फर्क है। भारत में हर साल लाखों टन कृषि अवशेष जलाए जाते हैं। दिल्ली की हवा जहरीली होती है, खेतों की मिट्टी कमजोर होती है और ऊर्जा आसमान में धुआं बनकर उड़ जाती है। अगर यही अवशेष बायोगैस या कम्प्रेस्ड बायोगैस में बदले तो लाखों सिलिंडर के बराबर ईंधन मिल सकता है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल रिफाइनरी या इंपोर्ट से नहीं आएगी। यह तब आएगी जब गांव का कचरा गांव के लिए गैस बनाएगा, शहर का नाला शहर के लिए बिजली बनाएगा, घर की छत पर घर के लिए बिजली बनेगी। शायद तब नाले की गैस पर हंसने वाले लोग उसी गैस से बनी चाय पी रहे होंगे क्योंकि ऊर्जा का असली स्रोत जमीन के नीचे का तेल नहीं, दिमाग के अंदर का विचार होता है। लिहाजा अब जो मीम बनाए जा रहे हैं, उससे जिम्मेदारों को परेशान होने के बजाए चिंतन-मनन करने की जरूरत है और जो उन्हें चिढ़ाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, उन्हें कुछ मीम आगे का रास्ता दिखाने वाले भी बनाने चाहिए। बहरहाल, सिलिंडर की मारामारी में लोगों का जो हाल है उस पर सादिया सफदर सादी का यह शेर और बात खत्म कि-

हमारे सांस होंगे दुख का सालन
हमारा दिल जो चूल्हा बन रहा।

होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट से रूसी तेल की मांग बढ़ी, दाम बढ़ने से अरबों का मुनाफ़ा

अभी युद्ध का असली विजेता रूस है

अमेरिका और ईरान का टकराव दिखाता है कि एक जगह का संकट पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकता है। पिछले महीने हुए हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। हमलों और जवाबी कार्रवाई से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में रुकावट से तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इस स्थिति ने दूसरी बड़ी ताकतों को भी अपनी रणनीति बदलने का मौका दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय राजनीति और पेचीदा हो गई है।

हर्ष वी. पंत

AI Image

आर्थिक फायदा । व्लादिमीर पुतिन के लिए यह टकराव एक अजीब रणनीतिक स्थिति बनाता है। रूस ने हमलों की आलोचना की और ईरान को कुछ खुफिया जानकारी भी दी, मगर वह इसमें सीधे शामिल नहीं हुआ। उसकी प्राथमिकता यूक्रेन है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पश्चिम का ध्यान बंटा है, जो रूस के लिए फायदेमंद हो सकता है। उसे युद्ध से आर्थिक फायदा हो रहा है। लड़ाई शुरू होते ही तेल की कीमतें बढ़ गईं। इससे रूस की कमाई बढ़ी, क्योंकि उसका तेल भी महंगा बिका। होर्मुज में रुकावट से एशियाई देशों ने नए सप्लायर ढूंढे, जहां रूसी तेल एक आसान विकल्प बन गया और उसका बाजार बढ़ा।

कमाई बढ़ेगी । यह कोई छोटी-मोटी घटना नहीं है। रूस के बजट का 30–45% हिस्सा तेल और गैस से आता है। कीमतें बढ़ने से उसकी अरबों डॉलर की अतिरिक्त कमाई हो सकती है, जो उसकी युद्ध अर्थव्यवस्था और यूक्रेन में सैन्य अभियान को मजबूत करेगी। यूरोपियन यूनियन के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा ने रूस को इस संकट का सबसे बड़ा विजेता बताया। उनका कहना है कि ऊंची ऊर्जा कीमतों से रूस को फायदा मिल रहा है, जबकि संसाधन अलग-अलग मोर्चों पर बंट रहे हैं। हथियार और रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल अन्य जगह होने से यूक्रेन की सुरक्षा भी कमजोर पड़ सकती है।

कीव कमजोर । अमेरिका और इस्राइल के ऑपरेशनों में प्रिसिजन-गाइडेड हथियार, पैट्रियट इंटरसेप्टर और उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल हो रहा है। इनका उपयोग रूस के खिलाफ संघर्ष में यूक्रेन की मदद के लिए किया जा सकता था। अगर इनकी थोड़ी भी कमी हो जाती है, तो कीव का एयर डिफेंस और लंबी दूरी तक हमला करने की क्षमता कमजोर पड़ सकती है। ऐसे मौके का रूस अपनी अगली सैन्य योजना में फायदा उठा सकता है।

ईरान की निर्भरता । भू-राजनीतिक स्तर पर देखें तो यह संकट रूस और ईरान के बढ़ते संबंधों को और मजबूत करेगा। 2025 के समझौते के बाद दोनों के बीच सैन्य और खुफिया सहयोग बढ़ा है। यूक्रेन में रूस ईरानी ड्रोन के बदले खुफिया जानकारी और कुछ मदद भी दे सकता है। कमजोर होती ईरान सरकार रूस पर ज्यादा निर्भर हो सकती है, जिससे पश्चिम एशिया में उसका प्रभाव बढ़ेगा। फिर भी इसे रूस की बड़ी ताकत मानना गलत होगा, क्योंकि वह इन हमलों को रोक नहीं पाया और न ही ईरान की रक्षा कर सका। इससे साफ है कि सहयोग के बावजूद रूस सीधे सैन्य हस्तक्षेप से बचना चाहता है।

मुश्किल भी । कहा जा रहा है कि यह संकट लंबे समय में रूस के खिलाफ भी जा सकता है। अगर ईरान की सरकार गिरती है या उसे अमेरिका के साथ समझौता करना पड़ सकता है, तो रूस अपना एक अहम सहयोगी खो देगा। बशर अल-असद के कमजोर होने के बाद सीरिया में उसकी स्थिति पहले ही कमजोर चुकी है। साथ ही, हमलों में ईरानी ड्रोन बनाने की फैक्टरियों को नुकसान होने से रूस को मिलने वाली सैन्य सप्लाई भी रुक सकती है।

बदलती भू-राजनीति
- तेल-गैस की कमाई से रूसी अर्थव्यवस्था को मिला सहारा
- वेस्ट का ध्यान हटने से कमजोर पड़ सकता है यूक्रेन
- मौजूदा संकट से और करीब आएंगे रूस और ईरान

तात्कालिक फायदे । असल में, रूस तेल से ज्यादा कमाई, पश्चिम का ध्यान बांटकर और ईरान पर असर बढ़ाने जैसे तात्कालिक फायदे लेना चाहता है। इसलिए, यह रणनीति जोखिम भरी है। लंबा संघर्ष क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ा सकता है और रूस के निवेश व प्रभाव को नुकसान पहुंचा सकता है। अगर अमेरिका-इस्राइल जल्दी सफल होते हैं, तो वेस्ट का ध्यान फिर से यूक्रेन पर जा सकता है।

स्थिति अस्पष्ट । भले ही अभी अलग-अलग रूप से रूस को फायदा मिलता दिख रहा है, लेकिन यह स्थिति हमेशा ऐसी नहीं रहने वाली। इतिहास गवाह है कि बाहरी संघर्ष बड़े देशों को कुछ समय के लिए फायदा देते हैं, पर लंबे समय तक नहीं टिकते। रूस अभी फायदा उठा रहा है, लेकिन क्या वह इसे स्थायी ताकत में बदल पाएगा, यह अभी साफ नहीं है।

(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं)

AI Image

बीमारी न बन जाए दवा

डायबिटीज और मोटापे के इलाज में कारगर सेमाग्लूटाइड का पेटेंट खत्म हो गया। इससे सस्ती जेनरिक दवाओं की एंट्री होगी। इलाज के अवसर तो बढ़ेंगे, लेकिन कुछ सावधानी भी जरूरी है।

5 पॉइंट

1 सस्ते विकल्प आएंगे
सेमाग्लूटाइड का पेटेंट खत्म होते ही ओजेम्पिक (Ozempic) और विगोवी (Wegovy) के सस्ते विकल्प बाजार में आएंगे। अभी ये महंगी हैं, इसलिए इनकी पहुंच भी सीमित है। उपलब्धता बढ़ने से कोई खरीद सकेगा।

2 स्लिम बनने की चाह
अभी मोटापा और डायबिटीज कम करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है। सस्ती होने पर लोग स्लिम होने के लिए भी इसे लेने लगेंगे। इससे दवा का मूल उद्देश्य प्रभावित हो सकता है।

3 अन्य बीमारियों का जोखिम
सस्ती GLP-1 दवाएं लाखों मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। मगर, विशेषज्ञों का कहना है कि बिना जरूरत इसके सेवन से लंबे समय में किडनी या थायराइड जैसी बीमारियों का भी जोखिम है।

4 एंटीबायोटिक्स जैसा हाल
चिंता है कि एंटीबायोटिक्स की तरह लोग इसे भी ओवर-द-काउंटर यानी बगैर प्रिस्क्रिप्शन के खरीदने लगेंगे। क्लीनिक, वेलनेस सेंटर और अनौपचारिक सप्लाई चेन इसे प्रोत्साहित करेंगे, जिससे दुरुपयोग का खतरा है।

5 सख्त नियमन की दरकार
सरकार, डॉक्टरों-अस्पतालों और उद्योग को दवा वितरण के कड़े नियम बनाने होंगे। सही मरीजों तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। गलत उपयोग, ओवर सेल पर निगरानी जरूरी होगी।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

निष्पक्ष होना काफ़ी नहीं, दिखना भी ज़रूरी

*चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच का रिश्ता इस समय सबसे निचले स्तर पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लेकर आया है। SIR को लेकर उसके सवाल हैं और आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह। इस बीच 5 राज्यों के चुनाव भी होने हैं। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने **अजय प्रताप तिवारी** के साथ बातचीत में माना कि केवल सही निर्णय लेना पर्याप्त नहीं है, जनता और विपक्ष का भरोसा जीतने के लिए पारदर्शिता भी जरूरी है।*

सप्ताह का इंटरव्यू
ओ.पी. रावत



> **cVIGIL जैसे डिजिटल सुधार और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की नई प्रक्रिया सकारात्मक कदम है, लेकिन राजनीतिक दबाव के बीच अपनी स्वायत्तता बरकरार रखना आयोग के लिए आज बड़ी चुनौती है।**

■ **विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया है। क्या इससे आयोग की विश्वसनीयता प्रभावित होती है या महज राजनीतिक असहमति है?**

विपक्षी दलों के ऐसे कदम से विश्वसनीयता पर असर पड़ता है। संवैधानिक संस्थाओं के बारे में आम राय होती है कि वे हमेशा कमजोर पक्ष यानी विपक्ष के साथ सहानुभूति बरतेंगी। शक्तिशाली अपने बल से अपना काम करवा लेता है, लेकिन कमजोर को यह भरोसा होना चाहिए कि संस्था उसके साथ न्याय करेगी और निष्पक्ष रहेगी।

■ **चुनावों से ऐन पहले SIR कराने पर कई सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि सत्तारूढ़ पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा। आपके ख्याल से ऐसी प्रक्रियाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए किन मानकों का पालन करना चाहिए?**

चुनाव आयोग के लिए Special Intensive Revision कानूनी बाध्यता है और उन्हें यह करना होता है। मतदाता सूची में संशोधन चुनावों से पहले ही होता आया है। इसलिए, इसमें आयोग की कोई गलती नहीं। यह उनका काम है। हां, जिन तरीकों पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं, उन पर गंभीरता से सोचना होगा। निष्पक्षता साबित करने के लिए सबसे पहले आपको निष्पक्ष दिखना होगा। उत्तर प्रदेश में SIR की तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई, मगर अन्य राज्यों में ऐसा नहीं हुआ। वहां के मुख्यमंत्री तक ने कह दिया कि हमारे 4 करोड़ मतदाताओं के नाम कट गए। इसी पर विपक्ष ने कहा उनके लिए मियाद बढ़ाई गई है। निश्चित रूप से इससे आयोग की छवि को नुकसान पहुंचा है। किसी भी संवैधानिक संस्था को हमेशा अपनी विजिबिलिटी पर ध्यान देना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि केवल हमें लगे कि हम निष्पक्ष निर्णय ले रहे हैं और जनता का भरोसा खोते रहें।

■ **संवैधानिक संस्था होने के बावजूद अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर जनता भी सवाल पूछ रही है। आयोग के लिए यह स्थिति कितनी चुनौतीपूर्ण है?**

आयोग के जिन फैसलों का विरोध हो रहा है, उसे उस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अगर कोई राजनीतिक दल विरोध जता रहा है, तो तुरंत उसकी जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। इससे लोगों को भरोसा होगा कि आयोग निष्पक्ष है।

■ **पश्चिम बंगाल समेत 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव की घोषणा की गई है। इसमें क्या चुनौती हो सकती है, खासकर बंगाल में?**

चुनाव के वक्त आयोग के सामने कई चुनौतियां रहती हैं। आयोग की हमेशा कोशिश रहती है कि किसी भी राज्य में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो जाए। वहां भी चुनाव आयोग ऐसा ही करेगा।

■ **क्या कुछ बरसों में आयोग पर राजनीतिक दबाव बढ़ा है या यह स्वाभाविक स्थिति है?**

पूरी दुनिया में जहां भी लोकतंत्र है, वहां यह स्वाभाविक स्थिति है। चुनाव आयोग ने शुरू से बिना किसी प्रभाव के काम किया है। पूरी दुनिया में भारत के चुनाव आयोग की छवि साफ-सुथरी रही है। इसलिए आगे भी ऐसी स्थिति बरकरार रखने के लिए आयोग और उनके अधिकारियों को तय करना होगा कि हमेशा सही निर्णय लेना भर पर्याप्त नहीं है, आपके फैसले पूरी तरह निष्पक्ष दिखने चाहिए।

■ **विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि चुनाव में अनियमितता की शिकायतों की जांच में देरी होती है। इसके कारण क्या है?**

देरी के कई कारण हो सकते हैं। चुनाव आयोग का cVIGIL एप्लिकेशन काफी प्रभावी है। लोगों की शिकायत दर्ज करने और उन पर कार्रवाई करने के लिए इसे तैयार किया गया है। इसके जरिये शिकायतकर्ता जान सकता है कि उसकी शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई। आयोग ने इसके लिए 100 मिनट की समयसीमा तय की है। 2019 के लोकसभा चुनावों में cVIGIL के बेहतरीन परिणाम मिले थे। अभी जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए।

■ **चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और उनकी जवाबदेही को और मजबूत कैसे किया जाए?**

अब तक किए गए सुधार सही दिशा में हैं। पहले सरकार चुनाव आयुक्त नियुक्त करती थी, लेकिन अब समिति बनाई गई है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष भी शामिल होते हैं। इससे निष्पक्षता बढ़ी है। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। इससे चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हुई है।

www.nbt.in

गमला बन गया CCTV कैमरा

कुछ दिनों पहले एक कब्रिस्तान के सामने से गुजर रहा था तो वहां लगे बोर्ड पर नजर गई, आप कैमरे की नहीं, अल्लाह की नजरों में हैं। पिछले साल कुंभ मेले में जब एक दिन में करोड़ों के स्नान की बात आने लगी थी तब दुनिया हैरान में थी कि गिना कैसे? जवाब आया था- AI से। एक हिंदी फिल्म आई थी, उसमें हीरो भागकर मुंबई चला जाता है। उसके राजनीतिक रसूख वाले चाचा से पुलिस अफसर कहता है कि लड़के का कोई फोटो दिलवाइए, नहीं तो इतने बड़े शहर में ढूंढेंगे कैसे। वह तुरंत पलट कर पुलिसवाले से पूछता है, क्यों जब फोटो नहीं खींचे जाते थे, तब क्या लड़के नहीं ढूंढे जाते थे?

दुनिया में CCTV कैमरा नमूदार होने और AI के जलवे के बीच के दौर में दुनिया में कोरोना आया था। उस समय घर से निकलना बंद था, हालांकि शहरों में जरूरी सामानों के दुकानदारों और गांवों में किसानों को इससे छूट थी। लेकिन कई बंदिशें तब भी लागू थीं और लोग महामारी की चपेट में आ रहे थे। ऐसे दौर में जब वर्क फ्रॉम होम की सुविधा उपलब्ध होने की वजह से मैं करीब दस महीने घर रहा था। अपने खाने लायक खेती आज भी हमारी होती है। उस समय मैंने वहां रहते हुए यह तय किया कि इस बार सोनाचूर की जगह काला नमक धान बोएंगे। चूंकि इसके बारे में काफी चर्चा सुन चुका था। अब काला नमक का बीज आए कहां से? बीज आया यूपी के सिद्धार्थ नगर से। वहां से सड़क मार्ग से लखनऊ, फिर वायु मार्ग से पटना और सड़क मार्ग से बक्सर। हालांकि बीज में कुछ फॉल्ट निकला और इसे दोबारा गोरखपुर से मंगाना पड़ा। खैर, खेती शुरू हुई। दिक्कत यह थी कि मैं जिला मुख्यालय में था और गांव वहां से पंद्रह किमी दूर। उसी दौर में मुझे कोरोना हो गया। बाहर निकलना बंद। मैंने CCTV कैमरे को ध्यान में रखकर सोचा। इसके बाद कुछ बीज पास रखकर बाकी गांव भिजवा दिया गया। जिस दिन गांव में बीज पड़ा, उसी दिन मैंने एक छोटे से डब्बे में कुछ बीज डाल कर नर्सरी बनाई। उधर, जिस दिन नर्सरी से उखाड़ कर धान खेत में रोपे गए, उस दिन मैंने पौधे उखाड़ कर नादनुमा गमले में रोप दिए। जितनी बढ़त यहां पौधों की हो रही थी, उससे बिना खेत में गए यह अंदाजा लग रहा था कि वहां पौधों की ग्रोथ कैसी है? समझिए यह गमला CCTV कैमरा ही था। अब गांव में फोन पर बात करने में मजा आने लगा था। आज तो पौधे दो फुट तक लंबे हो गए हैं। हो गए होंगे कि जगह हो गए हैं, सुनकर गांव में लोगों को आश्चर्य होता था। कैमरे का राज बहुत दिनों तक नहीं खुला। इसी दौरान मैंने नाद वाले गमले का फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर इतना ही लिखा- CCTV। आज भी मेरे कई साथी फोन कर उसका अर्थ पूछते हैं।

खुद अपनी आंख से
नवीन कृष्णा

चलते-चलते...

एक हालिया रिसर्च बताती है कि मलेरिया के लिए जिम्मेदार परजीवी **Plasmodium falciparum** में 'रॉकेट इंजन' की तरह एक सूक्ष्म सिस्टम होता है। इसकी कोशिका में मौजूद छोटे-छोटे लौह (हीम) क्रिस्टल तेजी से घूमते रहते हैं। इन क्रिस्टल को हाइड्रोजन पेरॉक्साइड के पानी और ऑक्सीजन में टूटने से एनर्जी मिलती है। इसी की वजह से इस परजीवी पर केमिकल्स का असर नहीं होता।

रीडर्स मेल

संघर्ष का असर

20 मार्च का संपादकीय 'गहराता ऊर्जा संकट' पढ़ा। यदि इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमला वहां की सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से किया है, तो निकट भविष्य में यह लक्ष्य पूरा होता नहीं दिखता। लेकिन इस संघर्ष ने दुनिया को एक बड़े ऊर्जा संकट के खतरे का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में से एक साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इससे गैस उत्पादन में गिरावट आने की आशंका है, जिसका असर वैश्विक आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे देशों के लिए इसके परिणाम चिंताजनक हो सकते हैं। उर्वरक, इस्पात और रसायन उद्योग गैस पर काफी निर्भर हैं- ऐसे में इनकी रफ्तार धीमी पड़ सकती है या उत्पादन ठप भी हो सकता है।

बाल गोविंद, नोएडा

युद्ध की नीति

18 मार्च का संपादकीय 'ताक पर मानवता' अत्यंत प्रासंगिक है। आज पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के हालात को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानवता कहीं खोती जा रही है। युद्ध अब केवल शक्ति प्रदर्शन और विनाश का साधन बनकर रह गए हैं। महाभारत के 'शांति पर्व' में भीष्म पितामह ने 'धर्म-युद्ध' की स्पष्ट मर्यादाएं निर्धारित की थीं, जो आज के वैश्विक नेतृत्व के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख हो सकती हैं। जो युद्ध नहीं कर रहा हो, जो भयभीत हो या निहत्था हो, उस पर प्रहार करना अधर्म है। युद्ध का उद्देश्य शत्रु का विनाश होना चाहिए, मानवता का नहीं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युद्ध का प्रभाव आम जनजीवन पर न्यूनतम पड़े। जीत का अहंकार और प्रतिशोध की भावना न्याय को अंधा कर देती है। युद्ध का अंत शांति की स्थापना के लिए होना चाहिए, न कि शत्रु के पूर्ण समूल नाश के लिए।

अभय खन्ना, ग्रेटर कैलाश

फटाफट खबरें

थाने में सहकर्मी से छेड़छाड़, सिपाही निलंबित

■NBT न्यूज, वाराणसी: चंदौली के सदर कोतवाली थाने में महिला पुलिसकर्मी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। थाने की मिशन शक्ति हेल्प डेस्क पर तैनात महिला जवान की शिकायत पर सिपाही अमित कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

जौनपुर और बलिया में पुलिस टीम पर हमला

■NBT न्यूज, वाराणसी : जौनपुर के सिकरारा क्षेत्र के रिठी गांव में गुरुवार की रात महाराष्ट्र पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जानकारी पर पहुंची सिकरारा थाने की फोर्स ने टीम को सुरक्षित निकाला। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र में दर्ज एक मुकदमे में आरोपित को पकड़ने के लिए तीन पुलिसकर्मी रिठी गांव आए थे। सादे कपड़े में पुलिसकर्मी आरोपित के घर पर पहुंचे तो परिवारीजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। वहीं, बलिया के नरही स्थित सिकंदरपुर में मारपीट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। पूरे मामले का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर अरुण राय और अमित राय को गिरफ्तार कर लिया है।

पूर्व सांसद उमाकांत की तबीयत बिगड़ी

■NBT न्यूज, वाराणसी : जौनपुर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद उमाकांत यादव की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ गई। सीने में तेज दर्द की शिकायत पर पूर्व सांसद को जेल से जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बीएचयू रेफर कर दिया। अब उनकी हालत स्थिर है।

40 लाख मंजूर, और भव्य होगा चैती मेला

■NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी: गोला गोकर्णनाथ का ऐतिहासिक चैती मेला इस बार नए और भव्य स्वरूप में नजर आएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मेले के लिए 40 लाख रुपये मंजूर किए हैं। आयोजन के लिए रकम जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को दी गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को बजट का उपयोग पारदर्शी तरीके से करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। तैयारियों के लिए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

मासूम से रेप की कोशिश, बुजुर्ग गिरफ्तार

■NBT न्यूज, वाराणसी: भदोही पुलिस ने मासूम से रेप की कोशिश के आरोप में बाबा को गिरफ्तार किया है। बच्ची के पिता के अनुसार छह साल की बेटी के रोने की आवाज सुनकर कमरे में पहुंचे तो रिश्ते में बाबा लगने वाला बुजुर्ग को गलत हरकत करते देखा था।

थर्ड डिग्री का आरोप, चौकी इंचार्ज निलंबित

■NBT न्यूज, कानपुर : काकादेव के शास्त्रीनगर में महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति को चौकी लाकर बेरहमी से पीटा। जानकारी पर अधिकारियों ने चौकी इंचार्ज पवन मिश्रा को निलंबित कर दिया है। शास्त्रीनगर निवासी शिवानी ने सोमवार को पति अभिषेक सिंह से विवाद के बाद पुलिस में शिकायत की थी। चौकी इंचार्ज पवन मिश्रा के बुलाने पर अभिषेक मंगलवार को चौकी पहुंचा तो उसे बेरहमी से पीट दिया। मां तलाशते हुए चौकी पहुंची, जहां अभिषेक कराहता मिला था।

गंगा में पार्टी पर केस करने वाले को धमकी

■NBT न्यूज, वाराणसी: काशी में गंगा में नाव पर नॉनवेज खाने और हड्डियां नदी में फेंकने के मामले में केस दर्ज कराने वाले भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल को सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही है। इस बाबत रजत ने सिगरा थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

अंतरिक्ष क्षेत्र में आएगा बड़ा बदलावः शुभांशु

■NBT रिपोर्ट, कानपुर : अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अनुसार आने वाले 5 से 10 वर्षों में देश के अंतरिक्ष सेक्टर में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आईआईटी कानपुर के वार्षिक टेक्निकल फेस्ट 'टेककृति' में शुक्रवार को स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि देश तेजी से अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत मानव को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी चल रही है। साथ ही अपने स्पेस स्टेशन की स्थापना की दिशा में काम कर रहा है।

लिफ्ट के बहाने ले उड़ा बाइक, FIR

■NBT न्यूज, गोंडा: लिफ्ट के बहाने टप्पेबाज बाइक ले उड़ा। करनैलगंज के ग्राम पंचायत देवी तिलमहा खजुहा निवासी कुलदीप के अनुसार 17 मार्च को बैंक जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक शख्स ने लिफ्ट मांगी। बैंक पहुंचने के बाद बहाने से बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने केस दर्ज करवाया है।

बेमौसम बारिश से कई जिलों में फसलें बर्बाद

तेज हवा और ओलों ने किसानों की बढ़ाई चिंता, बिजली गिरने और हादसों में छह की मौत

■टीम एनबीटी, लखनऊ : मौसम के अचानक करवट लेने से शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश, तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि से जनजीवन को प्रभावित हुआ। बेमौसम बारिश से किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। सीतापुर के महमूदाबाद क्षेत्र में ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार इस समय फसल पकने की अवस्था में है और तेज हवाओं व ओलों से बालियां झुककर खराब हो रही हैं। लहरपुर क्षेत्र में तेज हवा के कारण एक बड़ा हादसा भी हुआ, जहां 18 फीट लंबी दीवार गिरने से एक बुजुर्ग किसान घायल हो गया। वहीं बाराबंकी में आंधी-पानी के दौरान हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई और कई इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही।

प्रयागराज में आकाशीय बिजली ने कहर बरपाया। अलग-अलग गांवों में बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इस दौरान कई मवेशियों की भी जान चली गई। बहराइच में भी बिजली गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पूर्वांचल के वाराणसी, जौनपुर समेत कई जिलों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं और बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। जौनपुर में बिजली गिरने से एक युवक की जान चली गई।

इटावा, सिद्धार्थनगर और रायबरेली में ओलावृष्टि और बारिश ने गेहूं, सरसों, आलू और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई जगह कटी पड़ी सरसों की फसल भीगने से खराब हो गई है, जबकि आलू की खुदाई का काम भी रुक गया। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता और गहरा गई है।

PTI

कैसे भी हो सिलिंडर तो लेना ही है। प्रयागराज में खराब मौसम के बीच लाइन में लगे रहे लोग।

फसल को नुकसान

- महमूदाबाद में ओलावृष्टि से गेहूं को नुकसान
- बहराइच, सिद्धार्थनगर, इटावा में गेहूं, सरसों, आलू और सब्जियां प्रभावित
- कटी हुई सरसों की फसल भीगकर खराब
- तेज हवाओं से गेहूं की फसल गिरकर बर्बाद
- आम के पेड़ों में लगे बौर भी टूटकर गिरे
- 30-60% तक पैदावार घटने की आशंका

मौत और हादसे

- प्रयागराज में आकाशीय बिजली गिरने से 2 किसानों की मौत, 1 युवक गंभीर
- बहराइच में बिजली गिरने से 1 युवक की मौत
- जौनपुर में आकाशीय बिजली से 1 युवक की मौत
- बाराबंकी में हाईटेंशन लाइन गिरने से 1 व्यक्ति की जलकर मौत
- सीतापुर में दीवार गिरने से बुजुर्ग किसान घायल

झपकी ने छीनी परिवार के पांच लोगों की जिंदगी

राजस्थान से लौट रहा था परिवार, आगरा में हादसा

पिता और बेटे के साथ ही मासूम ने तोड़ा दम, चार गंभीर

■NBT न्यूज, आगरा: बाह-कचौरा घाट रोड पर गुरुवार देर रात कैला देवी का दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो पेड़ से टकरा गई। हादसे में पूर्व फौजी और बेटे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में तीन साल की मासूम भी शामिल है। वहीं, चार लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार इटावा निवासी कामता प्रसाद (70) परिवार के अन्य लोगों के साथ ही दो गाड़ियों में राजस्थान स्थित करौली कैला देवी मंदिर दर्शन करके लौट रहे थे। आगरा में बाह इटावा सीमा से पहले कचौरा घाट रोड पर चित्राहाट थाने से 200 मीटर की दूरी पर कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई।हादसे में बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गाड़ी के दरवाजे खोलने चाहे लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह फंसे सभी नौ लोगों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। इलाज शुरू होने से पहले कामता प्रसाद के साथ ही बेटे देवेंद्र (35), पत्नी सीमा देवी (32), आराध्या (3) के साथ ही औरैया निवासी निधि (20) की मौत हो चुकी थी। वहीं, रोशनी, अवनीश, आदित्य और विभव का इलाज चल रहा है।

सड़क हादसों में किशोर समेत 6 लोगों की मौत

■NBT न्यूज, अमेठी/गोंडा: अलग-अलग जिलों में हुए हादसों में किशोर समेत छह लोगों की मौत हो गई। जगदीशपुर के रनकापुर गांव के पास रनकापुर गांव के पास हुए हादसे में टटनपुर कटानी निवासी बाबूलाल (60) और मोहब्बतपुर निवासी सोनू (17) की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घायलों की हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया है। वहीं, मुबारकपुर गांव के पास गुरुवार रात ट्रक की टक्कर से हरचंदपुर निवासी चंद्रिका प्रसाद (50) व विनय कुमार (36) की मौत हो गई। उधर, गोंडा के चिल्लीपुर गांव निवासी राधेश्याम (20) और कटौधिया गांव के चंदन (21) गुरुवार देर रात बाइक से बलरामपुर स्थित पाटेश्वरी देवी मंदिर जा रहे थे। रास्ते में दुल्हिनपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने परिवारीजनों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे।

मकान के बेसमेंट से बरामद हुए 130 सिलिंडर

■NBT न्यूज, आगरा : आपूर्ति विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को तांतपुर स्थित मकान के बेसमेंट से 130 घरेलू गैस सिलिंडर बरामद किए हैं। कालाबाजारी की आशंका के साथ ही आपूर्ति विभाग की टीम मकान मालिक से पूछताछ कर रही है।

आपूर्ति निरीक्षक अमरनाथ और खेरागढ़ तहसील के नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह के नेतृत्व में टीम ने थाना बसई जगनेर के अंतर्गत कस्बा तांतपुर में रोड किनारे बने मकान पर छापा मारा। इस दौरान मकान के बेसमेंट में पहुंचने पर बड़ी संख्या में गैस सिलिंडर रखे मिले। पूछताछ के दौरान मकान मालिक अशोक कुमार सिंघल सिलिंडरों को लेकर कोई संतोषजनक जवाब तो दूर दस्तावेज तक नहीं दिखा सका।

वृंदावन के कण-कण में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं: राष्ट्रपति

■NBT न्यूज, मथुरा: वृंदावन की पावन धरा केवल एक भू-भाग नहीं बल्कि दिव्यता और भक्ति का जीवंत अनुभव है, जहां के कण-कण में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की गूंज सुनाई देती है। यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल के नव निर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक के उद्घाटन अवसर पर कही। इसके साथ ही श्रीहित राधाकेली कुंज पहुंचकर संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के साथ ही आध्यात्मिक विषय पर चर्चा भी की। इसके बाद राष्ट्रपति ने नीम करौरी आश्रम पहुंचकर हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा-अर्चना की और परिक्रमा लगाई। आश्रम स्थित ध्यान कुटिया और संग्रहालय का भी भ्रमण किया।

खाली पदों पर HC सख्त, विधि सचिव से मांगा जवाब

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रयागराज और लखनऊ स्थित शासकीय अधिवक्ता/महाधिवक्ता कार्यालयों में स्टाफ की कमी के बावजूद रिक्त पदों को न भरने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि 27 जनवरी 2023 से 26 फरवरी 2026 तक राज्य सरकार कई बार महाधिवक्ता कार्यालय से रिक्तियों की स्थिति की जानकारी मांगती रही, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे भर्ती प्रक्रिया लंबित पड़ी है और न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। खंडपीठ ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कोर्ट में न तो महाधिवक्ता मौजूद है और न ही कोई अपर महाधिवक्ता नियमित रूप से उपस्थित हो रहे हैं। हालांकि मुख्य स्थायी अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में अपर महाधिवक्ता एम.सी. चतुर्वेदी सरकार की तरफ से अगली सुनवाई के दौरान पक्ष रखेंगे।

प्रमुख सचिव विधि तलब

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने महाधिवक्ता कार्यालय में चार साल पहले लगी आग की चपेट में आकर जली फाइलों का पुनर्निर्माण नहीं करवाने पर प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय को स्पष्टीकरण के साथ 25 मार्च को हाजिर होने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने पूछा है कि जली फाइलों के पुनर्निर्माण के लिए फोटो स्टेट मशीनों को फिर से चालू क्यों नहीं किया जा सका। कोर्ट ने कहा कि महाधिवक्ता कार्यालय प्रयागराज में चार साल पहले लगी आग से हजारों फाइलें जल गई थीं। लापरवाही भरे रवैए के कारण पुनर्निर्माण नहीं हुआ और केस की सुनवाई नहीं हो पा रही। दिया है।

पीसीएस मेंस के प्रवेश पत्र अपलोड

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा (पीसीएस मेंस) 2025 के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षा का आयोजन 29 मार्च से 1 अप्रैल तक प्रयागराज और लखनऊ में होना है।

साक्षात्कार समाप्त, परिणाम जल्द

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस)-2024 के साक्षात्कार शुक्रवार को समाप्त हो गए। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 857 पदों के लिए 2,719 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 16 फरवरी से 20 मार्च तक 23 कार्यदिवसों में संपन्न हुए। सूत्रों की मानें तो इस महीने के अंत या अप्रैल के पहले सप्ताह तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। पीसीएस 2024 के तहत 24 प्रकार के पदों के लिए कुल 947 रिक्तियां हैं। इनमें से 60 पदों पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। वहीं, हाईकोर्ट के 20 मार्च के आदेश पर आयोग ने अनुक्रमांक 0144791 एवं 0127102 के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए औपबंधिक रूप से सफल घोषित किया है। इन दोनों अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के लिए अलग से सूचना जारी की जाएगी।

आपदा रिस्पॉन्स टाइम पर एजेंसियों से जवाब-तलब

नोएडा में इंजिनियरिंग की मौत का मामला

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा में इंजिनियर युवराज मेहता की पानी भरे गड्ढे गिरने से मौत के मामले में आपदा प्रबंधन एजेंसियों की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, स्थानीय प्रशासन और अग्निशमन विभाग से सुझाव मांगे हैं, ताकि आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जा सके। खंडपीठ ने विशेष रूप से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ से पूछा है कि घटना की सूचना मिलने के बाद पूरी तरह तैयार होकर मौके पर पहुंचने में न्यूनतम कितना समय लगता है।

अयोध्या/बाराबंकी

प्री वेडिंग शूट के बहाने बुलाकर रेप

■NBT न्यूज, अयोध्या: महाराजगंज के एक गांव निवासी युवती को प्री वेडिंग शूट के बहाने बुलाकर रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने एसएसपी से शिकायत करते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। आरोप है कि बेटी की शादी कोलकाता में काम करने वाले युवक से तय की थी। आरोपित ने शादी से पहले प्री वेडिंग शूट के बहाने बेटी को कोलकाता बुलाया था। इसके बाद नशीला पदार्थ खिलाकर रेप किया। हालत बिगड़ने पर युवती को अयोध्या लाकर निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां अब भी इलाज जारी है। इसके बाद आरोपित ने शादी के लिए कार और 25 लाख की मांग शुरू कर दी। देने में असमर्थता जताने पर शादी से इनकार कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गैस खत्म हुई तो पत्नी ने छोड़ दिया घर

■NBT न्यूज, बाराबंकी: पति रसोई गैस का इंतजाम नहीं कर सका तो पत्नी घर छोड़कर चली गई। मामला घुंघटेर के बौधनी मजरे खटौली गांव का है। गांव के अनिल की शादी दो साल पहले सुमन देवी से हुई थी। दोनों के पांच माह का बच्चा भी है। अनिल के अनुसार नाइट ड्यूटी से आने के बाद बुधवार सुबह खाना मांगा तो पत्नी ने बताया कि नहीं बना है। वजह पूछने पर कहा कि सिलिंडर खत्म हो गया है और चूल्हे पर नहीं बनाऊंगी। एजेंसी से सिलिंडर नहीं मिलने की बात कहने पर कुछ सुनने को तैयार नहीं हुई। इसे लेकर कहासुनी के बाद अनिल सोने चले गए। उठने पर पत्नी नहीं दिखी। वहीं, पुलिस का कहना है कि नाराज होकर गई महिला शुक्रवार दोपहर घर वापस आ गई है।

अंतिम मतदाता सूची में नाम जरूर देखें: रिणवा

अयोध्या में एसआईआर की 99.40% सुनवाई पूरी

27 मार्च तक निस्तारण, 10 अप्रैल को होगा प्रकाशन

■NBT न्यूज, अयोध्या

अयोध्या में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) के तहत 99.40 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। शेष मामलों के निस्तारण के लिए अभी पर्याप्त समय है और सभी सुनवाई 27 मार्च तक पूरी कर ली जाएंगी। यह बात यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने समीक्षा बैठक के दौरान कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के बाद रिणवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 27 अक्टूबर 2025 से 6 मार्च 2026 तक प्राप्त फॉर्म-6, 7 और 8 का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि इन आवेदनों का प्रभाव 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए। यह भी स्पष्ट किया कि 6 मार्च के बाद प्राप्त आवेदनों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी और उन्हें आगामी कंटीन्यूअस अपडेटेशन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। रिणवा ने कहा कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में छूट गया है, तो वह फॉर्म-6 भरकर आसानी से पंजीकरण करवा सकता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद सभी लोग अपना नाम अवश्य जांच लें। बताया कि मतदाता सूची अब डिजिटल माध्यमों पर भी उपलब्ध है, जिससे लोग मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए इसे देख सकते हैं।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों पर लहराए नए ध्वज

■NBT न्यूज, अयोध्या: नवसंवत्सर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर का नए ध्वज आरोहित किया गया है। मंदिर व्यवस्था से सम्बद्ध विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी गोपाल ने बताया कि नवरात्र पर विशेष श्रृंगार के साथ ही राम लला राम दरबार परकोटे के 6 मंदिरों के अलावा सप्त मंडल के 7 सहित कुल 15 मंदिरों में विग्रहों का विशेष श्रृंगार व पूजन अर्चन चल रहा है। इसके साथ ही रामनगरी के करीब 5 हजार से अधिक मंदिरों में नवरात्र पर अनुष्ठान हो रहे हैं। कनक भवन मंदिर में नवरात्र में विशेष पूजन 9 दिनों के लिए चल रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त जुट रहे हैं। कनक भवन मंदिर के प्रधान पुजारी दिनेशजी ने बताया कि 27 मार्च को रामनवमी पर भव्य आयोजन होगा।

राम नवमी मेले पर चलेंगी अतिरिक्त बसें: परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गंगा नदी में नाव पर नॉनवेज खाए जाने की निंदा की है। रामनगरी आए मंत्री ने कहा कि गंगा भारतीय आस्था की प्रतीक है, इसे दूषित करना गलत है। इसके साथ ही रामनवमी मेले को लेकर तैयारियों की जानकारी दी। कहा कि राम नवमी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। वहीं, अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते गैस किल्लत की आशंका पर कहा कि प्रदेश में गैस की कोई कमी नहीं है।

'वॉटर लाइन की गुणवत्ता का ध्यान रखें'

■NBT न्यूज, बाराबंकी: विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम व निगम संयुक्त समिति की उप समिति की संयोजक व विधायक मनीषा अनुरागी के नेतृत्व में शुक्रवार को बाराबंकी में बिछाई जा रही पेयजल लाइन की समीक्षा हुई। इस दौरान समिति ने गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश देते हुए सड़कों को खोदने के बाद गुणवत्तापरक रेस्टोरेशन पर जोर दिया।

यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि निर्माण इकाई-14 लखनऊ की परियोजनाओं के अलावा नवाबगंज के खसपरिया स्थित मत्स्येश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य और जल जीवन मिशन ग्रामीण की पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि 849 पेयजल परियोजनाएं चल रही हैं। इस मौके पर समिति के सदस्य व सदर विधायक सुरेश यादव, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा भूलन व डीएम शशांक त्रिपाठी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत निकाली रैली

■NBT न्यूज, बाराबंकी: मिशन शक्ति पांच के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन से महिला सिपाहियों ने स्कूटी से जागरूकता रैली निकाली। एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कम्पनी बाग (आईटीएस्क्वायर), बस अड्डा, पटेल तिराहा, नाका, पल्हरी होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। इस दौरान सीओ सिटी संगम कुमार, सीओ रामनगर गरिमा पंत, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व टीआई रामयतन मौजूद रहे।

गृह मंत्रालय
सीमा प्रबंधन विभाग
(BM- II प्रभाग)

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) में सदस्य (वित्त) की नियुक्ति

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2010 (2010 का 31) के अंतर्गत भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) में **सदस्य (वित्त)** के पद को भरने के लिए सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. इसकी विस्तृत जानकारी तथा अन्य नियम व शर्तें गृह मंत्रालय की वेबसाइट http://mha.gov.in तथा http://lpai.gov.in पर उपलब्ध है।

3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल, 2026 है (इस तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा)

4. आवेदन भेजने का पता नीचे दिया गया है:

श्री अजय कुमार साह, अवर सचिव (आईसीपी),
कक्ष संख्या 20, द्वितीय तल, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम,
सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली-110001.
Email- akaah.sah@nic.in

CBC 19142/11/0022/2526

राष्ट्रीय जैविक संस्थान
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)
नोएडा, उ.प्र.

ए-2.0/2/2025-प्रशासन-एनआईबी — दिनांक: 18.03.2026

शुद्धिपत्र

राष्ट्रीय जैविक संस्थान (NIB) द्वारा विज्ञापन संख्या **A-2.0/2/2025-Admin-NIB** दिनांक **23.02.2026**, जो दिनांक 28.02.2026 को विभिन्न समाचार पत्रों (रोजगार समाचार 7-13 मार्च 2026) में प्रकाशित किया गया था, के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि वैज्ञानिक ग्रेड-II पद के लिए पूर्व में विज्ञापित **02 (दो) अनारक्षित (UR)** पदों को संशोधित करते हुए **01 (एक) अनारक्षित (UR)** पद माना जाए।

2. तदनुसार, वैज्ञानिक ग्रेड-II के लिए भर्ती प्रक्रिया अब केवल **01 (एक) अनारक्षित (UR)** पद हेतु ही संचालित की जाएगी।

3. वैज्ञानिक ग्रेड-II पद से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

4. यह शुद्धिपत्र उपर्युक्त मूल विज्ञापन का अभिन्न अंग माना जाएगा।

दिनांक: 18.03.2026
स्थान : नोएडा — **निदेशक, NIB**

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, ओल्ड एयरपोर्ट रोड, बेंगलूरु - 560 017
URSC

वैज्ञानिक/अभियंता-'एस.सी', वैज्ञानिक/अभियंता-'एस.डी' तथा चिकित्सा अधिकारी-'एस.सी' पद के लिए भर्ती हेतु ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

विज्ञा.सं. यूआरएससी: 01 : 2026 — 21.03.2026

अर्ह भारतीय नागरिकों से वैज्ञानिक/अभियंता – 'एस.सी' (02 रिक्तियां (अनारक्षित)), वैज्ञानिक/अभियंता – 'एस.डी' (01 रिक्ति (अनारक्षित)) तथा चिकित्सा अधिकारी – 'एस.सी' (01 रिक्ति (अनारक्षित)) पदों की भर्ती हेतु ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये पद अस्थायी हैं, परंतु अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है। ऑन-लाइन पंजीकरण हेतु आवेदन इसरो वेबसाइट www.isro.gov.in में "Careers" के तहत 23.03.2026 से 12.04.2026 तक की अवधि के दौरान उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थी 23.03.2026 से 12.04.2026 तक के बीच पात्रता मानदंडों की जानकारी प्राप्त करने तथा अपने आवेदन ऑन-लाइन पंजीकृत करने के लिए हमारी वेबसाइट देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑन-लाइन के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कृपया इसरो वेबसाइट [http://www.isro.gov.in] देखें।

DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY
Ministry Of Science And Technology
Government Of India

जैव प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार

RCB

ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट - बायोटेक्नोलॉजी (GAT-B) 2026 तथा बायोटेक्नोलॉजी एलिजिबिलिटी टेस्ट (BET) 2026

भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा, नोडल एजेंसी क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद के माध्यम से निम्नलिखित राष्ट्रीय परीक्षाओं की घोषणा की जाती है:

1. ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट–बायोटेक्नोलॉजी (GAT-B) – भाग लेने वाले संस्थानों में जैव प्रौद्योगिकी तथा संबंधित क्षेत्रों में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु।
2. बायोटेक्नोलॉजी एलिजिबिलिटी टेस्ट (BET) – जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए DBT- जूनियर रिसर्च फेलोशिप (DBT-JRF) प्रदान करने हेतु।

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद, भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की ओर से, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के माध्यम से GAT-B 2026 और BET 2026 का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की स्थापना भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्वायत्त, आत्मनिर्भर तथा स्वयं-संचालित प्रमुख परीक्षण संगठन के रूप में की गई है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभ और अंतिम तिथि	19 मार्च 2026 से 09 अप्रैल 2026 तक (शाम 5:00 बजे तक)
ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	09 अप्रैल 2026 (रात 11:50 बजे तक)
GAT-B – 2026 की तिथि और समय	17 मई 2026 (रविवार) सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
BET–2026 की तिथि और समय	17 मई 2026 (रविवार) दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक
परीक्षा का माध्यम	कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा
प्रश्न पत्र का पैटर्न	बहुविकल्पीय प्रश्न
परीक्षा शुल्क	GAT-B 2026 के लिए : SC/ST/PwD के लिए ₹650/- और अन्य सभी के लिए ₹1300/-
	BET 2026 के लिए: SC/ST/PwD के लिए ₹650/- और अन्य सभी के लिए ₹1300/-
	दोनों GAT-B और BET 2026 के लिए: SC/ST/PwD के लिए ₹1300/- और अन्य सभी के लिए ₹2600/-

परीक्षा की योजना, अर्हता, माध्यम, पाठ्यक्रम, पात्रता मानदंड, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण तिथियों आदि की जानकारी सूचना पुस्तिका में दी गई है, जो निम्न वेबसाइटों पर उपलब्ध है: https://exams.nta.nic.in/gat-bet/, www.rcb.res.in, https://dbt.gov.in/

BET के लिए पाठ्यक्रम यहाँ उपलब्ध है: https://rcb.res.in/upload/DBT-JRF%20BET-%202021%20Syllabus.pdf

GAT & B के लिए पाठ्यक्रम यहाँ उपलब्ध है: https://rcb.res.in/DBTPG/

जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे GAT-B 2026 और BET 2026 की विस्तृत सूचना पुस्तिका पढ़कर केवल ऑनलाइन आवेदन निम्न वेबसाइटों के माध्यम से कर सकते हैं: https://exams.nta.nic.in/gat-bet/ https://dbt.gov.in/ www.rcb.res.in

परीक्षा शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन करना होगा, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, और यह नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / यूपीआई / वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए समय-समय पर उपरोक्त वेबसाइटों पर जाने की सलाह दी जाती है।

किसी भी सहायता के लिए dbt@nta.ac.in पर ई-मेल करें या 011-40759000 पर संपर्क करें।

CCING37 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL14 User: vishalsahu@timesofindia.com Time: 03-21-2026 00:20 Color:

फटाफट खबरें

93.53 के रेकॉर्ड निचले स्तर पर रु.

पीटीआई, मुंबई: विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पैसा निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से शुक्रवार को भारतीय रुपया 64 पैसे टूट गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 93.53 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 93.34 रहा।

Flipkart के CFO ने छोड़ा पद

पीटीआई, नई दिल्ली: ई-कॉमर्स कंपनी Flipkart ने शुक्रवार को बताया कि उसके चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (CFO) श्रीराम वेंकटरमन अपने पद से हट रहे हैं। बयान में बताया गया कि कंपनी के सीएफओ रवि अय्यर पूरे फाइनेंस विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। बयान के मुताबिक, निशांत वर्मन कंपनी में वापस लौट रहे हैं।

भारत-कुवैत के बीच हवाई सेवा शुरू

NBT रिपोर्ट: Jazeera एयरवेज ने भारत और कुवैत के बीच फिर से कनेक्टिविटी शुरू करके एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। 'प्रोजेक्ट वंदे भारत' के तहत भारत के आठ शहरों (अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नै, दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम) से कुवैत के लिए उड़ानें शुरू की गई हैं।

नटराजन ने SAIL में संभाला पद

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: टी एन नटराजन ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के निदेशक (वाणिज्यिक) का पदभार संभाला। नटराजन के पास उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और विक्रय के क्षेत्र में 32 वर्षों से अधिक का लीडरशिप अनुभव है।

IT-PSU बैंकों में तेज़ी से चढ़ा बाज़ार, चिंता कायम

सेंसेक्स-निफ्टी करीब आधा फीसदी बढ़त के साथ बंद

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को रिकवरी देखने को मिली। IT, PSU बैंकों और मेटल शेयरों में जमकर हुई खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी करीब आधा फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ने की चिंता अब भी बरकरार है। इस कारण बाजार अपनी दिन भर की पूरी बढ़त को कायम नहीं रख सका। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल के दाम बढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.88% बढ़कर 110.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44%) बढ़कर 74,532.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,079.15 अंक (1.45%) तक उछलकर 75,286.39 पर पहुंच गया था। इसी तरह, NSE निफ्टी 112.35 अंक (0.49%) चढ़कर 23,114.50 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 343 अंकों की छलांग लगाई थी।



HDFC में गिरावट जारी: HDFC बैंक के शेयरों में शुक्रवार को 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट बैंक के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफा देने के बाद आई है। BSE पर बैंक के शेयर 2.41 फीसदी गिरकर 780.45 रुपये पर बंद हुए। गुरुवार को भी HDFC बैंक के शेयरों में 5 फीसदी से ज्यादा की बड़ी गिरावट आई थी।

युद्ध का असर

- **रफ्तार ढीली:** सेंसेक्स दिन में 1000 अंक से ज्यादा उछला था, लेकिन अंत में बढ़त केवल 325 अंक रह गई।
- **निफ्टी:** 112.35 अंक चढ़ा
- **ब्रेंट क्रूड:** 110.7 डॉलर/बैरल
- **1,800** रुपये की बढ़त चांदी की कीमतों में
- **650** रुपये: सोने में गिरावट

फरवरी में कोर सेक्टर की रफ्तार तीन महीने में कम

AI Image

पीटीआई, नई दिल्ली: देश के आठ मुख्य बुनियादी (इंफ्रास्ट्रक्चर) क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि फरवरी में घटकर 2.3 फीसदी रह गई। यह पिछले तीन महीने में सबसे कम है। इसकी मुख्य वजह कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में आई गिरावट है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल इसी महीने (फरवरी) में इन आठ क्षेत्रों की विकास दर 3.4 फीसदी थी।

इस साल फरवरी में खाद, सीमेंट और बिजली उत्पादन की विकास दर भी गिरकर क्रमशः 3.4 फीसदी, 9.3 फीसदी और 0.5 फीसदी रह गई। हालांकि, इस दौरान कोयला और स्टील के उत्पादन में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अगर इस पूरे वित्तीय वर्ष (अप्रैल से फरवरी तक) की बात करें, तो इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की कुल उत्पादन वृद्धि 2.9 फीसदी रही है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में यह 4.4 फीसदी थी।

नया इनकम टैक्स नियम 1 अप्रैल से लागू, नोटिफिकेशन जारी

50% HRA छूट के दायरे में आने वाले शहरों की संख्या हुई दोगुनी

AI Image

पीटीआई, नई दिल्ली: सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (CBDT) ने शुक्रवार को इनकम टैक्स रूल्स, 2025 के लिए नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इन नियमों में नौकरीपेशा लोगों को मकान किराये (HRA) पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब मकान मालिक और किरायेदार के रिश्ते की जानकारी देना जरूरी कर दिया गया है। ये नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएंगे।

नए नियमों में नौकरीपेशा लोगों के लिए HRA छूट का दायरा बढ़ा दिया गया है। लेकिन 50 फीसदी टैक्स छूट के दायरे में आने वाले शहरों की संख्या दोगुनी कर दी गई है। अब एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश निकालने या जमा करने पर पैन कार्ड देना अनिवार्य होगा। फिलहाल, एक दिन में 50,000 रुपये से ज्यादा जमा करने पर ही पैन की जरूरत होती है। गाड़ी खरीदने के मामले में, अगर कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा है तो पैन देना होगा। पुराने नियमों में टू-व्हीलर के लिए पैन की जरूरत नहीं थी और कारों के लिए यह हर कीमत पर जरूरी था।

होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट के 1 लाख रुपये से ज्यादा के बिल पर भी पैन कार्ड अनिवार्य होगा। पहले यह लिमिट 50,000 रुपये थी। वहीं, प्रॉपर्टी खरीदने, बेचने या गिफ्ट देने के मामले में अब 20 लाख रुपये से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर पैन देना होगा, जो पहले 10 लाख रुपये था। साथ ही, सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) को भी अब इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

अहम बातें

- HRA छूट के लिए अब 4 की जगह 8 बड़े शहरों (मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नै, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद, बेंगलुरु) को 50% की कैटेगरी में रखा गया है।
- कैश ट्रांजैक्शन, कार, प्रॉपर्टी, होटल बिलों के लिए पैन कार्ड देने की लिमिट बढ़ाई गई है।
- क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए टैक्स विभाग को जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है।
- इलेक्ट्रिक गाड़ियों (EVs) को भी अब टैक्स बेनिफिट के मामले में छोटी कारों के बराबर दर्जा दिया गया है।
- कैश डिपॉजिट/विड्रॉल पैन लिमिट: साल में 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा।
- प्रॉपर्टी ट्रांजैक्शन पैन लिमिट: 20 लाख रुपये से ज्यादा।

नंबर शेयर किए बिना कर सकेंगे WhatsApp चैट

AI Image

NBT रिपोर्ट: WhatsApp अपने प्लैटफॉर्म में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही यह फोन नंबर की जगह 'यूजरनेम' और 'यूनिक आईडी' (Unique ID) पर शिफ्ट हो जाएगा।

फोन नंबर की जगह 'यूजरनेम' से होगी बात

ET को मिली जानकारी के मुताबिक, इस बदलाव के बाद यूजर्स अपना मोबाइल नंबर शेयर किए बिना ही मैसेज भेज सकेंगे और वॉयस या विडियो कॉल कर सकेंगे। उम्मीद है कि इस साल जून तक WhatsApp इसे दुनिया भर में लागू कर देगा। इंस्टाग्राम की तरह ही आम लोग और बिजनेस अपने लिए खास 'हैंडल' (जैसे: 'HDFC Bank' या 'Ben Clark') रिजर्व कर सकेंगे।

WhatsApp ने भी इस खबर की पुष्टि की है। कंपनी के प्रवक्ता ने ET को बताया कि हम भविष्य में WhatsApp पर यूजरनेम फीचर लाने के लिए उत्साहित हैं। इससे लोग अपना फोन नंबर शेयर किए बिना नए दोस्तों, ग्रुप्स और बिजनेस से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह फीचर प्राइवेसी की एक और परत जोड़ेगा और WhatsApp पर बिजनेस से संपर्क करना आसान बनाएगा।

WhatsApp इसे एक ऑप्शनल प्राइवेसी फीचर के तौर पर पेश करेगा। यूजर्स के पास यह विकल्प होगा कि वे अपना फोन नंबर इस्तेमाल करना जारी रखें या यूजरनेम पर शिफ्ट हो जाएं।

WhatsApp बिजनेस कंपनियों के लिए 'डायनामिक प्राइसिंग' भी शुरू करने जा रहा है। कंपनियों को मार्केटिंग मैसेज भेजने के लिए रीयल-टाइम में बोली (Bid) लगानी होगी।

रिपोर्टों के मुताबिक, इस नई प्रणाली का ट्रायल 2026 की दूसरी छमाही में शुरू होने की संभावना है और इसे 2027 में लागू किया जा सकता है। 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं वाला भारत, वैश्विक स्तर पर व्हाट्सएप के प्रमुख बाजारों में से एक बना हुआ है।

स्मॉल-कैप हुए सस्ते, निवेश का सही समय है?

AI Image

NBT रिपोर्ट: दुनिया में चल रहे तनाव और अनिश्चितता का सबसे बुरा असर स्मॉल-कैप कंपनियों के शेयरों पर पड़ रहा है। ET के मुताबिक, स्मॉल-कैप शेयरों की वैल्यू में बड़ी कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा गिरावट आई है।

इस समय BSE 500 इंडेक्स में शामिल 58.3% स्मॉल-कैप शेयर अपनी पिछले तीन साल की औसत कीमत (वैल्यूएशन) से नीचे कारोबार कर रहे हैं। वहीं, लार्ज-कैप और मिड-कैप सेगमेंट में ऐसे शेयरों की संख्या 50% से भी कम है। इसका मतलब है कि स्मॉल-कैप कंपनियों के शेयर, लार्ज कैप के मुकाबले बहुत तेजी से 'ओवरसोल्ड' जोन (जहां बिकवाली बहुत ज्यादा हो चुकी हो) में जा रहे हैं।

अगर पिछले सात साल के औसत वैल्यूएशन को देखें, तो स्मॉल-कैप की 46% कंपनियां सस्ती नजर आ रही हैं। इसकी तुलना में लार्ज-कैप की 41% और मिड-कैप की 34% कंपनियां ही सस्ती हैं। अगर हम 10 साल की बात करें तो 42% स्मॉल-कैप शेयर सस्ते लग रहे हैं, जबकि लार्ज-कैप में यह आंकड़ा 37% और मिड-कैप में 39% है। BSE 500 की सभी कंपनियों की बात करें, तो आधे से ज्यादा यानी 52% शेयर तीन साल के नजरिए से अपनी सही कीमत से नीचे हैं। सात साल के लिए यह आंकड़ा 41% और 10 साल के लिए 31% है। इसके अलावा, टेक्निकल नजरिये से देखें तो फिलहाल 90% स्मॉल-कैप शेयर अपने 200 दिनों के औसत (200 DMA) से नीचे ट्रेड कर रहे हैं। इसकी तुलना में 63% लार्ज-कैप और 74% मिड-कैप शेयर ही इस स्तर से नीचे हैं। इससे पता चलता है कि स्मॉल-कैप शेयरों की कीमतों में भारी गिरावट आई है। इस विश्लेषण के लिए, BSE 500 इंडेक्स की उन कंपनियों को लार्ज-कैप माना गया है जिनकी मार्केट वैल्यू 50,000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है। 20,000 करोड़ से 50,000 करोड़ रुपये के बीच मार्केट कैप वाली कंपनियों को मिड-कैप और बाकी कंपनियों को स्मॉल-कैप कहा गया है।

ग्लोबल टेंशन का असर

- BSE 500 इंडेक्स की आधे से ज्यादा स्मॉल-कैप कंपनियां अपने 3 साल के औसत वैल्यूएशन से नीचे हैं।
- तकनीकी चार्ट पर 90% स्मॉलकैप शेयर 200 दिनों के मूविंग एवरेज (DMA) से नीचे ट्रेड कर रहे हैं।
- **औसत टाइम के हिसाब से ?**
- **3 साल:** 58.3% स्मॉल-कैप शेयर वैल्यूएशन से नीचे।
- **7 साल:** 46% स्मॉल-कैप शेयर सस्ते।
- **10 साल:** 42% शेयर सस्ते।

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस

21 मार्च, 2026

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे जीवन, पर्यावरण एवं अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन-संवेदना और जन-अभिरुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से 'अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस' (21 मार्च, 2026) के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

वन, वन्यप्राणी, वृक्ष, वेटलैण्ड्स सहित समस्त प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। हमारे वन न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि निर्धन, निर्बल एवं वंचित वर्गों के लिए आजीविका के साधन ईंधन, प्रकाष्ठ, विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चा माल तथा इको-पर्यटन गतिविधियों के प्रमुख केंद्र भी हैं। इन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों के कारण वन हमारी अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ आधार भी हैं। इस दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2026 की थीम Forests and Economies (वन एवं अर्थव्यवस्थाएं) अत्यंत प्रासंगिक है।

संपूर्ण देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण तथा हरित विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में आगे बढ़ाया गया है। हरित आवरण बढ़ाने, प्राकृतिक संसाधनों के सतत् उपयोग, इको-पर्यटन के प्रोत्साहन तथा जनभागीदारी के माध्यम से वनों के संरक्षण के लिए अनेक पहल की गई हैं, जिनसे पर्यावरणीय संतुलन सुदृढ़ होने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिल रही है।

वन हमारी संस्कृति, परंपरा और जीवन का अनिवार्य अंग हैं। इसी भावना के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी वन संरक्षण और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वर्ष 2026 के बजट प्रावधानों में वानिकी क्षेत्र के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। विगत नौ वर्षों में 242.18 करोड़ पौधारोपण, इको-पर्यटन को बढ़ावा तथा विभिन्न वानिकी गतिविधियों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के साथ-साथ देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। यह प्रयास विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

'अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस' के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की सफलता के लिए मेरी हार्दिक मंगलकामनाएं।

(योगी आदित्यनाथ)
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

हर्ष का विषय है कि 'अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च, 2026)' के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मानव तथा पृथ्वी के अस्तित्व हेतु वन एवं वन्यजीवों के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए इनके संरक्षण, संवर्धन एवं सतत् प्रबंधन के प्रति जन समान्य में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2026 की विषयवस्तु 'वन एवं अर्थव्यवस्थाएं (Forests and Economies)' वनों के आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए सतत् विकास में वनों की भूमिका को प्रतिपादित करती है।

हमारे वन, पर्यावरण संतुलन स्थापित कर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को न्यून कर, भू-कटाव व नदियों का जल प्रवाह निर्मल व अविरल कर, उद्योगों के लिए कच्चा माल उपलब्ध करवाकर तथा इको पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित कर हमारी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा वानिकी के माध्यम से रोजगार व आजीविका के अवसर सृजित करने के साथ ही सामुदायिक भूमि, विशेषकर ग्राम-समाज की भूमि में शीशम व सागौन जैसे इमारती प्रकाष्ठ प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए आर्थिक सुदृढ़ता सुनिश्चित कर रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से मेरा अनुरोध है कि वे अधिकाधिक पौधारोपण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें, जिससे वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं संतुलित पर्यावरण उपलब्ध हो सके तथा प्रदेश को हरित एवं समृद्ध बनाने के अभियान को नई गति मिल सके।

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की सफलता हेतु आप सभी प्रदेशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं।

(डॉ. अरुण कुमार)
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण
जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि हमारा अस्तित्व बनाए व बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने एवं विभिन्न पर्यावरणीय सेवाएं व प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करने वाले वनों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने हेतु 'अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च, 2026)' के अवसर पर वन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। वन मानव जीवन के आधार हैं। वे हमें शुद्ध वायु, जल संरक्षण, जलवायु संतुलन, औषधियां और जैव विविधता प्रदान करते हैं। यदि पृथ्वी को सुरक्षित रखना है, तो वनों को समृद्ध बनाना अनिवार्य है। प्रदेश सरकार ने इसी संकल्प को जन-आंदोलन का रूप देते हुए पर्यावरण संरक्षण को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है।

प्रदेश में व्यापक जन सहभागिता के साथ चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज, विद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, युवाओं और मातृशक्ति के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

हमने 'रोपण' के साथ-साथ 'संरक्षण' पर भी विशेष बल दिया है, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहकर वृक्ष बनें और आने वाली पीढ़ियों को छाया प्रदान करें। पीपल, बरगद, नीम और तुलसी जैसे वृक्ष केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण के रक्षक भी हैं। हमारी परम्पराएं हमें सिखाती हैं कि प्रकृति का संरक्षण ही मानव का संरक्षण है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम शहरों को प्रदूषण मुक्त रखकर शहरवासियों का जीवन स्तर उन्नत करने में वनों की भूमिका के प्रति प्रदेशवासियों को जागरूक व संवेदनशील बनाने में सफल सिद्ध होंगे।

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की सफलता हेतु मेरी अनेक शुभकामनाएं।

(के.पी. मलिक)
राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण
जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश

पर्यावरण के रक्षक वन-जीवन के संरक्षक वन

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | वन एवं वन्यजीव विभाग, उत्तर प्रदेश

प्रदेश

आतंकी संगठनों से जुड़े नौ और संदिग्ध पकड़े

कौशांबी में पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ के बाद बड़ी कार्रवाई

NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: देश की जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए पाक परस्त आतंकियों के मददगारों से पूछताछ के बाद कई संदिग्धों के नाम सामने आए। इसके बाद एसआईटी ने शुक्रवार को नौ और आरोपियों को पकड़ा। इनमें पांच नाबालिग हैं। इनके पास से दो सीसीटीवी कैमरे, नौ मोबाइल फोन और 10 सिम कार्ड बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी पहले गिरफ्तार किए आरोपियों के वॉट्सऐप ग्रुपों में भी जुड़े थे। सूत्र बताते हैं कि सभी ने जासूसी और संवेदनशील स्थानों के फोटो और विडियो बनाकर पाक में बैठे अपने आकाओं को भेजे थे। उधर, मसूरी और हापुड़ के धौलाना क्षेत्रों में गिरफ्तारी के बाद से मोदीनगर और मुरादनगर के कुछ संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। इससे पहले इन क्षेत्रों में पीएफआई से जुड़े पाक समर्थक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर ने बताया कि आरोपियों की पहचान मेरठ के परतापुर निवासी गणेश, बिहार के पूर्णिया जिला स्थित ओली टोला निवासी विवेक, मेरठ के शास्त्री नगर निवासी गगन कुमार और जौनपुर के खानीपुर स्थित सराय मोहद्दीन जामदारा शाहगंज निवासी दुर्गेश के रूप में हुई है। आरोपियों में मेरठ, गाजियाबाद और कौशांबी के रहने वाले पांच नाबालिग भी शामिल हैं। गणेश पांचवीं तक, गगन 12वीं तक, दुर्गेश ने नौवीं तक की पढ़ाई की है जबकि विवेक अनपढ़ है। दुर्गेश हाल में नवी मुंबई के सोनारी रायगढ़ में रहता था। मामले में दो और सरगनाओं के नाम सामने आए हैं, जो फरार हैं। सभी आरोपी विदेशी व्यक्ति से सीधे संपर्क में थे और उसके इशारे पर देश की जासूसी कर रहे थे। कौशांबी से पहले पकड़े गए संदिग्ध पुलिस रिमांड पर हैं। अभी कई और गिरफ्तारी हो सकती हैं।

जनसेवा केंद्र या QR कोड से लेते थे रकम

सिम कार्ड की व्यवस्था करने से लेकर सीसीटीवी लगाने और फोटो विडियो भेजने के बदले 500 से लेकर 15 हजार तक का भुगतान किया जा रहा था। यूपीआई के जरिए रुपये लेते थे। हालांकि अपने खाते में रुपये न मंगाकर जन सेवा केंद्र या दुकानों के क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कराते थे। इसके बाद केंद्र संचालक व दुकानदारों से नकद रुपये लेते थे। गिरोह में ऐसे युवकों व नाबालिगों को शामिल किया जा रहा था जो तकनीक की थोड़ी जानकारी रखते हों।

सुहैल के अलावा दो और सरगना आए सामने

पूछताछ में सुहैल मलिक मुख्य हैंडलर के अलावा दो अन्य हैंडलरों के नाम सामने आए हैं। गिरोह का संचालन सीमा पार से किया जा रहा था। सुहैल के अलावा बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी नौशाद अली और भागलपुर निवासी समीर उर्फ शूटर का नाम सामने आया है। पुलिस इनकी तलाश कर रही है। स्थानीय अफसरों ने दावा किया कि जल्द ही नेटवर्क से जुड़े और लोग पकड़े जाएंगे।

लखनऊ में ISIS का नेटवर्क, हारिश का करीबी था सक्रिय

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी एटीएस की जांच में आईएसआईएस से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। बीडीएस छात्र हारिश अली के करीबी का लखनऊ कनेक्शन सामने आया है, जो शहर और आसपास के क्षेत्रों में युवाओं को जिहाद के लिए प्रेरित करने में सक्रिय था। एटीएस ने हारिश अली को सात दिन की कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए अदालत में अर्जी दी है, जिस पर सोमवार को सुनवाई होगी।

हारिश के मोबाइल और लैपटॉप की फरेंसिक जांच में कई अहम जानकारियां मिली हैं। जांच के दौरान आठ से अधिक संदिग्धों की पहचान हुई है, जो सोशल मीडिया के जरिए इस नेटवर्क से जुड़े थे और आतंकी गतिविधियों में भूमिका निभा रहे थे। एटीएस को आशंका है कि इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

जांच में यह भी सामने आया कि यह नेटवर्क इंस्टाग्राम, डिस्कॉर्ड और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित हो रहा था। बंद ग्रुप में युवाओं को पहले धार्मिक आधार पर जोड़ा जाता, फिर उन्हें भड़काकर हिंसक विचारधारा की ओर मोड़ा जाता था। इन प्लेटफॉर्म्स पर आईएसआईएस से जुड़ी सामग्री साझा कर युवाओं का ब्रेनवॉश किया जा रहा था।

3065 परिवारों ने घर छोड़ा तब धरातल पर उतरा एयरपोर्ट

नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लोकार्पण के लिए तैयार है। समारोह की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। 28 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी इसे जनता को समर्पित करेंगे। इस सपने को साकार करने की कहानी कब और कैसे शुरू हुई, क्या-क्या अड़चनें आईं और कैसे इन बाधाओं को पार करते हुए उड़ान का रास्ता बनता चला गया, एनबीटी इसी से जुड़ी कुछ कहानियों से आपको रूबरू कराएगा।

NBT रिपोर्ट, ग्रेनो: नोएडा एयरपोर्ट को धरातल पर उतारने के लिए 3,065 परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा। इन परिवारों के गांव एयरपोर्ट साइट में आ गए। शासन-प्रशासन ने अधिग्रहण नियमों से हटकर किसानों के लिए फैसले लिए तो बात बनी। किसान परिवारों को प्रशासन ने जेवर बांगर में बसाया है। हालांकि प्रशासन ने शहर जैसी सुविधाएं देने का दावा किया है, लेकिन ग्रामीणों को अपने गांव की याद आज भी सताती है।

एयरपोर्ट का पहला चरण 1334 हेक्टेयर में विकसित किया गया है। इसमें रोही, पारोही, बनवारीवास, दयानतपुर, किशोरपुर व रन्हेरा गांव की जमीन गई है। इन गांवों के कुछ मजरों की जमीन भी इस प्रोजेक्ट में आई है। इसमें दयानतपुर न्याय पंचायत के मजरे दयानतपुर खेड़ा नगला छीतर, नगला शरीफ, रोही गांव व इसके मजरे नगला गणेशी, नगला फूलखां और किशोरपुर आंशिक को शिफ्ट किया गया। इसमें 3,065 परिवारों को दूसरी जगह बसाया गया है।

बन गई बात

- नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पहले चरण में 6 गांवों की जमीन ली गई
- सात गांव-मजरे शिफ्ट करने पड़े, प्रशासन ने नियमों में ढील दी तो बनी बात

प्लॉट दिया तो माने किसान

अधिकारियों ने किसानों के लिए अधिकतम 500 वर्ग मीटर का प्लॉट देने का वादा किया। जिस ग्रामीण का जितना बड़ा घर था, उसी हिसाब से उसे नई जगह प्लॉट दिया गया।

विस्थापन से बचा गांव

पहले चरण में 1334 हेक्टेयर जमीन ली गई है। पहले 1400 हेक्टेयर की जरूरत थी। एलाइनमेंट बदला गया तो 1334 हेक्टेयर की जरूरत बताई गई। इससे कुरैब गांव विस्थापित होने से बच गया।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL15 User: cci Time: 03-21-2026 00:26 Color:

वायरल वॉर

इस्राइली रिजर्व सैनिक गिरफ्तार

यरुशलम कोर्ट में शुक्रवार को आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम में काम करने वाले एक रिजर्व सैनिक की गिरफ्तारी का मामला आया। आरोप है कि उसने ईरानी अधिकारियों आयरन डोम से जुड़ी जानकारी शेयर की। सैनिक कथित रूप से पैसे के बदले संवेदनशील सैन्य जानकारी साझा कर रहा था। उसने ईरानी तत्वों के साथ संपर्क बनाए रखा और गोपनीय जानकारी पहुंचाई।

(The Jerusalem Post)

नेतन्याहू को धमकी... ईरानी जनरल की 1 घंटे में ही मौत

सऊदी, कतर, UAE और कुवैत के गैस-तेल प्लांट पर तेहरान का अटैक | ईरान ने कहा- पर्यटन स्थलों पर भी नहीं बच सकेंगे US-इस्राइल के लोग

■ एपी/एएफपी, दुबई/तेहरान

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की शुक्रवार को इस्राइल-अमेरिका की एयरस्ट्राइक में मौत हो गई। IRGC ने एक बयान में उनकी मौत की पुष्टि की है। मौत से एक घंटे पहले नैनी ने कहा था, 'इस्राइल और नेतन्याहू के लिए सरप्राइज तैयार है। ईरान की मिसाइल क्षमता अपने चरम पर है और दुश्मन को जल्द ही इसका असर देखने को मिलेगा।' जनरल अली मोहम्मद नैनी ने अपने आखिरी बयान में कहा था कि युद्ध के बावजूद ईरान लगातार मिसाइल बना रहा है और उसके पास पर्याप्त भंडार है।

जनरल नैनी

इसके एक घंटे बाद ही इस्राइल-अमेरिका के हवाई हमले में वह मारे गए। ईरान ने इस हमले को 'कायराना' बताया और कहा कि अमेरिका और इस्राइल की तरफ से यह हमला उसके शीर्ष सैन्य नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है।

ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में तेल और गैस ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। इन हमलों के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई। युद्ध शुरू होने के बाद यह 60% तक बढ़ चुकी है। यूरोप में नेचुरल गैस की कीमतें भी लगभग दोगुनी हो गई हैं।

ईरान के खुफिया मंत्री के अंतिम संस्कार में शुक्रवार को भारी भीड़ उमड़ी

'मनोरंजन स्थल, पार्क भी सेफ नहीं'

युद्ध बीच ईरान ने चेतावनी दी है कि अब दुनिया में कहीं भी अमेरिका और इस्राइल से जुड़े लोग सुरक्षित नहीं रहेंगे। ईरान के सैन्य प्रवक्ता जनरल अबोलफजल शेकारची ने सरकारी टीवी पर जारी बयान में कहा, 'अब हमारे पास आपके बारे में जो जानकारी है, उसके आधार पर दुनिया के किसी भी हिस्से में पार्क, मनोरंजन स्थल और पर्यटन स्थल भी सुरक्षित नहीं रहेंगे।'

इस्राइल ने सीरिया पर किए हमले

इस्राइल की सेना ने कहा कि उसने द्रूज समुदाय के हमलों के जवाब में सीरिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। सेना ने बताया कि उसने दक्षिणी सीरिया के स्वेदा में रहने वाली द्रूज आबादी पर हुए हमलों के जवाब में सीरिया के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। ईरान संघर्ष के दौरान सीरिया पर इस्राइल का पहला हमला माना जा रहा है।

नाटो कागजी शेर है, ये कायरता याद रखेंगे: ट्रंप

नाटो के लड़ाई में शामिल होने से मना करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के बिना, नाटो एक कागजी शेर है।' ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई में नाटो के भाग न लेने की बात पर ट्रंप ने दावा किया कि नाटो की ताकत अमेरिका की भागीदारी पर निर्भर है और उसके बिना यह 'कागजी शेर' के समान है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने नाटो के लिए 'कायर' जैसे शब्द का इस्तेमाल किया और कहा कि हम इस बात को याद रखेंगे। ट्रंप पहले भी नाटो को लेकर अपनी पुरानी चिंता दोहराते रहे हैं।

ईरान के सर्वोच्च नेता बोले, उनकी सुरक्षा छीन लेंगे: ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह मुजतबा खामेनेई ने देशवासियों के नाम नए संदेश में अपने देश के दुश्मनों की सुरक्षा छीन लिए जाने का शुक्रवार को आह्वान किया। खामेनेई ने इस्राइल के हमले में खुफिया मंत्री की मौत के बाद राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन को भेजे गए एक बयान में यह टिप्पणी की।

मुजतबा खामेनेई

वॉर अपडेट

15 भारतीय जल्द आएंगे: मंत्रालय

भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बीते दिनों सेफ सी विष्णु नाम के जहाज से रेस्क्यू किए गए 15 भारतीय इराक से निकाले जा चुके हैं और ये जल्द ही भारत वापस आ जाएंगे। ईरान से 913 भारतीय बॉर्डर पार कर अर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच चुके हैं। इनमें से कई भारत लौट चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री से बात

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग से बात की और पश्चिम एशिया संकट के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने X पर कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष वोंग से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपने विचार साझा किए।'

DGCA ने कहा, 9 देशों के एयरस्पेस से बचें एयरलाइंस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एयरलाइंस के लिए नई अडवाइजरी जारी की है। इसके तहत एयरलाइंस को बहरीन, ईरान, इराक, इस्राइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और यूएई के एयरस्पेस से 28 मार्च तक दूर रहने को कहा गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, इस क्षेत्र में हालात तेजी से बदल रहे हैं, जिससे उड़ानों का संचालन और जटिल हो गया है। एयरस्पेस बंद होने, ईंधन की बढ़ती कीमतों और बीमा प्रीमियम में इजाफे से लागत भी बढ़ रही है। डीजीसीए ने साफ किया है कि इन 9 देशों के एयरस्पेस में किसी भी ऊंचाई पर उड़ान से बचा जाए। हालांकि, ओमान और सऊदी अरब के ऊपर से उड़ान की अनुमति दी गई है, लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें लागू हैं। जैसे इन क्षेत्रों में 32,000 फीट से नीचे उड़ान नहीं भरी जा सकती। रेगुलेटर ने यह भी कहा कि अगर एयरलाइंस इन प्रभावित क्षेत्रों के एयरपोर्ट्स के लिए उड़ान जारी रखती हैं, तो उन्हें मजबूत बैकअप प्लान तैयार रखने होंगे।

सऊदी में सीतापुर के युवक की मौत

■ NBT न्यूज, सीतापुर: ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच सऊदी अरब के रियाद में काम कर रहे महमूदाबाद के बघाइन गांव निवासी रवि गोपाल (26) की मिसाइल हमले में मौत हो गई। घटना के समय वह पत्नी से फोन पर बात कर रहा था, तभी तेज धमाके के साथ संपर्क टूट गया। अगले दिन मौत की सूचना मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रवि 15 सितंबर 2025 को रोजगार के लिए सऊदी गए थे। प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करने वाले रवि 18 मार्च की रात करीब 9:20 बजे पत्नी से बात कर रहे थे। इसी दौरान फोन बंद हो गया था। बुजुर्ग माता-पिता के अनुसार रवि पर ही पूरे परिवार का जिम्मा था। मौत की जानकारी से माता-पिता के साथ ही पत्नी और बेटा बदहवास हो गया।

ईद पर अल-अक्सा मस्जिद रही बंद

■ यरुशलम में स्थित अल-अक्सा मस्जिद को पहली बार ईद की नमाज के लिए पहली बार बंद किया गया है। 1967 में पश्चिम एशिया युद्ध में ऐसा हुआ था।

■ कुछ विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें नमाज के लिए पहुंचे लोगों पर आंसू गैस और बल प्रयोग करते इस्राइली डिफेंस फोर्स के जवान दिखे।

पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस — 5 पॉइंट में समझें, इस्राइल के PM की युद्ध पर बात

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने गुरुवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि ईरान अब यूरेनियम संवर्धन और बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में सक्षम नहीं रहा। उन्होंने अपने बारे में फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष सिर्फ इस्राइल की सुरक्षा नहीं, बल्कि पूरी पश्चिमी सभ्यता के अस्तित्व की लड़ाई है। ईरान और उसके सहयोगियों को मौत का सौदागर बताया। नेतन्याहू ने इस युद्ध को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर अभी कार्रवाई नहीं की गई, तो ईरान अपनी परमाणु क्षमताओं को जमीन के अंदर इतनी गहराई में छिपा देता कि उन्हें नष्ट करना असंभव हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर अमेरिका और इस्राइल पूरी तरह एकमत हैं। नेतन्याहू ने उन देशों और नेताओं की आलोचना की जो तेल की कीमतों जैसी छोटी समस्याओं से डरे हैं। नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 5 अहम बातें क्या कहीं:

1 तीन लक्ष्य बताए

नेतन्याहू ने कहा कि हमारे 3 लक्ष्य हैं। पहला, परमाणु खतरे को खत्म करना। दूसरा, बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे को खत्म करना और इन दोनों खतरों को जमीन की गहराई में छिपने से पहले खत्म करना। तीसरा, ऐसा माहौल बनाना जिससे ईरान के लोग अपनी आजादी हासिल कर सकें और अपना भविष्य खुद तय कर सकें।

2 'US को नहीं घसीटा'

इस्राइली पीएम ने कहा, 'कहा जा रहा है कि इस्राइल ने अमेरिका को ईरान के साथ युद्ध में खींच लिया। क्या सच में ऐसा सोचा जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप को कोई बताएगा कि क्या करना है? मैं पिछले 40 साल से कह रहा हूं कि ईरान इस्राइल और दुनिया के लिए खतरा है और ट्रंप भी यही कहते रहे हैं। मुझे उन्हें समझाने की जरूरत नहीं पड़ी।

3 ईरान में शासन परिवर्तन

नेतन्याहू ने कहा, 'अक्सर कहा जाता है कि केवल हवाई हमलों से क्रांति नहीं लाई जा सकती। यह सही है और हम इससे आगे का कर रहे हैं।' इस सवाल पर कि क्या ईरानी सरकार कमजोर पड़ रही है? उन्होंने कहा, 'हां, इसके कई संकेत दिख रहे हैं।' क्या सरकार गिर जाएगी? इस सवाल के जवाब में बोले, 'यह अभी कहना मुश्किल है। अगर गिरी नहीं बच गई तो काफी कमजोर हो जाएगी।'

4 युद्ध कब खत्म होगा?

नेतन्याहू ने कहा कि हमारे पास साफ लक्ष्य है कि युद्ध कैसे खत्म करना है। हम मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करना चाहते हैं, जो हम कर रहे हैं। हम परमाणु कार्यक्रम को भी खत्म करना चाहते हैं, जो हम कर रहे हैं। ये लक्ष्य पूरे किए जा सकते हैं, लेकिन मैं इसके लिए कोई तय समय नहीं बताऊंगा। हम दिन नहीं गिन रहे, हम अपने लक्ष्य पूरे करने पर ध्यान दे रहे हैं।

5 गैस फील्ड पर हमले पर क्या बोले

नेतन्याहू ने कहा, 'मैं दो बातें साफ करना चाहता हूं। पहली- असलुयेह (Asaluyeh) गैस प्लांट पर हमला इस्राइल ने अकेले किया। दूसरी- राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे ऐसे हमले रोकने को कहा है, और हम अभी रुक गए हैं।

ईरान में जमीनी लड़ाई होगी? क्यों बढ़ी आशंका

अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत USS Tripoli, जिसमें करीब 2,200 मरीन और नौसैनिक सवार हैं, मध्य पूर्व की ओर बढ़ रहा है। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि यह कदम क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ने का संकेत देता है और ईरान में संभावित जमीनी तैनाती की अटकलों को तेज कर रहा है। सैटलाइट तस्वीरों में यह जहाज 15 मार्च को दक्षिण चीन सागर में और अगले दिन सिंगापुर के पास देखा गया। फिलहाल यह भारतीय जलक्षेत्र के करीब दक्षिणी हिंद महासागर से गुजर रहा है। Tripoli के साथ दो एस्कॉर्ट जहाज भी हैं, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगे भी साथ रहेंगे या अलग हो जाएंगे। इस जहाज पर अमेरिका की 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट है।

ट्रंप ने किया पर्ल हार्बर का जिक्र, असहज दिखीं जापान की प्रधानमंत्री

■ एपी/एएफपी, वॉशिंगटन: अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस में जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची (Sanae Takaichi) से गुरुवार को हुई बातचीत में 1941 के पर्ल हार्बर पर हमले का जिक्र किया, जिससे जापान की पीएम असहज दिखीं। हालांकि बातचीत की शुरुआत मजाकिया अंदाज में हुई। ट्रंप ने ताकाइची की अंग्रेजी पर पकड़ की तारीफ की और कहा, 'क्या आप अंग्रेजी समझती हैं? अच्छा है कि हमें अनुवाद के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।'

जापान की पीएम ने क्या कहा...

गल्फ के संघर्ष के बारे में बात करते हुए जापान की पीएम ने कहा, 'दुनिया बेहद गंभीर माहौल से गुजर रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ने वाला है।' उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि सिर्फ आप (ट्रंप) ही दुनिया में शांति ला सकते हैं। और इसके लिए मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय के कई साझेदारों से संपर्क करने के लिए तैयार हूं।' ताकाइची ने ईरान की ओर से पड़ोसी क्षेत्रों पर हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की भी निंदा की।

ट्रंप की बात से कैसे असहज हुईं...

एक सवाल पर ट्रंप ने कहा, 'हम सरप्राइज देना चाहते थे। सरप्राइज के बारे में जापान से बेहतर भला कौन जानता है? मैं ये सवाल कर सकता हूं कि आपने पर्ल हार्बर के बारे में क्यों नहीं बताया था। आप भी सरप्राइज में यकीन रखते हैं, शायद हमसे ज्यादा और हमने यही किया।' ट्रंप ने कहा, 'और इस सरप्राइज की वजह से हमने शुरुआती दिनों में ही 50% कामयाबी हासिल की। तो अगर मैं इसके बारे में सभी को पहले से बता देता तो ये सरप्राइज ना रहता।'

पर्ल हार्बर में क्या हुआ था?

7 दिसंबर 1941 को प्रशांत महासागर के बीच एक द्वीप समूह पर दो घंटे तक ऐसी बमबारी हुई जिसने दूसरे विश्व युद्ध का रुख मोड़ डाला था। जापान के हमले में पर्ल हार्बर पर तैनात अमेरिका के सभी 8 जंगी जहाज नष्ट हो गए थे। जापान के इस हमले में 2400 से ज्यादा अमेरिकी जवान मारे गए थे और 19 जहाज जिसमें 8 जंगी जहाज थे, नष्ट हो गए थे। इसके अलावा 328 अमेरिकी विमानों को भी नुकसान हुआ था। जापान पर अमेरिका के परमाणु हमले को इसी का बदला माना जाता है।

अमेरिका को खोने पड़े 16 सैन्य विमान, 10 टोही ड्रोन थे

■ NBT रिपोर्ट

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका को अब तक काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस युद्ध की शुरुआत से अब तक अमेरिका के कम से कम 16 सैन्य विमान नष्ट हो चुके हैं। इनमें 10 रीपर ड्रोन हैं, जिन्हें दुश्मन की फायरिंग में मार गिराया गया।

अमेरिका को सबसे बड़ा नुकसान दुर्घटनाओं में हुआ है

इसके अलावा कई अन्य विमान या तो हमलों में क्षतिग्रस्त हुए हैं या दुर्घटनाओं का शिकार बने हैं। रीपर ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने और सटीक हमले के लिए जाना जाता है। यह 50,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर 27 घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रहकर काम कर सकता है। सबसे बड़ा नुकसान लड़ाई के दौरान नहीं बल्कि दुर्घटनाओं में हुआ। कुवैत में अमेरिकी सेना के तीन F-15 लड़ाकू विमान गलती से अपनी ही फायरिंग (फ्रेंडली फायर) का शिकार हो गए। वहीं, एक KC-135 टैंकर विमान हवा में ईंधन भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 6 क्रू मेंबर की मौत हो गई।

होर्मुज जैसे इलाकों में काफी मुश्किल

ऐसी स्थिति यह भी दिखाती है कि फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक इलाकों में ऑपरेशन करना कितना मुश्किल है, क्योंकि सक्रिय एयर डिफेंस सिस्टम हर समय खतरा बने रहते हैं। पहले भी यमन के हूती लड़ाकों ने कई अमेरिकी ड्रोन गिराए थे। सऊदी अरब के एक एयरबेस पर खड़े पांच KC-135 टैंकर विमानों को ईरान के मिसाइल हमले में नुकसान पहुंचा। 9 ड्रोन तो ईरान ने हवा में ही मार गिराए हैं।

US का F-35 'क्रैश' क्यों है बड़ी बात?

■ नई दिल्ली: अमेरिका के F-35 फाइटर जेट को दुनिया के सबसे अडवांस्ड फाइटर जेट में एक माना जाता है और ये दुनिया में सबसे ज्यादा देशों में इस्तेमाल होने वाला फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट है। 19 मार्च 2026 से पहले ये फाइटर जेट किसी भी युद्ध में हिट नहीं हुआ था। लेकिन ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम ने इस फाइटर जेट को डिटेक्ट किया, इसे लॉक किया और फिर हिट किया। F-35 की सबसे बड़ी ताकत इसकी स्टेल्थ तकनीक कही जाती है। इसका डिजाइन, खास मटीरियल और इंटरनल वेपन इसे रडार की पकड़ में आने से बचाते हैं।

लखनऊ दरबार

एंटी ड्रोन सिस्टम के लिए खरीदे जाएंगे आठ रेडार पैनल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में वीवीआईपी महानुभावों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से दो एंटी ड्रोन सिस्टम के लिए 8 रेडार पैनल खरीदे जाएंगे।

इसके लिए शासन कुल 22 करोड़ 21 लाख 17 हजार 648 रुपये की राशि मंजूर की है। प्रत्येक रेडार पैनल की लागत कर सहित लगभग 2.77 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

एलवी एंटनी देवकुमार डीजी के पद पर प्रमोट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी एल.वी. एंटनी देवकुमार को डीजी के पद पर प्रमोट कर दिया है। जांच लंबित होने के चलते वह एक मार्च को प्रमोट नहीं हो पाए थे। देवकुमार 31 मई 2026 को रिटायर हो रहे हैं।

साइबर ठगी के सैलाब के आगे छोटी पड़ने लगी हेल्पलाइन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : साइबर और ऑनलाइन वित्तीय ठगी पर त्वरित कार्रवाई के लिए यूपी सरकार ने 1930 साइबर हेल्पलाइन को साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर (CFMC) से जोड़कर रियल-टाइम बैंकिंग ऐक्शन की व्यवस्था तो मजबूत कर ली है, लेकिन बढ़ते दबाव के सामने कॉल रिसीव करने की क्षमता बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जनवरी और फरवरी 2026 के आंकड़े बताते हैं कि साइबर हेल्पलाइन पर आने वाली 60 प्रतिशत से अधिक कॉल अटेंड ही नहीं हो पा रही हैं, जिससे 'गोल्डन ऑवर' में कार्रवाई का लाभ कई पीड़ितों तक नहीं पहुंच पा रहा।

सीटें बढ़ें तो राहत की उम्मीद, गोल्डन ऑवर में हो सकेगी ज्यादा कार्रवाई

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2026 में 1930 हेल्पलाइन पर कुल 2,78,242 कॉल आईं, जिनमें से केवल 1,13,973 कॉल ही रिसीव हो सकीं। यानी करीब 59 प्रतिशत कॉल अनअटेंड रहीं। फरवरी 2026 में स्थिति और गंभीर रही। इस महीने कुल 2,87,891 कॉल आईं, लेकिन महज 1,10,038 कॉल ही अटेंड हो पाईं। इस तरह फरवरी में 62 प्रतिशत से अधिक कॉल बिना रेस्पॉन्स के रह गईं। यह स्थिति तब है, जब सरकार साइबर ठगी के मामलों में शुरुआती कुछ मिनटों यानी 'गोल्डन ऑवर' को सबसे अहम मान रही है। इसी दौरान रकम को फ्रीज या खातों पर लियन मार्क कर नुकसान रोका जा सकता है।

दरअसल, बढ़ती शिकायतों को देखते हुए 31 जुलाई 2025 को लखनऊ के कल्ली पश्चिम में 30 सीटों वाला नया कॉल सेंटर शुरू किया गया था। इसके बाद 1930 हेल्पलाइन की कुल क्षमता 50 सीट (24x7) हो गई। इसके बावजूद कॉल्स का दबाव लगातार बढ़ता गया। अब सरकार 30 और सीटें जोड़ने की तैयारी में है। अगर ये 30 सीटें जुड़ती हैं तो कुल क्षमता 50 से बढ़कर 80 सीट हो जाएगी। यानी मौजूदा क्षमता के मुकाबले करीब 60 प्रतिशत की सीधी बढ़ोतरी होगी। इसका अर्थ यह है कि कॉल रिसीव करने की क्षमता भी करीब 60 प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जिससे अनअटेंड कॉल्स की संख्या में बड़ी कमी आने की उम्मीद है।

इधर, 1930 हेल्पलाइन को CFMC से जोड़ने के बाद कार्रवाई की रफ्तार में बड़ा बदलाव आया है। अब शिकायत मिलते ही सूचना सीधे CFMC तक पहुंचती है, जहां पुलिस और बैंक अधिकारी साथ बैठकर संदिग्ध खातों को तुरंत फ्रीज या लियन मार्क करते हैं। इसी का नतीजा है कि सितंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच राज्य में 24.12 करोड़ रुपये की साइबर ठगी रिपोर्ट हुई, जिनमें से 11.38 करोड़ रुपये की रिकवरी की गई। रिकवरी दर सितंबर 2025 में जहां 24.56 प्रतिशत थी, वहीं मार्च 2026 तक बढ़कर 88.65 प्रतिशत तक पहुंच गई।

CFMC में शामिल हैं ये बैंक : लखनऊ स्थित CFMC में फिलहाल 15 प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि पुलिस के साथ तैनात हैं। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक SBI, BOB, PNB, UBI, इंडियन बैंक, BOI, IOB, UCO, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब ऐंड सिंध बैंक, केनरा बैंक और निजी क्षेत्र के बैंक HDFC, AXIS, ICICI, इंडसइंड, RBL, कोटक महिंद्रा बैंक, YES बैंक, IDBI बैंक, बंधन बैंक शामिल हैं।

सात सहायकों के जरिए चल रहा है उत्तर प्रदेश का मदरसा शिक्षा परिषद

■ सूर्य प्रकाश शुक्ल, लखनऊ

उत्तर प्रदेश का मदरसा शिक्षा परिषद मात्र सात सहायकों के भरोसे काम कर रहा है। परिषद में कर्मचारियों की यह कमी कोई नई नहीं है। पिछले दो वर्ष से परिषद, कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। और तो और परिषद में खाली पदों को भरने की शासन स्तर से कोई कवायद भी नहीं हुई। यूं तो परिषद में रजिस्ट्रार से लेकर अर्दली तक के 33 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में यहां तैनाती सात सहायकों की ही है।

परिषद में रजिस्ट्रार सहित 33 पद स्वीकृत, तैनात महज सात कर्मचारी

रजिस्ट्रार का अतिरिक्त कार्यभार : परिषद में सबसे अहम पद रजिस्ट्रार का है, लेकिन वर्षों से इस पद पर तैनाती नहीं हुई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उप निदेशक या संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी को मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार का अतिरिक्त कार्यभार मिलता रहा है। वर्तमान में विभाग की उप निदेशक अंजना सिरोही के पास रजिस्ट्रार पद का अतिरिक्त कार्यभार है। यूपी के मदरसों का संचालन इस मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा किया जाता है। वर्तमान में यहां 16,500 से ज्यादा सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। 560 राज्य अनुदानित मदरसे हैं। इन अनुदानित मदरसों में 10 हजार से ज्यादा मदरसा शिक्षक और कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

स्वीकृत पद और नियुक्तियां : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद में रजिस्ट्रार का एक, उप रजिस्ट्रार/निरीक्षक के दो पद, सहायक लेखाधिकारी का एक पद, प्रशासनिक अधिकारी का एक पद, आशुलिपिक के दो पद, वरिष्ठ सहायक के छह पद, कनिष्ठ सहायक के नौ पद, टंकक का एक पद, सह स्टोर कीपर का एक पद, दफ्तरी का एक पद और अर्दली, परिचालक व स्वीपर के सात पद स्वीकृत हैं। लेकिन, मौजूदा समय में पूरे शिक्षा परिषद में छह वरिष्ठ सहायक और एक कनिष्ठ सहायक ही तैनात हैं।

काम पर पड़ता है असर : टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया (उप्र) के महासचिव हाजी दीवान साहब जमां ने कहा कि इस संबंध में विभिन्न एसोसिएशनों द्वारा कई बार सरकार को पत्र लिखा जा चुका है। कर्मचारियों की कमी की वजह से मदरसा परिषद के कामकाज पर असर पड़ता है। परीक्षा परिणामों की समय पर घोषणा नहीं हो पाती है, जिसका असर छात्रों के भविष्य पर पड़ता है। बच्चे विश्वविद्यालयों में समय पर प्रवेश लेने से चूक जाते हैं। प्रमाणपत्र सत्यापन जैसे कार्य लंबित होते हैं।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी का कहना है कि योगी सरकार में मदरसा शिक्षा की बेहतरी के लिए तत्पर है। मदरसा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। मदरसे के बच्चों को मॉडर्न एजुकेशन से जोड़ा गया है। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद में कर्मचारियों की इस कमी को जल्द शासन स्तर पर वार्ता कर दूर कराया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 03-21-2026 00:26 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

आज का दिन अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार की थीम है वन और अर्थव्यवस्थाएं। यह विषय टिकाऊ आर्थिक समृद्धि, आजीविका और रोजगार पैदा करने में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है, साथ ही यह दर्शाता है कि स्वस्थ अर्थव्यवस्थाओं के लिए वनों का संरक्षण कितना अनिवार्य है। वनों के महत्व, संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2012 में इसकी शुरुआत की थी।

NBT

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)।

Front Page-2

शनिवार, 21 मार्च 2026 > पेज 16

AI से वनों की निगरानी होगी मजबूत

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में अगर वर्तमान गति से वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जारी रहा तो जंगल छोटे, बिखरे और आग-सूखे से प्रभावित होंगे। लेकिन अगर सही नीतियां और संरक्षण अपनाए गए तो जंगल आंशिक रूप से पुनर्जीवित हो सकते हैं। भारत में मैनेज्ड फॉरेस्ट और एग्रोफॉरेस्ट्री बढ़ेंगे। AI और तकनीक जैसे ड्रोन, सैटलाइट और सेंसर जंगलों की निगरानी, आग रोकने, पेड़ लगाने और वन्यजीव संरक्षण में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

AI Images

फटाफट खबरें

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को धमकी

■ भाषा, नई दिल्ली: केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात

व्यक्ति ने फोन पर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि फोन करने वाले का पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में पता चला है।

गंभीर की याचिका पर सुनवाई 23 मार्च को

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर की पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तारीख तय की है। यह मुकदमा 16 डिफेंडेंट के खिलाफ दायर किया गया है।

उत्तराखंड में पांच विधायक बने मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: उत्तराखंड में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार हुआ। विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा को मंत्री बनाया गया। अब राज्य मंत्रिमंडल की संख्या 12 हो गई है, जो संवैधानिक प्रावधान के तहत अधिकतम सीमा है।

स्कूल न जाने वालों की होगी पहचान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्कूल से बाहर और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पहचान करने और उन्हें फिर से मुख्यधारा में शामिल करने के लिए शिक्षा मंत्रालय एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने जा रहा है। नई शिक्षा नीति में साल 2030 तक प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 फीसदी नामांकन का लक्ष्य तय किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 14-18 साल की उम्र के लगभग 2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, जबकि कक्षा 3-8 के लगभग 11 फीसदी बच्चे स्कूल से बाहर हैं।

दिव्यांगों के लिए कैब में वीलचेयर ज़रूरी : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिव्यांगजनों की मदद के लिए बेहतर इंतजाम करने की जरूरत पर जोर दिया। कोर्ट ने कहा कि कैब सेवाओं को इस तरह तैयार किया जाना चाहिए कि उनमें वीलचेयर और अन्य सहायक डिवाइस रखने की सुविधा हो। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच दिव्यांगजनों के लिए फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

■ कोर्ट ने फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जताई चिंता

बेंच ने कहा कि आज बड़े शहरों में हर जगह कैब उपलब्ध है, इसलिए कैब कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे दिव्यांगजनों की वीलचेयर और अन्य सहायक डिवाइस को समायोजित कर सकें। कोर्ट ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैब की व्यवस्था करने का भी सुझाव दिया। अदालत ने कहा कि कैब ऐप में ऐसे विकल्प हो सकते हैं, जहां से दिव्यांगजनों के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई कैब बुक की जा सके।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि दिव्यांगजनों को कैब में चढ़ने में काफी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर कैब सीएनजी फिट वाली होती हैं, जिससे गाड़ी में जगह कम हो जाती है और वीलचेयर रखने की सुविधा नहीं मिलती। उन्होंने यूरोपीय देशों की तरह यूनिवर्सल डिजाइन लागू करने का सुझाव भी दिया।

इस पर बेंच ने केंद्र सरकार के वकील से सवाल किया कि अगर किसी व्यक्ति का घर मुख्य सड़क से एक किलोमीटर दूर है और वह ऑटोमेटिक वीलचेयर पर आता है, लेकिन उसे कैब में नहीं रख सकता, तो वह क्या करेगा। केंद्र सरकार के वकील ने बताया कि इन मुद्दों की समीक्षा संबंधित डिपार्टमेंट द्वारा की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह के मामलों के लिए सुप्रीम कोर्ट पहले ही एक कमिटी बना चुका है। बेंच ने कहा कि इस याचिका में उठाए गए मुद्दों पर भी वही कमिटी विचार कर सकती है। हालांकि याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनका मामला अलग है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को तय की है।

जुडिशरी से जुड़े चैप्टर मामले में बनी एक्सपर्ट कमिटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: NCERT के किताब में जुडिशरी से जुड़े चैप्टर पर हुए विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि NCERT ने 8वीं क्लास की किताब में जुडिशरी से जुड़े चैप्टर फिर से लिखने के लिए 3 मेंबरों की एक एक्सपर्ट कमिटी का गठन किया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि कमिटी में सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस इंदु मल्होत्रा, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल हैं। कमिटी के गठन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपनी ओर से सुनवाई का निपटारा कर दिया।

SC ने मामले में अपनी ओर से सुनवाई का निपटारा किया

ब्राजील में बच्चों के लिए ऑटोप्ले, स्क्रॉल फीचर्स पर लगी रोक

■ NBT रिपोर्ट: ब्राजील की सरकार ने बच्चों और किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए नया कानून लागू किया है। इसके तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऑटो-प्ले, नॉन स्टॉप स्क्रॉल और ध्यान खींचने वाली नोटिफिकेशन जैसी सुविधाओं पर रोक लगा दी गई है, ताकि बच्चों में लत और अत्यधिक स्क्रीन टाइम को कम किया जा सके।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए कानून के तहत प्लेटफॉर्म्स को अब सही तरीके से उम्र जांचनी होगी और शुरू से ही प्राइवेसी और सुरक्षा सेटिंग्स ऑन रखनी होंगी। कंपनियों को सुनिश्चित करना होगा कि बच्चों को गलत या खतरनाक कंटेंट न दिखे और शिकायत मिलते ही उसे हटाया जाए। वहीं, टिकटॉक ने ब्राजील में 16 साल से कम यूजर के सभी अकाउंट की सेटिंग प्राइवेट करने का फैसला किया है।

एयर इंडिया ने गलत मॉडल का प्लेन भेजा

■ NBT रिपोर्ट

एयर इंडिया की दिल्ली से वैंकूवर जा रही फ्लाइट AI-185 को एक बड़ी चूक के चलते बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, 19 मार्च को यह उड़ान बोइंग 777-200 LR विमान से रवाना हुई थी, जबकि कनाडा के लिए एयर इंडिया को सिर्फ बोइंग 777-300 ER विमान उड़ाने की अनुमति है। करीब 4 घंटे की उड़ान के बाद, जब विमान चीन के कुनमिंग के पास एयरस्पेस में पहुंचा, तब इस गलती का पता चला। इसके बाद विमान को तुरंत वापस दिल्ली बुलाया गया। फ्लाइट ने सुबह 11:34 बजे उड़ान भरी थी और करीब 9 घंटे बाद शाम 7:19 बजे दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इसे 'ऑपरेशनल इश्यू' बताया और कहा कि विमान सुरक्षित उतरा। यात्रियों को होटल और अन्य सुविधाएं दी गईं, और उन्हें जल्द ही दूसरी फ्लाइट से वैंकूवर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, अलग-अलग देशों के अपने एविएशन नियम होते हैं और कनाडा ने एयर इंडिया को केवल B777-300 ER विमानों के लिए मंजूरी दी हुई है।

9 घंटे बाद दिल्ली लौटी एयर इंडिया की फ्लाइट

'जिम्मेदार अफसरों पर होगी कार्रवाई'

सूत्रों के अनुसार, एयरलाइन ने गलती को गंभीरता से लिया है और जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की बात कही गई। एक बोइंग 777 विमान हर घंटे 8-9 टन ईंधन खर्च करता है, ऐसे में गलती आर्थिक रूप से भारी पड़ी।

पुलिस का बयान

'भारत से जुड़ी गुप्त गतिविधि अब कनाडा में नहीं'

■ पीटीआई, ओटावा: कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि उनके देश में अब भारत सरकार से जुड़ी 'कोई गुप्त गतिविधि या सीमा पार दमनकारी' कार्रवाई नहीं हो रही है। 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) के आयुक्त माइक डुहेम ने एक इंटरव्यू के दौरान यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया गया कि क्या 'भारत के एजेंटों द्वारा सीमा पार दमन' अब भी चिंता का विषय है। डुहेम ने इसके जवाब में कहा, 'वर्तमान में हमारे पास मौजूद आवश्यक जानकारी और जांच के आधार पर, हमें किसी भी विदेशी संस्था से कोई संबंध नजर नहीं आता।'

कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा, सीमा पार दमनकारी कार्रवाई नहीं हो रही है

वर्चस्व ही दुनिया में संघर्ष की जड़ : भागवत

■ भाषा, नागपुर: RSS प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की असली जड़ स्वार्थ और वर्चस्व की चाह है। उन्होंने कहा कि स्थायी शांति सिर्फ एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही संभव है। नागपुर में भागवत ने कहा, दुनिया संघर्षों के समाधान के लिए अलग-अलग विचारों को अपनाती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली है।

मोहन भागवत

वैष्णो देवी मंदिर में 31 हजार श्रद्धालु पहुंचे

■ पीटीआई, जम्मू : नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में 31,000 से अधिक श्रद्धालु खराब मौसम की परवाह किए बिना पहुंचे और देवी मां के दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि नवरात्र के पहले दिन (गुरुवार) रात 10 बजे तक करीब 31,690 तीर्थयात्रियों ने मंदिर में दर्शन किए और पूजा की।

22 हजार करोड़ की संपत्ति अटैच

■ NBT रिपोर्ट: ED ने एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी संपत्ति अटैच की है। इसकी कीमत 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। ED के मुताबिक, यह कार्रवाई चंडीगढ़ स्थित पर्ल्स ग्रुप के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत की गई है। ग्रुप पर 49 हजार करोड़ रुपये की पोंजी स्कीम चलाने का आरोप है। अटैच की गई 126 संपत्तियां पंजाब और दिल्ली में हैं।

तांत्रिक कांड में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का इस्तीफा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रेप के आरोपी अशोक खरात के साथ महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर की कथित तस्वीरें वायरल होने के बाद सियासत का पारा चढ़ गया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर को स्वघोषित तांत्रिक अशोक खरात के साथ कथित संबंधों को लेकर विपक्ष ने निशाना बनाया। खरात को पुलिस ने एक महिला रेप करने और धार्मिक प्रथाओं की आड़ में कई लोगों का शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। खरात श्री ईशानेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष भी है, जहां चाकणकर सदस्य है।

File Photo

रूपाली चाकणकर

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. सरकार ने ऑनलाइन जुआ, सट्टेबाजी से जुड़ी कुल कितनी वेबसाइट और ऐप ब्लॉक की है?
   A. 300 B. 8400 C. 5000
2. CBDT के नए नियमों के अनुसार बड़े खर्चों (जैसे प्रॉपर्टी, गाड़ी, होटल बिल) पर कौन सी ID अनिवार्य की गई?
   A. PAN B. आधार कार्ड C. पासपोर्ट
3. किस ईंधन की कीमत में 22 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है?
   A. पेट्रोल B. CNG C. इंडस्ट्रियल डीजल
4. बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए नया कानून किस देश ने लागू किया है?
   A. भारत B. ब्राजील C. अमेरिका
5. ब्रिटेन में वीजा और स्पॉन्सर लाइसेंस फीस में कितने प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जाएगी?
   A. 6-7% B. 8-9% C. 10-12%

कल के जवाब

A1 B. अनुटिन चार्नवीराकुल A2 B. केकी मिस्त्री A3 A. सऊदी अरब A4 B. विक्रम दोराईस्वामी A5 A. डिफेंस

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और तीन के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेज की खबरों में ही छिपे हैं।

लकी विनर्स

1. आत्मा राम, नई दिल्ली
2. संगीता धुरिया, लखनऊ
3. राजेंद्र नागर, गाजियाबाद

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: cci Time: 03-21-2026 00:07 Color:

हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नजर ट्रॉफी पर है। -श्रेयस अय्यर, कप्तान, पंजाब किंग्स

4

बोलर्स ने IPL में पारी में दो बार पांच-पांच विकेट निकाले हैं। इस लिस्ट में जेम्स फॉकनर, जयदेव उनादकट, जसप्रीत बुमरा और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं

पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हर्षित और सैम

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का नया सीजन शुरू होने में एक हफ्ते का समय बचा है और इस बीच कुछ टीमों को बड़ा झटका लगा है। कुछ खिलाड़ी बाहर हुए हैं तो कुछ के शुरुआती मैच से खेलने पर सस्पेंस है। ये सारे खिलाड़ी फास्ट बोलर हैं। हर्षित राणा टी20 वर्ल्ड कप से पहले प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह कोलकाता नाइटराइडर्स (KKR) के लिए बड़ा झटका है। इंग्लैंड के फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर सैम कुरन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेल सकेंगे।

पथिराना भी चोटिल: साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच के दौरान हर्षित के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा। KKR के हेड कोच अभिषेक नायर ने कहा, 'यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित पिछले कुछ सीजन से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं।' श्रीलंका के पेसर मथीशा पथिराना की चोट ने भी नए सीजन से पहले KKR की रणनीति को गड़बड़ा दिया है।

40 विकेट लिए हैं हर्षित राणा ने IPL में कुल 34 मैच खेलकर

IPL अपडेट

विकल्प पर विचार: राजस्थान टीम कुरन के विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे सैम को रॉयल्स ने चेन्नै सुपरकिंग्स से खरीदा था।

ऑस्ट्रेलिया की तिकड़ी पर सस्पेंस जारी

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार पेसर सीजन के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड IPL की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) आगामी व्यस्त सीजन को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेजमेंट कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम साउथ अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि साल 2027 में वनडे वर्ल्ड कप होना है। एक रिपोर्ट में कहा गया, "ये तीनों पेसर अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे।" टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सीजन में एक ही टेस्ट खेला है, जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे। दोनों ने टी20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले थे।

FILE
हर्षित राणा चोट की वजह से हुए बाहर

IPL 2026 POWER स्टैट्स

कीर्तिमान किंग कोहली

IPL में रनों का पर्याय बन चुके विराट कोहली ऐसे शिखर के करीब खड़े हैं, जहां आज तक कोई नहीं पहुंचा। वह लीग के इतिहास में 9000 रन पूरे करने वाले पहले बैटर बनने की दहलीज पर हैं। वह इस जादुई आंकड़े से मात्र 339 रन दूर हैं। यह पिछले 18 वर्षों की अटूट निरंतरता की कहानी है।

FILE

पसंदीदा स्टेडियम

स्टेडियम	रन	मैच
चिन्नास्वामी	3202	94
वानखेड़े	641	19
अरुण जेटली	534	11
हैदराबाद	486	11
ईडन गार्डन्स	430	14

ओपनिंग में बेस्ट (रन / पारी)

ओपनिंग	नंबर-3	नंबर-4	नंबर-5	नंबर-6	नंबर-7
5009	2815	376	173	237	51
128	93	13	8	13	4

पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी (रन / पारी)

टीम	रन	पारी
पंजाब किंग्स	1159	36
चेन्नै सुपरकिंग्स	1146	34
दिल्ली कैपिटल्स	1130	30
कोलकाता नाइटराइडर्स	1021	32
मुंबई इंडियंस	922	33

इन पर बनाए अधिक रन (पारी / रन)

बोलर	पारी	रन
आर अश्विन	23	181
रविंद्र जाडेजा	21	179
उमेश यादव	14	168
अमित मिश्रा	15	162
ड्वेन ब्रावो	12	157

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. IPL में कुल कितने बोलर्स ने दो बार पारी में पांच-पांच विकेट लिए हैं?
A) 6 B) 2 C) 4 D) 5
2. भारत अरुण IPL की किस टीम के बोलिंग कोच हैं?
A) दिल्ली कैपिटल्स B) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु C) मुंबई इंडियंस D) लखनऊ सुपर जायंट्स

कल के जवाब
1. A) क्रिस गेल 2. B) राजस्थान रॉयल्स 2. C) नैशविले

लकी WINNERS

1 जितेंद्र अरोड़ा, रोहिणी, दिल्ली

2 सिद्धार्थ, गुरुग्राम, हरियाणा

3 निशा खन्नी, कालकाजी, दिल्ली

4 कैलाश जांगिड़, झुंझुनूं, राजस्थान

5 सिद्धराज लोढ़ा, अंधेरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

IPL की दूसरी ट्रॉफी के लिए बेताब होगी टीम

यूथ पावर के बूते फिर रॉयल्स का 'पिंक ड्रीम'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राजस्थान रॉयल्स (RR) IPL के पहले ही सीजन से 'टैलंट हंट' की नर्सरी रही है। दिग्गज शेन वॉर्न की कप्तानी में पहले ही साल चैंपियन बनने वाली रॉयल्स ने फैंस की उम्मीदें आसमान तक पहुंचा दीं, लेकिन उसके बाद के सीजंस टीम के लिए किसी पहेली से कम नहीं रहे। ताकत और कामयाबी के बीच का तालमेल कहीं खो गया। टीम के हाथ कुछ खास नहीं लगा। अब लीग के 19वें सीजन में, राजस्थान की टीम अपनी पुरानी गौरवशाली कहानी को फिर से लिखने के इरादे से उतरेगी। क्या इस बार यूथ पावर के बूते राजस्थान का 'पिंक ड्रीम' हकीकत में बदलेगा?

प्रदर्शन में नहीं रही है स्थिरता: इस सीजन में RR एक मजबूत दावेदार होगी, लेकिन टीम के प्रदर्शन में वैसी निरंतरता और स्थिरता नहीं रही है। ओवरऑल IPL-2026 में राजस्थान रॉयल्स को 'कॉम्पिटिटिव' जरूर कहा जा सकता है, जो प्लेऑफ के लिए एक प्रबल दावेदार होगी। हालांकि, मौजूदा परिस्थितियों में उन्हें 'फेवरिट' नहीं कहा जा सकता।

Social Media

14 साल 23 दिन की उम्र में IPL डेब्यू किया था वैभव सूर्यवंशी ने। वह इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा प्लेयर हैं

35 बॉल पर सेंचुरी लगाई थी वैभव सूर्यवंशी ने। वह IPL में सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बैटर हैं

वैभव सूर्यवंशी

राजस्थान की ताकत

1. **विस्फोटक टॉप ऑर्डर:** टीम के पास IPL-2026 में सबसे आक्रामक ओपनिंग कॉम्बिनेशंस में से एक है। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पावरप्ले में किसी भी बोलिंग अटैक की बखिया उधेड़ सकते हैं।
2. **ऑलराउंडर्स की ताकत:** रविंद्र जाडेजा के रूप में बेहद अनुभवी ऑलराउंडर की वापसी हुई है। इससे बोलिंग में बढ़िया विकल्प के साथ बैटिंग में भी संतुलन मिलेगा।
3. **निडर कोर ग्रुप:** RR की रणनीति यूथ पावर के इर्द-गिर्द घूमेगी। नए कप्तान रियान पराग, ध्रुव जुरेल और वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी ऊर्जा और आक्रामक मानसिकता लेकर आएंगे।

टीम की चिंताएं

1. **अनुभव की कमी:** दूसरी टीमों के मुकाबले टीम में अनुभव की थोड़ी कमी झलकती है। हाई प्रेशर गेम्स में यह काफी मायने रखेगा।
2. **डेथ ओवर्स की बोलिंग:** RR की सबसे बड़ी कमजोरी डेथ ओवर्स में रन बचाना है। आर्चर की फिटनेस पर काफी कुछ निर्भर करता है।
3. **मिडल ऑर्डर:** टॉप ऑर्डर की बैटिंग विस्फोटक जरूर है, लेकिन मिडल ऑर्डर में यह देखना होगा कि तेज शुरुआत को टीम कैसे मेंटेन रख पाती है। टारगेट का पीछा करते समय यह ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा।

बिग हिटर्स की भरमार

अभी हाल में टी20 वर्ल्ड कप का विजेता बनने वाली भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि 'गरम खून' ने कमाल किया। दरअसल, RR के पास भी ऐसी 'यूथ पावर' है जो अपना दिन होने पर कमाल कर सकती है। रियान पराग के रूप में युवा और आक्रामक खिलाड़ी के पास कमान है। बैटिंग में यशस्वी अगुआई करेंगे। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी टी20 के सबसे खतरनाक बैटर्स में से एक हैं। मिडल ऑर्डर में खुद पराग और जुरेल होंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पंत को नए सीजन में अपने बोलर्स से बेहतर की उम्मीद

■ एजेंसियां, लखनऊ: IPL के पिछले सीजन में बोलिंग लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) की कमजोर कड़ी थी। टीम के कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सपोर्ट स्टाफ में भरत अरुण के आने से इस डिपार्टमेंट में टीम को मजबूत करने में मदद मिल रही है। पंत ने लखनऊ टीम के चेन्नै में लगाए गए कैंप और भारत के पूर्व बोलिंग कोच अरुण के जुड़ने से टीम के युवा पेसर्स को मिल रही मदद के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'पेसर्स के साथ कैंप बेहतरीन रहा। अरुण सर के आने से काफी मदद मिल रही है। हमने इस पर काफी बात की है कि मैं बोलिंग से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं।'

IPL रिऐक्शंस

अरुण का अनुभव काम आएगा: उन्होंने कहा, 'वह बेस्ट बोलिंग कोच में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाए हैं। बोलर्स को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं। आपको एक बोलिंग कोच से यही चाहिए होता है।' पंत ने आगे कहा, 'पिछले सीजन का प्रदर्शन देखें तो हमें बोलिंग में सुधार की जरूरत थी। इसमें अरुण सर हमारी मदद कर सकते हैं।' आगे ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हंसी मजाक सबको पसंद है क्योंकि माहौल वैसे ही इतना तनावपूर्ण है। हर कोई एक दूसरे के साथ का आनंद लेना चाहता है।'

Social Media
सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत

बोर्ड के लिए शिवा की गुगली!

सोशल विंडो

शिवरामकृष्णन ने 17 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू किया था। वह भारत की तरफ से 1983 से 1986 के बीच नौ टेस्ट मैच और 16 वनडे खेले।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: तेईस साल के कॉमेंट्री करियर में ना तो एक बार भी टॉस के लिए भेजा, ना ही किसी पुरस्कार वितरण समारोह में... इस शिकायत के साथ देश के पूर्व स्पिनर और जाने-माने कॉमेंटेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने BCCI के कॉमेंट्री पैनल से खुद को अलग करने का चौंकाने वाला फैसला लिया है। सवाल है कि यह सिर्फ एक इत्तेफाक है या इसके पीछे बड़ी कहानी छुपी है? शिवा का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूटा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'मैं BCCI के लिए कॉमेंट्री से संन्यास ले रहा हूं। पिछले 23 वर्षों से मुझे टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के लिए नहीं भेजा गया। जबकि नए लोग पिच रिपोर्ट, टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के लिए भेजे जाते रहे। मुझे तब भी नहीं भेजा गया जब रवि शास्त्री कोचिंग कर रहे थे, तो इसका क्या मतलब है?' उन्होंने टीवी प्रोडक्शन सिस्टम पर भी सवाल खड़े कर दिए।

रंगभेद का है मामला!

शिवा ने जब 'एक्स' पर पोस्ट डाला तो एक यूजर ने इस भेदभाव को लेकर पूछा- 'क्या आपकी स्किन कलर भी इसकी वजह है', तो इस पर लक्ष्मण का जवाब था- 'आप सही हैं। रंगभेद।' ऐसे में अब ये मामला सिर्फ कॉमेंट्री का नहीं रहा, बल्कि रंगभेद का गंभीर मुद्दा बन गया है। इससे BCCI की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। चूंकि क्रिकेट और दूसरे खेलों में रंगभेद का मुद्दा पहले दूसरे देशों के सिलसिले में उठता रहा है, लेकिन भारतीय क्रिकेट में शायद पहली दफा ऐसा हुआ हो। रंगभेद नीति को लेकर साउथ अफ्रीका बैन हो चुकी है।

सा. अफ्रीका Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, तीसरा मैच

लैथम और कॉन्वे ने दिलाई आसान जीत

■ एपी, ऑकलैंड: टॉम लैथम की 63* रन की पारी और डेवोन कॉन्वे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी20I मैच में साउथ अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की। साउथ अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। कॉन्वे ने 39 रन बनाए, जबकि टिम रॉबिंसन ने 17 रन बनाए।

AFP
टॉम लैथम

फटाफट खबरें

तन्वी सेमीफाइनल में

■ ऑरलियंस: भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा ने ऑरलियंस मास्टर्स सुपर-300 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वॉर्टर फाइनल में जापान की नात्सुकी निदैरा को 21-14, 21-14 से हराया। मेंस डबल्स में हरिहरन और एमआर अर्जुन की जोड़ी हारकर बाहर हो गई।

दिसंबर में होगा दौरा

■ जोहानिसबर्ग: भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम दिसंबर में साउथ अफ्रीका दौरे पर एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगी। वनडे सीरीज नौ से 15 दिसंबर तक होगी, जबकि एकमात्र टेस्ट 20-23 दिसंबर से खेला जाएगा। यह दोनों टीमों के बीच चौथा टेस्ट होगा।

रिधिमा को खिताब

■ नोएडा: रिधिमा दिलावरी ने विमिंस प्रो-गोल्फ टूर के छठे चरण का खिताब जीत लिया। उन्होंने लगातार तीसरे दिन 71 का स्कोर किया। जैस्मीन शेखर दूसरे स्थान पर रहीं। रिधिमा का इस सीजन का तीसरा खिताब है।

बागान को शिकस्त देकर मुंबई टॉप पर

■ NBT रिपोर्ट, कोलकाता: मुंबई सिटी ने शुक्रवार को इंडियन सुपर लीग (ISL) में मोहन बागान सुपर जायंट को 1-0 से मात दी। इस जीत के साथ मुंबई सिटी लीग की अंक तालिका में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। मोहन बागान 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मुंबई के लिए विजयी गोल नौफल पीएन ने मैच के 27वें मिनट में किया। दिन के एक अन्य मैच में ओडिशा एफसी ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 4-1 से हराकर लीग की अपनी पहली जीत दर्ज की।

इस्राइल फुटबॉल संघ पर फीफा का जुर्माना

■ एजेंसियां, ज्यूरिख: विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इस्राइल फुटबॉल संघ (IFA) पर भेदभाव विरोधी नियमों के उल्लंघन के लिए 1.5 लाख स्विस फ्रैंक (लगभग 1 करोड़ 78 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। जांच में पाया गया कि IFA नस्लभेदी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रहा। फीफा की अनुशासन समिति ने कहा कि क्लब के फैंस द्वारा लगातार नस्लभेदी नारे और व्यवहार सामने आए, जिन पर पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई। रिपोर्ट में इसे 'सिस्टमैटिक समस्या' करार दिया गया।

फुटबॉल कॉर्नर

AI IMAGE

बेटिकट देखने पर दंड

लंदन: आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले ब्रिटेन में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अब बिना टिकट स्टेडियम में घुसकर मैच देखना दंडनीय अपराध माना जाएगा। नए नियम के तहत दोषी पाए जाने पर 1000 पाउंड तक जुर्माना और पांच साल तक स्टेडियम में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

भारतीय टीम बैंकॉक में

बैंकॉक: AFC (एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन) अंडर-20 विमिंस एशियन कप की तैयारियों के लिए भारत की 24 सदस्यीय अंडर-20 महिला टीम बैंकॉक पहुंच गई है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ करेगा, जबकि अगले मुकाबले ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे से होंगे। टीम को मैच से पूर्व दो सप्ताह का अभ्यास समय मिलेगा।

घर लौटी ईरानी विमिंस टीम का हुआ शानदार स्वागत

■ एजेंसियां, तेहरान: ईरान महिला फुटबॉल टीम के स्वदेश लौटने पर राजधानी में उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने झंडे लहराकर और फूलों के गुलदस्ते भेंट कर खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। यह वापसी ऐसे समय में हुई है जब टूर्नामेंट के दौरान कुछ खिलाड़ियों द्वारा ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगे जाने की खबरें भी सामने आई थीं। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा, 'अपने देश लौटकर बेहद खुशी हो रही है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतने लोग स्वागत के लिए आएंगे।'

AFP
ईरानी विमिंस टीम की प्लेयर्स

देश

चंबल में अवैध खनन पर 3 राज्यों को नोटिस

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में हो रहे अवैध रेत खनन के मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकारों को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा है कि इन राज्यों से जवाब मिलने के बाद पूरे मामले पर विस्तार से सुनवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 2 अप्रैल को तय की गई है।

कॉपीराइट मामले में सुजॉय घोष को राहत

■ आईएएनएस, मुंबई: सुप्रीम कोर्ट ने साल 2016 में आई फिल्म 'कहानी-2' से जुड़े कॉपीराइट उल्लंघन मामले में फिल्म निर्देशक सुजॉय घोष के खिलाफ चल रही कार्रवाई को रद्द करने का फैसला सुनाया है। निर्देशक पर कहानी चुराने का आरोप था। झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को निर्देशक ने चुनौती दी थी।

CEC-EC नियुक्ति कानून पर सुनवाई से CJI अलग, नई बेंच करेगी 7 अप्रैल को सुनवाई

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (EC) की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (CJI) ने खुद को मामले से अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई ऐसी बेंच करेगी, जिसमें शामिल जज भविष्य में चीफ जस्टिस बनने की कतार में न हों। अदालत ने इस मामले को 7 अप्रैल 2026 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

सुप्रीम कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी। इस कानून में नियुक्ति करने वाली समिति से भारत के चीफ जस्टिस को हटा दिया गया है, जिसके खिलाफ याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

FILE

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर वह इस मामले की सुनवाई करते हैं तो हितों के टकराव की आशंका हो सकती है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 के अपने फैसले में कहा था कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और CJI की समिति द्वारा की जानी चाहिए। कोर्ट ने माना था कि नियुक्ति पूरी तरह कार्यपालिका के हाथ में छोड़ना लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसके बाद संसद ने दिसंबर 2023 में नया कानून बनाया। इसके तहत अब चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता (या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) शामिल होते हैं।

■ CJI ने हितों के टकराव की आशंका जताई
■ सरकार ने कानून में CJI को चयन समिति से हटा दिया था

इस कानून को NGO 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (ADR) ने चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि यह कानून चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को कमजोर करता है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने भी याचिका दायर कर केंद्र सरकार को 2023 के कानून के तहत नई नियुक्तियों से रोकने की मांग की है।

केंद्र ने बनाया नैशनल डेंटल कमिशन

■ NBT रिपोर्ट, रिपोर्ट: केंद्र सरकार ने डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए नैशनल डेंटल कमीशन का गठन किया है। इसके साथ ही देश में अब तक डेंटल शिक्षा को नियंत्रित करने वाली संस्था डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया को समाप्त कर दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना 19 मार्च 2026 को जारी की गई। नई व्यवस्था के तहत तीन स्वायत्त बोर्ड भी बनाए गए हैं, जो अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालेंगे। इनमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट डेंटल एजुकेशन बोर्ड, डेंटल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड और एथिक्स एवं डेंटल रजिस्ट्रेशन बोर्ड शामिल हैं। नेशनल डेंटल कमीशन के चेयरपर्सन के रूप में डॉ. संजय तिवारी की नियुक्ति की गई है।

नई व्यवस्था के तहत तीन स्वायत्त बोर्ड भी बनाए गए

बंगाल में महिलाओं-बेरोजगारों को ₹1500 प्रतिमाह, सात नए जिले बनाने का वादा'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे बंगाल के लिए 10 प्रतिज्ञाएं बताते हुए राज्य के विकास और सामाजिक सुरक्षा को केंद्र में रखा है। घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों और बुजुर्गों के लिए कई अहम वादे किए गए हैं। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को 1,500 (सामान्य वर्ग) और 1,700 (एससी/एसटी) प्रति माह देने का वादा किया गया है। वहीं युवा साथी योजना के जरिए बेरोजगार युवाओं को 1,500 हर महीने सहायता जारी रखने की बात कही गई है।

ममता बनर्जी ने TMC का घोषणा पत्र जारी किया, 10 प्रतिज्ञाओं पर फोकस

ममता बनर्जी

कृषि क्षेत्र के लिए 30,000 करोड़ का बड़ा बजट प्रस्तावित है, जिससे किसानों और भूमिहीन किसानों को आर्थिक मदद और खेती के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा हर परिवार को पक्का घर और हर घर तक पाइप से स्वच्छ पानी पहुंचाने का वादा किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए हर ब्लॉक और शहर में दुआरे चिकित्सा कैंप आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में बांग्लार शिक्षायतन के तहत सरकारी स्कूलों के ढांचे को बेहतर बनाने की योजना है। घोषणा पत्र में बंगाल को पूर्वी भारत का ट्रेड हब बनाने, आधुनिक लॉजिस्टिक्स और ग्लोबल ट्रेड सेंटर बनाने का भी टारगेट रखा गया है। साथ ही बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना का दायरा बढ़ाने और 7 नए जिले बनाने का वादा किया गया है।

IAS-IPS तबादलों के खिलाफ HC में अर्जी

■ भाषा, कोलकाता: TMC नेता और सीनियर वकील कल्याण बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद कई IAS और IPS अधिकारियों के तबादले के निर्वाचन आयोग (ECI) के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। CEC ज्ञानेश कुमार को पक्षकार प्रतिवादी बनाया गया है।

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > शनिवार, 21 मार्च 2026 > फाल्गुन 30, शक संवत 1947, चैत्र शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG पेज 22*> मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow>twitter.com/nbtlucknow Vol 8 no.77

ईद मुबारक

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें स्पोर्ट्स

छुट्टी की सूचना

ईद पर शनिवार को एनबीटी ऑफिस बंद रहेगा। अगला अंक सोमवार को मिलेगा। ताजा खबरों के लिए देखते रहें nbt.in

फटाफट खबरें

HC के आदेश के बाद UNI का दफ्तर सील

दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट के फैसले के बाद शुक्रवार रात 9, रफी मार्ग स्थित न्यूज एजेंसी यूएनआई का दफ्तर सील कर दिया। एजेंसी ने दफ्तर की जमीन का आवंटन रद्द करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने एजेंसी की याचिका खारिज कर दी।

जुए-सट्टे वाली 300 वेबसाइट्स बंद

सरकार ने 300 अवैध वेबसाइट और ऐप्स ब्लॉक कर दिए हैं। अब तक कुल 8,400 वेबसाइट और ऐप्स ब्लॉक किए गए हैं, जिन पर अवैध सट्टेबाजी हो रही थी। अधिनियम को ऑनलाइन गेमिंग ऐक्ट के पारित होने के बाद ब्लॉक किया गया है।

1 अप्रैल से बदलेंगे आयकर के नियम

CBDT ने नए इनकम टैक्स नियम जारी कर दिए हैं। ये 1 अप्रैल से लागू होंगे। कई नियमों को सरल बनाया गया है, जिससे टैक्स फाइल करना आसान होगा। PF, ग्रैच्युटी के फॉर्म बदलेंगे। किरायेदार और मकान मालिक के रिश्ते का खुलासा करना होगा। पेज 14

हैपी मॉर्निंग

हम रोज सोचते हैं।
जो होगा देखा जाएगा
फिर जो होता है वह देखा
नहीं जाता।

*18+4 Lucknow Times

जंग में महंगाई ने खोला मोर्चा

कच्चे तेल में उफान के बीच प्रीमियम पेट्रोल ₹2 महंगा | इंडस्ट्रियल डीजल में ₹22 प्रति लीटर का बड़ा इजाफा | ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना भी महंगा हो गया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर दुनियाभर में चढ़ती तेल कीमतों और गैस संकट के रूप में दिखने लगा है। इसकी आंच भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने लगी है। शुक्रवार से प्रीमियम पेट्रोल 2 रुपये/लीटर महंगा हो गया। इंडस्ट्रियल डीजल की कीमतों में 22 रुपये/लीटर का बड़ा इजाफा हुआ। हालांकि सरकार ने साफ किया कि सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं। क्या आगे बढ़ेंगे? इस पर सरकार ने कहा कि यह फैसला तेल कंपनियां करती हैं। इसमें सरकार का कोई दखल नहीं है।

जंग शुरू होने के बाद कच्चा तेल 50% तक महंगा हुआ है। प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल ज्यादातर लग्जरी कार और स्पोर्ट्स बाइक में होता है। सरकार ने कहा कि रोज बिकने वाले पेट्रोल में प्रीमियम का हिस्सा 2-4% तक ही है। इंडस्ट्रियल डीजल का इस्तेमाल फैक्ट्रियों, टेलिकॉम टावरों और उद्योगों के जेनरेटरों में होता है। जानकारों का कहना है कि इसके महंगे होने से मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ेगी।

वहीं, ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म Zomato ने शुक्रवार से प्लैटफॉर्म फीस में 19% का इजाफा किया है। यूजर को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय 14.90 यानी 2.40 रुपये ज्यादा फीस देनी होगी। पेज 15

हमलों के बीच अरब देशों में ईद की रौनक

AP
लेबनान के बेरूत में शुक्रवार को दिखी ईद की रौनक।

ईरान ने होर्मुज में शुरू किया टोल: रिपोर्ट

File

ईरान ने होर्मुज के अपने समुद्री क्षेत्र में 'सुरक्षित रास्ता' बनाया है, जहां से उसकी मंजूरी वाले जहाज ही गुजर सकते हैं। एक जहाज के लिए 20 लाख डॉलर (18 करोड़ रु.) वसूले जा रहे हैं। शिपिंग इंडस्ट्री से जुड़े मंच लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

वॉर अपडेट्स

- सऊदी अरब के रियाद में बुधवार को यूपी के सीतापुर के एक युवक की जान चली गई। जंग में अब तक 6 भारतीयों की मौत हो चुकी है।
- तेहरान पर इस्राइली हमले, इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी की मौत, नैनी ने कुछ घंटे पहले ही इस्राइल को दी थी धमकी। बासिज फोर्स के खुफिया प्रमुख जनरल इस्माइल अहमदी की भी जान गई।
- कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमला, बहरीन के वेयरहाउस में आग, ईरान ने कहा कि अब दुनिया के टूरिस्ट स्पॉट, पार्क और पब्लिक प्लेस निशाने पर हो सकते हैं।
- तीन और अमेरिकी वॉरशिप पश्चिम एशिया को रवाना, इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने कहा - हमने अमेरिका को जंग में नहीं घसीटा है।
- रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर 93.53 पर पहुंच गया।

नफरत के खिलाफ लड़ाई अपने समुदाय तक सीमित न हो: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ब्राह्मणों के खिलाफ नफरती भाषणों को जाति-आधारित भेदभाव के रूप में दंडनीय अपराध मानने की गुहार शुक्रवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ब्राह्मण क्या, हम तो किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण नहीं चाहते हैं। कोर्ट ने कहा कि कई बार लोग तभी आवाज उठाते हैं, जब उनके अपने समुदाय को निशाना बनाया जाता है, जो सही नहीं है। नफरत के खिलाफ लड़ाई सिर्फ अपने समुदाय तक सीमित न हो। यह सभी के लिए होनी चाहिए।

याचिकाकर्ता महालिंगम बालाजी ने केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की थी कि ब्राह्मणों के खिलाफ नफरती भाषण पर तुरंत कानूनी कार्रवाई हो। एजेंसियां जांच करें कि क्या कोई संगठित अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मकसद ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ नफरत या हिंसा फैलाना है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिका वापस लेने की मंजूरी दी।

'मेड नहीं, लाइफ पार्टनर है पत्नी'

सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवाद के मामले में शुक्रवार को कहा कि पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता। आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। [**NBT रिपोर्ट**]

यूपी कॉलेज में प्रिंसिपल के सामने छात्र की हत्या

सीने, सिर और पेट में आठ गोलियां मारी

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** उदय प्रताप कॉलेज (यूपी कॉलेज) में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सामाजिक विज्ञान संकाय के गलियारे में ताबड़तोड़ फायरिंग कर बीएसएसी के छात्र सूर्य प्रताप सिंह की हत्या कर दी गई। वह चौथे सेमेस्टर का छात्र था और हॉस्टल में रहता था। आरोपित छात्र मनजीत से उसकी झड़प हुई थी। इस पर प्रिंसिपल ने दोनों को बुलाया और बातचीत की। इसी बीच मनजीत ने पिस्टल निकाली और फायरिंग कर दी। उसने सूर्य के सीने, कनपटी,

सूर्य प्रताप सिंह

सिर व पेट में कुल आठ गोलियां मारी। इसके बाद मनजीत और उसके साथी पिस्टल फेंककर भाग निकले।

वारदात से नाराज छात्रों ने कॉलेज में बवाल व तोड़फोड़ की। प्राचार्य के आवास पर भी धावा बोला। कॉलेज में फोर्स तैनात करनी पड़ी। पुलिस ने पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने खुद प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार सिंह से पूछताछ की। डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपित मनजीत चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य का पता लगाया जा रहा है।

1 अप्रैल से LDA से नक्शा पास करवाना महंगा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** राजधानी में अब मकान बनाना और महंगा होगा। एलडीए ने नक्शा पास करने के शुल्क में 3.58% तक बढ़ोतरी की है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में तय हुआ कि नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। साथ ही शारदानगर विस्तार में कम आय वर्ग के लिए 848 फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके लिए ₹200 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई। पेज 5

घनघोर बारिश से अंधेरा, पारा गिरा

चैत्र में मौसम ने चौंकाया, ओले भी गिरे

■ **टीम NBT, लखनऊ:** चैत्र के दूसरे ही दिन मौसम ने चौंका दिया। पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ समेत कई जिलों में शुक्रवार सुबह इतने घने बादल छाए कि अंधेरा छा गया। सुबह करीब 9:30 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। ओले भी गिरे। बारिश-बूंदाबांदी का सिलसिला देर शाम तक चला। यूं तो शाम 5:30 बजे तक महज 18 मिमी बारिश दर्ज हुई, लेकिन बदले मौसम के बीच दिन का पारा 12.4 डिग्री लुढ़ककर 23.5 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में कई जगह शनिवार को भी बारिश के आसार हैं।

NBT
लखनऊ में सुबह 9:30 बजे इतना अंधेरा हो गया कि वाहनों की लाइटें जलानी पड़ीं।

5 की मौत: बदले मौसम के बीच कई जगह बिजली गिरी। इससे प्रयागराज दो और जौनपुर, सीतापुर व बहराइच में एक-एक मौत हुई।

फसलों को नुकसान: बारिश संग तेज हवाएं चलने से गेहूं, अरहर और मूंग की फसल को नुकसान हुआ। आम के बौर भी बड़ी मात्रा में गिर गए। इनमें रोग लगने की आशंका भी बढ़ गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने फसलों के नुकसान का आकलन कर तुरंत राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। पेज 5, 13

UPTET के लिए आवेदन 27 से

UPTET 2026 का विज्ञापन शुक्रवार को जारी हो गया। ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन 27 मार्च से होंगे। आवेदन करने और शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख 26 अप्रैल है। परीक्षा 2, 3 व 4 जुलाई को होगी।

भोजशाला परिसर में जैन मंदिर का दावा

मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला को लेकर हाई कोर्ट में जैन समाज की ओर से याचिका दाखिल हुई है। इसमें दावा किया गया है कि भोजशाला मंदिर व मस्जिद नहीं, बल्कि जैन समाज का गुरुकुल है। कोर्ट ने सरकार और अन्य प्रतिवादियों को आपत्तियां पेश करने का निर्देश दिया।

bigbasket
A TATA Enterprise

हमारा वादा
250+ ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज
230+ हानिकारक केमिकल्स से मुक्त
30,000+ किसानों से सीधे लाया जाता है

India Organic
Jaivik Bharat
द्वारा प्रमाणित

तुरंत डिलीवरी

पेश है
bb ROYAL™ Organic
A TATA Product

हर 4 में से 1 बिगबास्केटीयर ऑर्गेनिक चुन रहा है। क्या आपने चुना?

हमारी प्रक्रिया
मिट्टी की जाँच की जाती है, ताकि कोई केमिकल अवशेष न रहे
नीम का तेल, गोबर और वर्मीकम्पोस्ट जैसे प्राकृतिक खाद का उपयोग किया जाता है
सुरक्षित कीट नियंत्रण
हर बैच की जाँच, ताकि हानिकारक केमिकल्स न हों

ICICI Bank 10% instant discount on all Credit Cards up to ₹150.00 on a minimum order value of ₹999.00 Use Code ICICICC
PhonePe Get Flat ₹30.00 Cashback on a min. order of ₹299.00 Pay with a RuPay Credit Card on UPI via PhonePe
FREE Delivery on your first 4 orders
Flat ₹150/- off* on your first order *T&C apply

T&C apply. For more details, offers, terms & conditions visit the bigbasket app or log on to bigbasket.com /FAQ | Images are for illustration purposes only.
PENTAGON 13415

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: cci Time: 03-20-2026 23:30 Color:

नवरात्र बाद भाजपा संगठन में बड़े बदलाव

मंत्रिमंडल विस्तार भी जल्द, मंथन तेज, सीएम आवास पर हुई समन्वय बैठक में विधानसभा चुनाव सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नवरात्र बाद भाजपा संगठन में बड़े बदलाव होंगे। उसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार भी जल्द हो सकता है। इसके लिए पार्टी, सरकार और संघ ने मंथन तेज कर दिया है। इसके साथ ही अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव सहित कई मुद्दों पर शुक्रवार को बैठकों का लंबा दौर चला। मुख्यमंत्री आवास पर दो चरणों में समन्वय बैठक हुई। उससे पहले विश्व संवाद केंद्र पर संघ और भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक की।

दिसंबर में प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही पंकज चौधरी लगातार प्रदेश संगठन तैयार करने में जुटे हैं। सभी जिलाध्यक्षों के बाद जिला कार्यकारिणी को लेकर वह प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल के साथ बैठकें कर रहे हैं। पश्चिम और ब्रज क्षेत्र की कार्यकारिणी फाइनल करने को लेकर वह पहले ही बैठकें कर चुके हैं। बाकी क्षेत्रों की कार्यकारिणी भी इसी हफ्ते फाइनल होने की उम्मीद है। प्रदेश कार्यकारिणी को भी अंतिम रूप देने के लिए मंथन किया जा रहा है।

चुनौतियों के समाधान पर मंथन

वर्तमान की चुनौतियों खासकर पार्टी के अंदर जातीय द्वंद्व का हल निकालने पर मंथन किया गया। इसी संदर्भ में यूजीसी, शंकराचार्य और पार्टी नेताओं की जातीय बैठकों का मुद्दा भी आया। इन मुद्दों पर जल्द समाधान निकालने और एक स्पष्ट दिशा तैयार करने पर चर्चा हुई।

आयोगों और बोर्डों के खाली पद भरे जाएंगे

कई आयोगों और बोर्डों में पद खाली हैं। इनमें पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को समाहित करने पर विचार किया गया, जिनको संगठन में जगह नहीं मिल पाती है या पुराने पदाधिकारी जिनको हटाया जाता है तो उनको इसमें प्राथमिकता दी जाएगी।

विधानसभा क्षेत्र में संघ की नजर

बैठक में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव तैयारियों पर भी मंथन किया गया। इसके लिए संघ और भाजपा के विभिन्न अभियानों को सक्रियता से चलाने पर जोर दिया गया। विभिन्न आयोजनों के जरिए चुनाव प्रचार को रफ्तार देने की बात भी हुई। साथ ही सभी विधानसभाओं में अभी से भाजपा के साथ ही संघ के पदाधिकारियों की तैनाती पर राय बनी ताकि व्यापक तौर पर समन्वय के साथ घर-घर तक वोटरों पर पकड़ बनाई जा सके।

दिनभर चला बैठकों का दौर

भाजपा, संघ और सरकार की शुक्रवार को हुई समन्वय बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री आवास पर दो चरणों में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार, दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार इसमें प्रदेश कार्यकारिणी पर भी मंथन हुआ। नए पदाधिकारियों को कार्यकारिणी में जगह दिए जाने पर चर्चा हुई। यह भी विचार किया गया कि कुछ पुराने अनुभवी पदाधिकारी हैं उनको राष्ट्रीय कार्यकारिणी, मंत्रिमंडल और विभिन्न आयोगों और बोर्डों में भी समाहित किया जा सकता है। कार्यकारिणी में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बनाने पर भी चर्चा हुई। खासकर ओबीसी, दलितों और महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने पर राय बनी। उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी जाए।

संगठन से कुछ जाएंगे मंत्रिमंडल में

कार्यकारिणी के बाद मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा हुई। संगठन से कुछ लोगों को मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। यूपी में इस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 54 मंत्री हैं। सरकार में कुल 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद दो मंत्री सांसद बन गए हैं। उनकी जगह खाली है। पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे जितिन प्रसाद अब लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि भी लोकसभा में पहुंच चुके हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित संगठन के कुछ लोगों को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की उम्मीद है।

अनुसंगिक संगठनों से समन्वय

सीएम आवास पर हुई दो बैठकों से पहले सुबह विश्व संवाद केंद्र पर भी एक बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख कृपाशंकर भाजपा और सरकार के साथ समन्वय का काम देख रहे महामंत्री अमर पाल मौर्य और गोविंद नारायण शुक्ल भी शामिल रहे। इसमें संघ के विभिन्न अनुसंगिक संगठनों के मुद्दों और उनके साथ समन्वय पर भी चर्चा हुई। पार्टी और सरकार के बीच विभिन्न मुद्दों पर समन्वय बनाए जाने पर बात हुई।

43 डिप्टी एसपी बने एएसपी, प्रमोशन का आदेश जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने 43 डिप्टी एसपी को एएसपी पद पर पदोन्नति दे दी है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को वरिष्ठता व योग्यता के क्रम में पदोन्नत किया गया है।

गृह विभाग की ओर से जारी किया गया आदेश

इन अफसरों का हुआ प्रमोशन : राजेश कुमार तिवारी, अवनीश्वर चन्द्र श्रीवास्तव, हीरेन्द्र कृष्ण, धर्मेंद्र कुमार यादव, अमित कुमार श्रीवास्तव, दीपक कुमार सिंह, एहसान वैभव पाण्डेय, स्नेहा तिवारी, नवीन शुक्ला, पंकज कुमार श्रीवास्तव, स्वतंत्र कुमार सिंह, हरिओम यादव, प्रेम प्रकाश यादव, देवेंद्र सिंह, वरुण कुमार सिंह, तनु उपाध्याय, संजय वर्मा, निष्ठा उपाध्याय, श्रेष्ठा, उदय प्रताप सिंह, अजीत कुमार रजक, गिरीश कुमार सिंह, आलोक प्रसाद, चंद्रकेश सिंह, अभिषेक तिवारी, पीयूष कांत राय, आलोक सिंह, सतीश चंद्र शुक्ल, बृज नारायण सिंह, ज्ञान प्रकाश राय, अभिनव यादव, अरविंद कुमार वर्मा, श्वेता कुमारी यादव, मोनिका यादव, राम आशीष यादव, समीक्षा यादव, इरफान नासिर खान, ओजस्वी चावला, वंदना शर्मा, सलोनी अग्रवाल, संतोष कुमार सिंह, अभिषेक प्रताप अजेय और अशोक कुमार वर्मा।

कानपुर में तैनात रहे डिप्टी एसपी मोहसिन खान समेत कुछ अफसरों के लिफाफे बंद रखे गए हैं। गृह विभाग के आदेश में साफ किया गया है कि जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच, अनुशासनात्मक कार्रवाई या न्यायिक प्रक्रिया लंबित है, उनके मामलों को अलग रखते हुए सीलबंद लिफाफे में विचार किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर कार्यशाला आज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा। इस मौके पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्रों में देश के वानिकी विशेषज्ञ अभिनव प्रयासों, वन प्रबंधन, आधुनिकीकरण और डिजिटलाइजेशन सहित कई विषयों पर प्रशिक्षण देंगे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम (A Govt. of India Undertaking)

एआरबी, लखनऊ : भू–तल, यूनियन बैंक भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010, ईमेल:– ubin0578720@unionbankofindia.bank

मेगा ई–नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक **10.04.2026 (समय: दोपहर 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक)** को होने वाली ई–नीलामी में **"जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के आधार"** पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है।

ऑनलाइन ई-नीलामी की वेबसाइट https://baanknet.com
नीलामी दिनांक व समय: 10 अप्रैल, 2026, दोपहर: 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित)

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतकर्ताओं का नाम और पता	ई–नीलामी हेतु सम्पत्तियों का विवरण	1. आरक्षित मूल्य 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि	1. सम्पर्क व्यक्ति/सम्पर्क 2. प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ई-मेल आईडी 4. स्थानीय अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र	ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि	भार का विवरण कब्जा सांकेतिक/भौतिक / लंबित मुकदमे का विवरण
1.	1. मेसर्स सोनालिका इंजीनियरिंग वर्क्स, प्रोप. श्रीमती इंदिरा सिंह, पत्नी श्री सुनील सिंह के माध्यम से, निवासी– एम 70, इंदिरा नगर, जिला रायबरेली, उ. प्र.–229001 (ऋणी) 2. श्रीमती इंदिरा सिंह, पत्नी श्री सुनील सिंह, निवासी– एम 70, इंदिरा नगर, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 (ऋणी) 3. श्री सुनील सिंह, पुत्र श्री बाबू सिंह राठौर, निवासी– एम 70, इंदिरा नगर, जिला रायबरेली, उ. प्र.–229001 (जमानतकर्ता) 4. श्री सुरेश चौधरी, पुत्र श्री एस. पी. चौधरी, निवासी– 213/29, सत्य नगर, रायबरेली, उ. प्र.–229001 (जमानतकर्ता)	लीज संपत्ति संख्या ए–9, क्षेत्रफल 450 वर्ग मीटर, इंडस्ट्रियल एस्टेट सलवन, लालगंज रोड, रायबरेली, स्वामित्व श्री सुनील सिंह, निवासी एम–70, इंदिरानगर, रायबरेली **लीज विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी:–उत्तर–पार्क, दक्षिण–9 मीटर चौड़ी सड़क, पूर्व–प्लॉट संख्या ए–8, पश्चिम–प्रशासनिक ब्लॉक**	1.रु.10,70,000/– 2.रु. 1,07,000/– 3.रु. 10,700/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3. ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248	रु. 58,12,510.96 (रुपये अट्ठावन लाख बारह हजार पाँच सौ दस व पैसे छियानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 10.07.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
2.	1. श्री शेषमणि चतुर्वेदी पुत्र श्री राम तापेश्वर चतुर्वेदी, चक अहमदपुर नजूल, कैंटल हाउस, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 (ऋणी) 2. श्री मयंक बाजपेयी पुत्र श्री गोविंद स्वरूप बाजपेयी, टी–11–बी, गुरुस रोड, रेलवे कॉलोनी, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 (जमानतकर्ता) 3. सुश्री सुनीता चतुर्वेदी पत्नी श्री शेषमणि चतुर्वेदी, सी–126, आवास विकास, इंदिरा नगर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 (जमानतकर्ता)	आवासीय भूमि, क्षेत्रफल 80 वर्ग मीटर, स्थित गाटा संख्या 753, खाता संख्या 675, अहमदपुर नजूल (ओवरब्रिज के पास), परगना एवं तहसील–रायबरेली, उत्तर प्रदेश, स्वामित्व सुनीता चतुर्वेदी, पत्नी श्री शेषमणि चतुर्वेदी **विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी**:–उत्तर–सड़क, दक्षिण–विक्रेता की भूमि, पूर्व –राम उजार का मकान, पश्चिम–विक्रेता की भूमि और फिर रेलवे लाइन	1.रु. 17,00,000/– 2.रु. 1,70,000/– 3.रु. 17,000/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3. ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248	रु. 1,27,10,478.75 (रुपये एक करोड़ सत्ताईस लाख दस हजार चार सौ अठहत्तर व पैसे पचहत्तर मात्र) मांग सूचना दिनांक 25.09.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
3.	1. श्रीमती दीपिका सिंह पत्नी स्व. श्री शिव प्रताप सिंह, पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट– मझिगांव हारदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: निवासी– मकान संख्या 846, एमआईजी–बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229316 2. श्री रंजीत सिंह, पुत्र स्व. श्री रामराज सिंह, पता: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हारदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123 (ऋणी) 3. श्रीमती वैष्णवी सिंह (वयस्क) पुत्री स्व. श्री शिव प्रताप सिंह (प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती दीपिका सिंह के माध्यम से), पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हारदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: निवासी–मकान संख्या 846, एमआईजी–बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229316 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी) 4. मास्टर अभ्युदय सिंह (वयस्क), पुत्र स्व. श्री शिव प्रताप सिंह (प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती दीपिका सिंह के माध्यम से), पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हारदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: निवासी–मकान संख्या 846, एमआईजी–बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229316 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी) 5. श्रीमती दीपिका सिंह, पत्नी स्व. श्री शिव प्रताप सिंह, पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हारदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: निवासी–मकान संख्या 846, एमआईजी–बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229316 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी) 6. श्रीमती लक्ष्मी सिंह, पत्नी श्री रंजीत सिंह, पता: मकान गाटा संख्या 631एम, ग्राम कंदापुर, परगना एवं तहसील रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229303 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह की कानूनी उत्तराधिकारी)	मकान संख्या 846, एमआईजी बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, **क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर, स्वामित्व स्व. श्री शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी**:–उत्तर– मकान एमआईजी बी–32, **दक्षिण**–मकान एमआईजी बी–30, **पूर्व**–18 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम**–मकान एलआईजी–11	1.रु. 42,30,000/– 2.रु. 4,23,000/– 3.रु. 42,300/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3. ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248	रु. 60,97,687.91 (रुपये साठ लाख सत्तानवे हजार छः सौ सत्तासी व पैसे इक्यानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 31.07.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
4.	1. मेसर्स हरिओम कंस्ट्रक्शन, पता: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट–मझिगांव हरदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123 (ऋणी) 2. श्रीमती लक्ष्मी सिंह, पत्नी श्री रंजीत सिंह, पता: गाटा संख्या 631एम, ग्राम कंदापुर, परगना एवं तहसील रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229303 (जमानतकर्ता) 3. श्री कौशलेंद्र पांडेय, पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद पांडेय, पता: ग्राम काजी का पुरवा, हर्दासपुर, रायबरेली–229001 (जमानतकर्ता) 4. सुश्री वैष्णवी सिंह (वयस्क), पुत्री स्व. श्री शिव प्रताप सिंह (प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती दीपिका सिंह के माध्यम से), पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हरदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: मकान संख्या 846, एमआईजी बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229316 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह की कानूनी उत्तराधिकारी) 5. मास्टर अभ्युदय सिंह (वयस्क), पुत्र स्व. श्री शिव प्रताप सिंह (प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती दीपिका सिंह के माध्यम से), पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हरदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: मकान संख्या 846, एमआईजी बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229316 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह की कानूनी उत्तराधिकारी) 6. श्रीमती दीपिका सिंह, पत्नी स्व. श्री शिव प्रताप सिंह, पता 1: मकान संख्या 187, ग्राम एवं पोस्ट मझिगांव हरदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229123, पता 2: मकान संख्या 846, एमआईजी–बी–31, प्रगति पुरम कॉलोनी (विस्तार योजना), वार्ड रतापुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश229316 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह की कानूनी उत्तराधिकारी) 7. श्रीमती लक्ष्मी सिंह, पत्नी श्री रंजीत सिंह, पता: गाटा संख्या 631एम, ग्राम कंदापुरा, परगना एवं तहसील रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229303 (स्व. शिव प्रताप सिंह, पुत्र श्री रंजीत सिंह की कानूनी उत्तराधिकारी)	मकान स्थित गाटा संख्या 631एम, **क्षेत्रफल 1840 वर्ग फीट**, ग्राम कंदापुरा–हरचंदपुर, परगना एवं तहसील रायबरेली, उत्तर प्रदेश, **स्वामित्व श्रीमती लक्ष्मी सिंह, पत्नी श्री रंजीत सिंह विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी**:– उत्तर–तालाब, **दक्षिण**–8 फीट चौड़ी सड़क, **पूर्व**–सुशील कुमार अवस्थी का मकान, **पश्चिम**–ब्रज किशोर मिश्रा का मकान	1.रु. 23,40,000/– 2.रु. 2,34,000/– 3.रु. 23,400/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3. ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248	रु. 74,35,122.69 (रुपये चौहत्तर लाख पैंतीस हजार एक सौ बाईस व पैसे उनहत्तर मात्र) मांग सूचना दिनांक 07.08.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
5.	1. मेसर्स शिवा फर्नीचर इंडस्ट्रीज (प्रोप. श्री अर्जुन सिंह, पुत्र श्री हर्गोविंद सिंह), ग्राम फिरोजपुर, पोस्ट धरमपुर, अयोध्या, उत्तर प्रदेश–224135 (ऋणी) 2. श्री अर्जुन सिंह, पुत्र श्री हर्गोविंद सिंह, ग्राम फिरोजपुर, पोस्ट धरमपुर, अयोध्या, उत्तर प्रदेश–224135 (ऋणी) 3. श्री नीरज कुमार कन्नौजिया, पुत्र श्री गौरी शंकर, बछरा सुल्तानपुर, देवकाली, अयोध्या, उत्तर प्रदेश–224135 (जमानतकर्ता) 4. श्री नन्हे सिंह, पुत्र श्री हर्गोविंद सिंह, ग्राम फिरोजपुर, पोस्ट– धरमपुर, अयोध्या, उत्तर प्रदेश–224135 (जमानतकर्ता)	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से (भूमि व भवन) स्थित गाटा संख्या 456, ग्राम फिरोजपुर, पोस्ट धरमपुर, अयोध्या जिला, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 0.1269 हेक्टेयर, स्वामित्व श्री अर्जुन सिंह विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी**:– उत्तर–दर्शन नगर–सांगड़ा चौकी (मसौधा पक्का मार्ग), **दक्षिण**–प्लॉट संख्या 456 का शेष भाग, उसके बाद संतोष सिंह की भूमि, **पूर्व** –फिरोजपुर–मुकुल का पुरवा खरंजा सड़क, **पश्चिम** –प्लॉट संख्या 456 का शेष भाग, उसके बाद तेज बहादुर सिंह का प्लॉट	1.रु. 38,80,000/– 2.रु. 3,88,000/– 3.रु. 38,800/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3. ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248	रु. 38,78,051.95 (अड़तीस लाख अठहत्तर हजार इक्यावन व पैसे पंचानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 09.07.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
6.	1. मेसर्स अक्षत एंड कंपनी (प्रोप. श्री दुर्गेश यादव), पता: मकान संख्या 12/372, ग्वालटोली, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208001 (ऋणी) 2. श्री दुर्गेश यादव, पता: मकान संख्या 12/372, ग्वालटोली, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208001 (जमानतकर्ता) 3. श्रीमती आरती यादव पता: मकान संख्या 12/372, ग्वालटोली, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208001 (जमानतकर्ता) 4. श्री बलबीर यादव, पता: मकान संख्या 12/372, ग्वालटोली, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208001 (जमानतकर्ता)	मकान संख्या 12/372 (पुराना संख्या 12/352), ग्वालटोली, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208001, **स्वामित्व श्री दुर्गेश यादव एवं श्री बलबीर यादव, क्षेत्रफल 126 वर्ग यार्ड्स संपत्ति की चौहद्दी–पूर्व** –मार्ग, उसके बाद अन्य संपत्ति, **पश्चिम**–खुली भूमि, **उत्तर**–अन्य संपत्ति, **दक्षिण**–मार्ग, उसके बाद अन्य संपत्ति	1.रु. 54,20,000/– 2.रु. 5,42,000/– 3.रु. 54,200/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4.श्री प्रमोद कुमार / 7023104016	रु. 75,00,356.11 (रुपये पचहत्तर लाख तीन सौ छप्पन व पैसे ग्यारह मात्र) मांग सूचना दिनांक 29.07.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
7.	1) मेसर्स कौशल आभूषण कला केंद्र, प्रोप.–श्री राम कुमार कौशल पुत्र श्री राधेश्याम कौशल, मकान नं. 185, जानकी नगर, गोंडा – 271001 (उ.प्र.) (ऋणी) 2) श्री राम कुमार कौशल पुत्र श्री राधेश्याम कौशल, पता 1: म नं. 185, जानकी नगर, गोंडा –271001 (उ.प्र.), पता 2: निवासी मौजा–जानकी नगर (ग्रामीण), गाटा नं. 534 मिन, परगना/तहसील व जिला गोंडा–271001 (उ.प्र.), पता3: निवासी ग्राम महाराजगंज बाजार, परगना व तहसील–मनकापुर जिला गोंडा–271302 (उ.प्र.) (प्रोप/ऋणी) 3) श्री सत्य प्रकाश सोनी पुत्र तीरथ प्रसाद सोनी, मकान नं. 123 सुभाष नगर, वर्तिका स्कूल के पास गोंडा–271001 (उ.प्र.) (जमानतकर्ता) 4) श्री दीपेश कुमार सोनी पुत्र हरिओम सोनी, मो. टेढ़ी बाजार, निकट भरत मिलाप चौराहा, गोंडा– 271001 (जमानतकर्ता)	मकान के सभी भाग व हिस्से निहित स्थित प्लॉट संख्या 534, मकान संख्या 185, ग्राम–जानकी नगर ग्रामीण, परगना–गोंडा, तहसील–गोंडा, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 1419 वर्ग फीट, स्वामित्व–श्री राम कुमार कौशल, चौहद्दी**–: **पूर्व**– श्री खुशी राम शास्त्री का मकान, **पश्चिम**– श्री डी.पी. सिंह की भूमि, **उत्तर**– खड़ंजा रास्ता, **दक्षिण**– श्री काली प्रसाद श्रीवास्तव का मकान	1.रू. 29,70,000/– 2. रू. 2,97,000/– 3. रू. 29,700/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248	रु. 23,87,357.60 (रुपये तेईस लाख, सत्तासी हजार, तीन सौ सत्तावन व पैसे साठ मात्र) मांग सूचना दिनांक 24.08.2022 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक एसए सं. टीएसए/04/2024 डीआरटी इलाहाबाद के समक्ष लंबित
8.	1) मेसर्स माँ काली इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स, प्रोप. सुश्री सुमन यादव, पुत्री उमेश चंद्र यादव, 75, मानस एन्क्लेव, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.–226015 (ऋणी) 2) सुश्री सुमन यादव, पुत्री उमेश चंद्र यादव, 75, मानस एन्क्लेव, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.–226015 (प्रोप्राइटर) 3) श्री उमेश चंद्र यादव, पुत्र स्व. राम कलेश, 75, मानस एन्क्लेव, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.–226015 (जमानतकर्ता)	साम्यिक बंधक एक किता भूखण्ड–377, खसरा संख्या–20 का भाग, ग्राम–सुरसंडा, परगना एवं तहसील– नवाबगंज, जिला–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल: 167.286 वर्ग मीटर, स्वामित्व: सुश्री सुमन यादव, पुत्री उमेश चंद्र यादव। चौहद्दी**:–पूर्व–30 फीट कच्चा रास्ता, **पश्चिम**–अन्य का प्लॉट, उत्तर–अन्य का प्लॉट, **दक्षिण**–अन्य का प्लॉट.	1.रु. 20,00,000/– 2.रु. 2,00,000/– 3.रु. 20,000/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870	रु. 43,63,507.95 (रुपये तैंतालीस लाख तिरसठ हजार पाँच सौ सात व पैसे पंचानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 14.07.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
9.	1) मेसर्स प्रिया गुप्ता, प्रोप्राइटर श्रीमती प्रिया गुप्ता, पत्नी रंजीत कुमार गुप्ता के माध्यम से, पता–सी/ओ रंजीत कुमार गुप्ता, अमित रोड, रुदही, बख्शी का तालाब, बरगदी मगध, लखनऊ, उ.प्र.–226201 (ऋणी) 2) श्री रंजीत कुमार गुप्ता, पुत्र नंद लाल गुप्ता, पता–154, बरगदी मगध, बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ.प्र.–227202 (जमानतकर्ता)	सभी भाग व हिस्से आवासीय प्लॉट स्थित गाटा संख्या 417 का भाग, ग्राम–बरगदी मगध, परगना– महोना, तहसील–बख्शी का तालाब, जिला–लखनऊ, **क्षेत्रफल: 300.00 वर्ग मीटर, स्वामित्व: श्रीमती प्रिया गुप्ता, पत्नी श्री रंजीत कुमार**, निवासी–अकरोही, बख्शी का तालाब, मामपुर बना, बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ.प्र.–226201 **विक्रय विलेख के अनुसार प्लॉट संख्या 128, 129 एवं 130 की संयुक्त चौहद्दी**:–पूर्व–खेत गाटा संख्या 413, **पश्चिम**–खेत गाटा संख्या 418, उत्तर –खेत गाटा संख्या 416, **दक्षिण**–चकरोड	1.रु. 36,00,000/– 2.रु. 3,60,000/– 3.रु. 36,000/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अनुज कुमार/ 7457071504	रु. 26,70,733.14 (रुपये छब्बीस लाख सत्तर हजार सात सौ तैंतीस व पैसे चौदह मात्र) मांग सूचना दिनांक 20.12.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
10.	1) श्री अनिल कुमार शर्मा, पता: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, आर्य समाज के सामने, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208012 (ऋणी) 2) श्रीमती विनीता शर्मा पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा, पता: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, आर्य समाज के सामने, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208012 (ऋणी) 3) श्री अरुण कुमार शर्मा पुत्र स्व. संत प्रसाद शर्मा, पता: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, आर्य समाज के सामने, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208012 (मृतक स्व. संत प्रसाद शर्मा और स्व. राज कली पत्नी संत प्रसाद शर्मा–जमानतकर्ता की संपत्ति)	भाग संख्या 31–बी और 32–ए, स्थित 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश **क्षेत्रफल: 100 वर्ग गज या 83.61 वर्ग मीटर, मालिक: श्री संत प्रसाद शर्मा और श्रीमती राज कली पत्नी श्री संत प्रसाद शर्मा चौहद्दी**:–पूर्व: संपत्ति भाग संख्या 31–ए, **पश्चिम**: इस हिस्से की दीवार, उसके बाद भाग संख्या 32–बी, **उत्तर**: अन्य मकान, **दक्षिण**–10 फीट सामान्य रास्ता	1.रु. 48,00,000/– 2.रु. 4,80,000/– 3.रु. 48,000/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री प्रमोद कुमार/ 7023104016	रु. 57,49,808.84 (रुपये सत्तावन लाख उनचास हजार आठ सौ आठ व पैसे चौरासी मात्र) मांग सूचना दिनांक 13.10.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं
11.	1) मेसर्स न्यू मां कल्याणी ट्रेडर्स, प्रोप श्री जीतेंद्र कुमार पाण्डेय, पता: मकान संख्या 608 सिविल लाइंस, उन्नाव, उत्तर प्रदेश 209801 (ऋणी) 2) श्री जीतेंद्र कुमार पाण्डेय पुत्र श्री रविशंकर पाण्डेय, पता: मकान संख्या 608 सिविल लाइंस, उन्नाव, उत्तर प्रदेश 209801 (प्रोपराइटर) 3) श्रीमती गायत्री पाण्डेय (जमानतकर्ता) पत्नी श्री जीतेंद्र कुमार पाण्डेय (अब मृतक) के कानूनी उत्तराधिकारी, पता: मकान संख्या 608 सिविल लाइंस, उन्नाव, उत्तर प्रदेश 209801	1) व्यावसायिक दुकान स्थित प्लॉट संख्या 36सी, ऑटोमोबाइल सेंटर स्कीम, गगन खेड़ा उन्नाव, उत्तर प्रदेश– 209801, **क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर, श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र श्री रविशंकर पाण्डेय के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व**: प्लॉट संख्या 87, **पश्चिम**: 9 मीटर चौड़ी सड़क, **उत्तर**: प्लॉट सं. 37, **दक्षिण**: प्लॉट संख्या 35 2) सम्पत्ति स्थित नगरपालिका संख्या 964 (पुराना), 356 (नया), भूमि संख्या 1528, **क्षेत्रफल 728.62 वर्ग मीटर** स्थित कल्याणी देवी, उन्नाव, उत्तर प्रदेश में, **श्रीमती गायत्री पाण्डेय (अब मृतक) के नाम पर, चौहद्दी**:– **पूर्व**: श्री काली कुमार का मकान, **पश्चिम**: 20 फीट रोड, **उत्तर**: 20 फीट रोड, **दक्षिण**: डॉ. मनोज कुमार अवस्थी का मकान	1. रु. 6,75,000/– 2. रु. 67,500/– 3. रु. 6,750/– 1. रु. 59,20,000/– 2. रु. 5,92,000/– 3. रु. 59,200/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री गोरखनाथ शर्मा/ 9838744960	रु. 85,02,192.74 (रुपये पचासी लाख दो हजार एक सौ बानबे व पैसे चौहत्तर मात्र) मांग सूचना दिनांक 22.11.2019 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक सांकेतिक एसए सं. 532/2025 डीआरटी इलाहाबाद के समक्ष लंबित
12.	1) श्री लतीफ अहमद पुत्र श्री मंसूर अहमद, पता: प्लॉट संख्या 12, गन्ने का पुरवा, राज गैस सर्विस (एचपी गैस गोदाम) के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 (ऋणी) 2) श्रीमती नजमा खातून पत्नी श्री लतीफ अहमद, पता: प्लॉट संख्या 12, गन्ने का पुरवा, राज गैस सर्विस (एचपी गैस गोदाम) के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 (ऋणी) 3) श्री शबीब अहमद अंसारी पुत्र श्री मंसूर अहमद, पता: बुद्धा आश्रम के पास, गन्ने का पुरवा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 (ऋणी)	साम्यिक बंधक आवासीय भूमि व भवन स्थित प्लॉट संख्या– 3, खसरा संख्या 398/1, मोहल्ला–कठा सबीली, वार्ड–लाला लाजपत राय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **संपत्ति स्वामी: श्री शबीब अहमद अंसारी पुत्र श्री मंसूर अहमद अंसारी**, क्षेत्रफल: 3000.00 वर्ग फीट, **चौहद्दी: पूर्व**: विद्यावती देवी का प्लॉट, **पश्चिम**: 20.00 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर**: कब्रिस्तान, **दक्षिण**: बुद्धा का प्लॉट	1.रु. 94,48,000/– 2.रु. 9,44,800/– 3.रु. 94,480/–	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870	रु. 41,21,488.91 (रुपये इकतालीस लाख इक्कीस हजार चार सौ अठासी और पैसे इक्यानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 04.03.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक एसए सं. 1102/2025 डीआरटी लखनऊ के समक्ष लंबित

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** और **https://baanknet.com** में दिये गए लिंक को देखें। पंजीकरण, ईएमडी भुगतान और बोली–प्रक्रिया के नियमों के लिए वेबसाइट **https://baanknet.com** पर जाएं। ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध ई–मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक डिटेल और सक्रिय दूरभाष नम्बर अवश्य होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए बोलीदाताओं/खरीदार के पास "डिजिलॉकर सुविधा" होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए क्रेता मैनुअल द्वारा निर्देशित हो सकते हैं।

Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना।

इसे Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई–नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों/जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक: 21.03.2026 स्थान: लखनऊ/बाराबंकी/रायबरेली/गोण्डा/ /उन्नाव/कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

बस एक सिलिंडर की आस

सिलिंडर की दौड़ में हारी... जनता बेचारी

एजेंसियों के वितरण केंद्रों पर सुबह से सिलिंडर लेकर लाइन में लगे रहे लोग

ईद की वजह से सिलिंडर लेने के लिए परेशान नजर आए कई उपभोक्ता



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में गैस सिलिंडरों के लिए मारामारी थम नहीं रही है। शुक्रवार को सुबह से सिलिंडर के लिए लोग लाइन में लगे रहे। दोपहर तक किसी को भरा हुआ गैस सिलिंडर मिला तो किसी को खाली हाथ लौटना पड़ा। ईद के त्योहार पर सिलिंडर की जरूरत को लेकर लोग खासे परेशान नजर आए। हालांकि, वितरकों ने पुराने शहर के लोगों को सिलिंडर मुहैया करवाने का पूरा प्रयास किया, ताकि त्योहार खराब न हो।

होटल व रेस्तरां कमर्शल सिलिंडर न मिलने से बंद हैं। अब घरेलू सिलिंडरों की दिक्कत भी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को भी घरेलू गैस सिलिंडर के लिए शहर में बनाए गए वितरण प्लैटफॉर्म पर लोग कतारों में खड़े नजर आए। सिलिंडर डिलिवरी का समय 10 बजे के बाद है, लेकिन अपनी बारी के इंतजार में लोग सुबह से लाइनों में खड़े रहे। इस दौरान कुछ लोगों को भरा सिलिंडर मिला तो कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। हालांकि, एजेंसी संचालकों ने बुकिंग करवाने वाले हर शख्स को सिलिंडर मुहैया करवाने का आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि दो-चार दिन की देर हो सकती है, लेकिन सिलिंडर सभी को मिलेगा।

नहीं मिल रहा सिलिंडर ले जाने वाला लोडर

आपूर्ति विभाग की टीमों ने गैस सिलिंडर की कालाबाजारी करने वालों की धरपकड़ के लिए शुक्रवार को भी कई जगह की छापेमारी की। हालांकि कोई शख्स पकड़ा नहीं गया। टीम के सदस्यों ने एजेंसियों में दिये से की गई आपूर्ति व वितरण के दस्तावेज भी खंगाले हैं। कुछ एजेंसियों के दस्तावेज में खामियां नजर आ रही हैं, जिसे फिल्टर किया जा रहा है। वहीं, आपूर्ति विभाग की एक टीम कपूरथला स्थित कब्रिस्तान के पास तीन दिन पहले गुपचुप ट्रक से सिलिंडर लोड करने वाले ऑटो लोडर की तलाशने का दावा कर रही है। डीएसओ वीपी सिंह का कहना है कि ऑटो लोडर का नंबर नजर न आने से उसे तलाशने में दिक्कत हो रही है। उसके बारे में पूछताछ करने के साथ ही अशोक गैस एजेंसी के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

सिलिंडरों से गैस कटिंग करने वालों पर नजर

अलीगंज में गैस सिलिंडरों से गैस कटिंग करते हुए गैस एजेंसी के हॉकर के पकड़े जाने के बाद अब आपूर्ति विभाग की टीमें ने ऐसे लोगों को तलाशना शुरू कर दिया है। एजेंसी से सिलिंडर लेकर निकलने वाले हॉकरों पर नजर रखी जा रही है। डीएसओ का कहना है कि ऐसे लोगों की धरपकड़ के लिए टीमें बनाई गई हैं। डीएम विशाख जी का कहना है कि घरेलू गैस की कोई किल्लत नहीं है। लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: समाजवादी पार्टी की महिला सभा ने शुक्रवार को रसोई गैस की कालाबाजारी और किल्लत के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने गैस सिलिंडर को कंधे पर रखकर उसका 'जनाजा' निकाला और महंगाई के खिलाफ नारे लगाए। कैसरबाग स्थित सपा कार्यालय के पास हुए प्रदर्शन में खाली सिलिंडर पर फूल चढ़ाए गए। आगे बढ़ने पर पुलिस से नोकझोंक भी हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई से आम लोगों का रसोई चलाना मुश्किल हो गया है।

प्रदेश में 9140 स्थानों पर निरीक्षण

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : रसोई गैस की किल्लत के मद्देनजर उसकी कालाबाजारी और अवैध बिक्री रोकने के लिए खाद्य एवं रसद की जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीमों के साथ छापेमारी और निरीक्षण की कार्यवाही शुक्रवार को भी जारी रही। 12 मार्च से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक 9,140 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की। अब तक अवैध बिक्री में लिप्त 18 एलपीजी वितरकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कालाबाजारी में संलिप्त 125 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

होटल और प्रतिष्ठानों को 20% आपूर्ति

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट और प्रतिष्ठानों को राहत देते हुए सामान्य दिनों की तुलना में 20% तक कमर्शल सिलिंडर देने के निर्देश दिए हैं। वहीं चिकित्सा व शैक्षणिक संस्थानों को 100% सप्लाई की जाएगी। एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि जिले में कमर्शल सिलिंडरों की बढ़ती मांग के बीच जिला प्रशासन ने आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एडीएम ने इंडियन ऑइल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एलपीजी अधिकारियों को पत्र भेजकर आपूर्ति व्यवस्था स्पष्ट की है।

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹ 1,52,000
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,41,000
स्रोत : चौक सराफा असोसिएशन

अर्थसार

सेंसेक्स	74,532.96 (+325.72)
निफ्टी	23,114.50 (+112.35)
रु/यूएस डॉलर	93.34 (+0.89)
रु/यूरो	107.94 (+1.18)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

मौसम

न्यूनतम तापमान 20.3°
अधिकतम तापमान 23.5°
सूर्यास्त शनिवार 6:18 | सूर्योदय रविवार 6:08

कल खुलेंगे नगर निगम के कार्यालय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर रविवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। भवन स्वामी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपना बकाया गृहकर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा जोनल कार्यालयों में भवन स्वामियों का कर निर्धारण, डेटा फीडिंग और अन्य संबंधित कार्य किए जाएंगे।

बिजली चोरी में 11 पर एफआईआर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बिजली चोरी रोकने के लिए शुक्रवार को कई इलाकों में लेसा की ओर अभियान चलाया गया। टीमों ने कार्रवाई करते हुए 11 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में एफआईआर कराई। लेसा अधिकारियों के मुताबिक जानकीपुरम जोन क्षेत्र में आईआईएम रोड, जानकीपुरम आदि इलाकों में टीम ने मार्निंग रेड अभियान के दौरान 50 परिसरों में चेकिंग की, इस दौरान 11 मकान बंद मिले जबकि पांच उपभोक्ता मीटर बाइपास करके बिजली का उपयोग करते पाए गए, सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

चार डॉग्स को बेरहमी से पीटा, रेस्क्यू टीम को धमकी भी दी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : अमीनाबाद के रस्ती बटान मोहल्ले में चार स्ट्रीट डॉग्स को बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया गया। डॉग्स के तड़पने की जानकारी होने पर एनिमल वेलफेयर टीम रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंच गई। इस दौरान भीड़ ने उन्हें घेर लिया और धमकाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें किसी तरह बचाया। रेस्क्यू टीम की अध्यक्ष की तहरीर पर शुक्रवार को नाका पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

बिजनौर निवासी विशाखा शुक्ला नवाबी टेल रेस्क्यू फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं। 15 मार्च को उन्हें जानकारी मिली कि अमीनाबाद के रस्ती बटान मोहल्ले में कुछ लोगों द्वारा स्ट्रीट डॉग्स को लोहे की रॉड और डंडों से पीटा जा रहा है। तत्काल मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि इलाके के रहने वाले आफताब, शाद और अन्य लोग डॉग्स को बुरी तरह मार रहे थे। हमले में चार डॉग्स गंभीर रूप से घायल हो गए। एक का निचला जबड़ा टूट गया, जबकि अन्य के पैर और शरीर में फ्रैक्चर व अंदरूनी चोटें आई हैं। टीम ने घायल डॉग्स को रेस्क्यू कर उपचार के लिए भेज दिया। इसी दौरान करीब 70-80 लोगों की भीड़ ने कार्यकर्ताओं को घेर लिया और जान से मारने की धमकी दी।

नाका पुलिस ने केस दर्ज किया

वृंदावन कॉलोनी के लिए करें बजट का इंतजाम : HC

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने नगर निगम, लखनऊ को आदेश दिया है कि वह अपनी विधिक जिम्मेदारी के तहत शहर की वृंदावन कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट का इंतजाम करे। अगली सुनवाई 20 अप्रैल को है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने वृंदावन जनकल्याण समिति की ओर से वर्ष 2019 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने नगर आयुक्त को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि जब साल 2018 में ही उक्त कॉलोनी नगर निगम को हैंडओवर हो चुकी है तो अब तक कॉलोनी निवासियों को मूलभूत सुविधाएं क्यों नहीं मुहैया करवाई गई हैं। न्यायालय ने यह भी पूछा है कि जब 16 करोड़ के बजट की मंजूरी उक्त कॉलोनी के लिए आठ वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी, तब भी आज तक उसे उपलब्ध क्यों नहीं करवाया गया है।

नगर निगम को दिया आदेश

शहर में आज

शनिवार, 21 मार्च

- साहित्य कलम से कम्प्यूटर तक विषय पर पैनल चर्चा, लखनऊ पुस्तक मेला, रवींद्रालय, दोपहर 2 बजे।
- विश्व कठपुतली दिवस 2026, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमतीनगर, शाम 6 बजे।

रविवार, 22 मार्च

- केजीएमयू की ओर से इम्युनो एलर्जी समिट 2026, अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर, दोपहर 1 बजे।
- उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार की ओर से कला संगीत और खाद्य उत्सव, उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, महानगर एक्सटेंशन, दोपहर 3:30 बजे।
- भगत सिंह, सुखदेव और राज गुरु के शहादत दिवस पर परिचर्चा, अनुराग लाइब्रेरी, डी 69, निरालानगर, शाम 4 बजे।
- आदाब अर्ज ग्रुप की ओर से पैनल चर्चा, कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज, शाम 4 बजे।
- रेकी ग्रैंड मास्टर मीनू मनीषा का सम्मान समारोह, एफील क्लब, एल्डिको ग्रीन, शाम 4 बजे।
- हुनर क्रिएशन ऐंड क्राफ्ट असोसिएशन द्वारा अवध मेला, आर्मी खेल परिसर, कैंट, शाम 6:30 बजे

पुस्तक मेले में दिखा कला-साहित्य का संगम

■ NBT न्यूज, लखनऊ : रवींद्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले के आठवें दिन शुक्रवार को साहित्य और कला का अनूठा संगम देखने को मिला। मेले में जहां एक ओर कला और संगीत से जुड़ी पुस्तकों की भी मांग रही। बारिश से पुस्तक प्रेमियों के लिए मौसम खुशनुमा हो गया। पाठकों में नृत्य, नाटक, रंगमंच और गायन जैसे विषयों की विशिष्ट पुस्तकों के प्रति खासा उत्साह देखा गया। शुभी प्रकाशन के स्टाल पर बनका सुप्रसिद्ध की इंडियन क्लासिकल डांसेस, डॉ. विजयलक्ष्मी की हस्त मुद्रा श्रेणी और नृत्यांगना शोभना नारायण की इंडियन माइथोलॉजी थ्रू क्लासिकल डांस जैसी पुस्तकों की काफी चर्चा रही। स्थानीय लेखकों में कमलेश दुबे की तख्ते पर आधारित पुस्तक भी लुभा रही है।

अलका प्रमोद की पांच पुस्तकों का विमोचन

मेले के मुख्य मंच पर लेखिका अलका प्रमोद की पांच पुस्तकों का विमोचन हुआ। इनमें लेख संग्रह 'अंतिम धरोहर', सनातन संस्कृति की, लघुकथा संग्रह 'बदलता दृश्य', काव्य संग्रह 'मन की नदी', बाल कविता संग्रह 'फुलवारी रंग बिरंगी' और बाल नाट्य संग्रह 'नुक्कड़ नुक्कड़ खेलें खेल' शामिल रहे। इस अवसर पर लेखिकाओं के साथ प्रवेश मिश्र, संजीव जायसवाल संजय, डॉ. रश्मिशील और नीलम राकेश ने रचनाओं पर अपने विचार साझा किए। मंच के अन्य कार्यक्रमों में डॉ. डीएस शुक्ला की पुस्तक 'धन्वी पुराण' का विमोचन हुआ, जिस पर आयोजित चर्चा में पूर्व मंत्री डॉ. सरजीत सिंह डंग और आर्किटेक्ट केके अस्थाना समेत कई लोगों ने शिरकत की। नमन ने इस दौरान कथा वाचन किया। इससे पहले आईपीएस हरीश कुमार की पुस्तकों 'कुम्भ पुलिस और पोटलीबाबा' तथा इतवा कल और आज पर भी सार्थक संवाद हुआ, जिसमें अमित पांडेय और सुमित नारायण शामिल हुए। शाम को 'इश्क़ के सात मकाम' की काव्य प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। यह सत्र बीते दौर के शायरों और लेखकों को समर्पित था। इसमें ज्योति, किशखा, अनुष्का और मोहित यादव सहित कई युवा रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। मेले का समापन 22 मार्च को होगा।

गोमती प्रवाह वार्षिक पंचांग के 27वें अंक का विमोचन

■ NBT न्यूज, चौक: गोमती प्रवाह वार्षिक पंचांग के 27वें अंक का विमोचन राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने निवास पर किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ का पहला पंचांग लगातार 27 वर्ष से प्रकाशित हो रहा है, जिसका वितरण समाज के बीच निःशुल्क किया जाता है। संपादक सिद्धि किशोर गौड़ ने संपादकीय के माध्यम से लोगों से निवेदन किया है कि स्वस्थ जीवन जीना है तो प्रकृति के साथ रहना शुरू करें। मूर्ति विसर्जन के लिए पंचांग में गाय के गोबर से निर्मित मूर्तियों का प्रयोजन दिया गया है जो लखनऊ में उपलब्ध है। इसका मूल्य कर घर में ही विसर्जन किया जा सकता है। मौके पर श्री शुभ संस्कार समिति के सचिव सिद्धि किशोर गौड़, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अनय मेहरोत्रा, धर्म रक्षा संघ के अध्यक्ष मोहित शर्मा, रश्मि ऋषि मिश्र, राजीव तिवारी मौजूद रहे।

विवेकानंद अस्पताल में ट्रॉमा यूनिट शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊ: विवेकानंद पॉलिक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में ट्रॉमा मरीजों के लिए आधुनिक यूनिट शुरू की गई है। सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि यह यूनिट शाम 4 बजे से रात भर संचालित होगी। जिससे आपातकालीन मरीजों को तत्काल इलाज मिल सकेगा। यहां ऑर्थोपेडिक, न्यूरो, प्लास्टिक सहित कई विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध रहेगी। साथ ही आईसीयू, वेंटिलेटर और जरूरी उपकरणों की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इस पहल से गंभीर मरीजों को रात में भी तुरंत उपचार मिल सकेगा।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

Obituary Remembrance

PACKAGE	RATE per sq cm
UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - UP East & West + Uttarakhand + NBTL)	Colour Rs 860/-
EAST UTTAR PRADESH (The Times of India - Lucknow fullrun + NBT Lucknow)	Colour Rs 570/-
WEST UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - West UP+Uttarakhand)	Colour Rs 290/-
NORTH INDIA (The Times of India - Delhi/ Gurgaon, Jaipur, MP, Lucknow, Kanpur West UP & NBT - Delhi/ NCR, Lucknow)	Colour Rs 2600/- B/W Rs 2550/-
ALL INDIA (The Times of India - All Editions)	Colour Rs 2700/- B/W Rs 2430/-

*Minimum size 40 upto 320 sqcm

FOR ANY QUERY, PLEASE CONTACT:
AGRA: Vikas Jain – 9917475393
ALIGARH: Akash Upadhyay – 9457718804
ALLAHABAD: Amiya Shukla – 9984426699
BAREILLY: Aarohi Sharma – 7906294685
DEHRADUN: Pooja Kumar – 9719157775
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha-7007687388
HALDWANI: Chandan Singh Bisht – 9837564640
HARIDWAR/ROORKEE/SAHARANPUR:
Amit Dhasmana – 9997083360
KANPUR: Anoop Dixit – 7860802468
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari – 9044122662
Anurag Nautiyal – 8840945902
MEERUT: Sanyam Monga – 9897048195
MORADABAD: Omkar Pandey – 7607015000
VARANASI: Nitesh Arora – 9559983838

ईद के लिए बाजारों में देर रात तक होती रही खरीदारी

चांद रात पर चला दौर-ए-मुबारकबाद

■ सैयद अब्बास रिजवी, लखनऊ
रमजान के 30वें रोजे के इफ्तार के बाद शुक्रवार शाम ईद मुबारक की बधाई देने का सिलसिला परवान चढ़ा। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर खुशी जताई। ईद की चांद रात पर हर तरफ उल्लास नजर आया। सेवइयों की खूब खरीदारी की गई। किमामी सेवई की खास डिमांड रही। ईद की तैयारियों में बाजार के अलावा शॉपिंग मॉल में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी।

ईद की रूहानियत से दमक रहे थे चेहरे

शुक्रवार दोपहर से ही शहर के बाजारों में रौनक छा गई। इफ्तार के बाद देखते ही देखते खरीदारों से मार्केट इतनी गुलजार हुई की पैर रखने की जगह नहीं थी। पुराने शहर से लेकर नए लखनऊ के तकरीबन सभी बाजार ग्राहकों से पट गए। देर रात तक बड़ों के साथ बच्चे भी कपड़ों के संग ईद की चीजें खरीदते दिखे। सभी के चेहरे खिले हुए थे। गारमेंट्स, फुटवियर, क्रॉकरी, कॉस्मेटिक की दुकानें ग्राहकों से अटी पड़ी थीं। रोजेदारों के चेहरे ईद-उल-फित्र की रूहानियत से दमक रहे थे।

ग्राहकों को 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट ऑफर

महिलाओं ने जहां चूड़ियां, जूती, डिजाइनर कपड़े समेत अन्य जरूरी सामान की जमकर खरीदारी की, वहीं पुरुषों ने भी अपनी पसंद के कुर्ते, टोपी, रूमाल और इत्र खरीदे। खास वैराइटी तलाशने में घंटों बाजार खंगाला। नक्खास की चूड़ी वाली गली, अमीनाबाद का गड़बड़झाला, नजीराबाद, अकबरी गेट से लेकर चौक बाजार, सहारागंज, फन मॉल, वेव मॉल, लुलु मॉल, प्लासियो, हजरतगंज की जनपथ मार्केट, लव लेन, इंदिरानगर के भूतनाथ बाजार समेत तमाम हर जगह ईद की खुमारी में डूबे लोगों ने रात भर खरीदारी की। लोगों को रिझाने के लिए ईद पर जबरदस्त डिस्काउंट रहा। ग्राहकों को हर शोरूम में 20 से 50 प्रतिशत तक का डिस्काउंट ऑफर दिया गया।

दर्जी की दुकान पर चली नोक-झोंक

दर्जी की दुकानों पर धुरंधर मूवी में अक्षय खन्ना और रणवीर सिंह के स्टाइल वाले पठानी सूट सिलवाने वालों की ज्यादा भीड़ रही। वहीं, ईद से पहले अपने सिले कपड़े लेने के लिए लोगों ने घंटों इंतजार भी किया। किसी की शर्ट में बटन टंकने बाकी थे, तो किसी के काज अधूरे थे। दर्जी ने जिन लोगों से कई दिन पहले उनका जोड़ा सिलकर देने का वादा किया था और चांद रात तक आधे अधूरे सिले थे, उनकी टेलरों से नोकझोंक भी होती रही। इस बीच टेलर मास्टरों का भरोसा मिलने पर ग्राहक हंसकर कुछ घंटे बाद लौटकर आने की बात कहकर चले जा रहे थे। हालांकि, लगभग सभी टेलरों ने ईद की नमाज से ग्राहकों का नया जोड़ा सिलकर दे दिया था।

नक्खास

नन्हे-मुन्नों ने गले मिलकर दी ईद की बधाई

■ NBT न्यूज, चौक : ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में स्थित बीएलएस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को ईद मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं बच्चों ने एक-दूसरे को सेवइयां खिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दी। विद्यालय को इस अवसर पर आकर्षक रूप से सजाया गया था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के मैनेजर संदीप साहू ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। मौके पर डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, उप-प्रधानाचार्य रेम जायसी के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

सजावटी सामान की बिक्री: ईद पर घर सजाने के लिए लोगों ने रंग-बिरंगे बल्ब, छोटे झूमर और पोस्टर भी खरीदे। इसके अलावा रंग-बिरंगी एलईडी लाइटें, की भी अच्छी-खासी बिक्री हुई।

नमाज की टोपियों की खूब हुई खरीदारी: ईद की नमाज अदा करने के लिए जहां कुर्ता-पायजामा की दुकानें खरीदारों से अटी पड़ी थीं। वहीं नमाज की टोपी सड़क से लेकर दुकानों पर खूब बिकी। बाजारों में टोपियों की कई किस्में नजर आईं। इनमें रंग-बिरंगी टोपियों पर सतरंगी धागों से कढ़ाई, मोतियों की कारीगरी, रेशम धागे से बनी टोपी, चांद सितारे वाली टोपी की खूब बिक्री हुई।

मेहंदी लगवाने की होड़: हजरतगंज स्थित लव लेन और अमीनाबाद और खासकर मॉल्स में देर रात तक मेहंदी लगाने और लगवाने वालों की भीड़ रही। छोटी बच्चियां हो या लड़कियां या फिर महिलाएं सभी में नए-नए डिजाइन की मेहंदी लगवाने का क्रेज था।

बाजार में इत्र की भीनी-भीनी खुशबू महकती रही: भले ही बाजार में ब्रैंडेड परफ्यूम मौजूद रहे हों, लेकिन रोजेदारों की पहली पसंद देसी इत्र ही रही। इन इत्रों के मनमोहक महक की तरह इनकी कीमत भी निराली थी। करीब 10 मिली ग्राम इत्र की कीमत सौ रुपये से लेकर हजारों में थी। ब्रांडेड परफ्यूम की जगह लोगों को देसी इत्र अधिक भा रहा था।

सैलून में भी भीड़: सैलून की दुकानों पर इफ्तार के बाद से पूरी रात लोगों की आमदरफ्त रही। किसी को शाहरुख तो किसी को केजीएफ फिल्म के हीरो यश के और किसी को सलमान खान की दाढ़ी का लुक चाहिए था। हेयर स्टाइल में रणवीर कपूर, आतिक रौशन और अपने तमाम चहेते बॉलिवुड स्टार की तरह बाल कटवाने वालों की तादाद भी अधिक रही।

मैक्सी-अरेबियन बुर्का खूब बिका: ईद के जश्न में महिलाओं ने जमकर कपड़ों की खरीदारी की। महिलाओं ने ईद के चलते डिजाइनर कपड़ों पर अपना फोकस रखा। अनारकली, मैक्सी अरेबियन और कोटी पैटर्न बुर्का की कद्रदान ज्यादा रही। अमीनाबाद के दुकानदार अशफाक बताते हैं कि उनके पास कई तरह के बुर्के थे। जिसमें अनारकली बुर्का, सिल्प दुपट्टा बुर्का, कोटी पैटर्न बुर्का, फ्रॉक बुर्का, प्रिंटेड बुर्का, वेलवेट बुर्का और मैक्सी अरेबियन बुर्का हैं।

जमकर बिके ड्राई फ्रूट: सेवइयों के बगैर तो ईद का मौका फीका है। बाजार में मौजूद कई किस्म की सेवइयां लोगों के मन को लुभाती दिखीं। सिर्फ चांद रात में सभी बाजारों को मिलाकर कई लाख की सेवई बिक गई। वहीं, ड्राई फ्रूट में सउदी के छुहारे लोगों की पहली पसंद रहे। जो अपनी मिठास के लिए खास है।

अलविदा या शहरुल रमज़ान, अलविदा

टीले वाली मस्जिद

■ NBT न्यूज, लखनऊ: रमजान-उल-मुबारक का अलविदाई जुमा 'अलविदा अलविदा या शहरुल रमजान, अलविदा' की सदाओं के साथ रुखसत हुआ। जामा मस्जिद में पेश इमामों से खुत्बे में रमजान के रोजे खत्म होने की यह इबारत सुनकर नमाजियों की आंखों में आंसू छलक आए। हालांकि, ईद की खुशी ने चेहरों पर मुस्कान भी ला दी। अलविदा जुमा की नमाज पूरी होने पर अलविदा की मुबारकबाद पेश की। टीले वाली मस्जिद में हुए खुत्बे में इमामे जुमा मौलाना शाह फजलुल मन्नान रहमानी ने समाज के हर वर्ग से मिल-जुलकर रहने की अपील की। ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और बड़ा इमामबाड़ा की आसिफी मस्जिद में मौलाना फरीदे मुराद ने नमाज पढ़ाई।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

tender & notices

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
अशोक समारोह प्रभाग
स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर-8, छठा तल, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
निविदा सूचना
भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा दिल्ली/एनसीआर में स्थापित पात्र एजेंसी की नियुक्ति के लिए दर संविदा आधार पर ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षरित बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, जो सम्मेलन के श्रव्य-दृश्य उपकरण, सम्मेलन फोटोग्राफी और संबंधित सेवाओं आदि के लिए 02 वर्ष के लिए भाड़े के आधार पर (पैन इंडिया) उपलब्ध करवाती है।
समय-सीमा इस प्रकार है :
• विस्तृत निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etenders.gov.in से 21 मार्च 2026, 10.00 बजे से 10 अप्रैल 2026, 18.00 बजे तक देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
• ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि और समय 10 अप्रैल 2026 को 18.00 बजे तक है।
• हार्ड कॉपी में बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। केवल उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित ऑनलाइन बोलियां ही स्वीकार की जाएंगी।
टिप्पणी : इस निविदा से संबंधित सभी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन और विस्तार केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक एजेंसियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।
कृपया अधिक जानकारी के लिए :
कार्यालय प्रभागाध्यक्ष, (अशोक समारोह प्रभाग), आईटीडीसी
फोन +91-11-26872618 से संपर्क करें
प्रभागाध्यक्ष (अशोक समारोह प्रभाग)
भारत पर्यटन विकास निगम, नई दिल्ली
सबसे श्रेष्ठ आतिथ्य की ओर • Tourism • Travel • Hospitality

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Kuldeep Tiwari 9044122662 | Anurag Nautiyal 8840945902
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

IN THE COURT OF SH. S.S. RATHI, PRINCIPAL JUDGE EAST DISTRICT, ROOM NO.02, B-BLOCK, GROUND FLOOR KARKARDOOMA COURTS, DELHI.
SUMMONS/NOTICE FOR SERVICE BY ADVERTISEMENT IN A NEWSPAPER (O.V.R.20)
HMA NO. 2178/2024 | NDOH:- 18.05.2026
SUPRIYA DEVI
VS
SHALENDRA DWIVEDI
To
SH. SHALENDRA DWIVEDI S/O SH. SHESHMANI DWIVEDI, 44C, JAGARNATHPUR NEW SHIV MANDIR, GOLGHAR GORAKHPUR, U.P.- 273001
ALSO AT : GHOSH CO. CHAURAHA NEAR DEOHARI MA MANDIR JAGARNATHPUR, GORAKHPUR UTTAR PARDESH
Whereas (Petitioner) SMT. SUPRIYA DEVI D/O LATE SH. MITHLESH OJHA, C-2001, EASTERN HEIGHT APPARTMENT, NAYAK KHAND-III INDRAPURAM, GHAZIABAD, UP has instituted a above said case u/s 13(1)(ia) of the Hindu Marriage Act, 1955 for annulment of marriage. You are hereby summoned to appear in this court in person or by a pleader on 18-05-2026 at 10:00 A.M. to answer the same, failing which the case will be disposed of ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court on 18-03-2026.
Principal Judge
North East District Family Court
Karkardooma Courts, Delhi

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए

लखनऊ

For sale: A big bungalow (Park, corner & Road facing) in Gomti Nagar Mithailal Chauraha Lucknow, suitable for Commercial activities @ 22cr call 7906396266

FOR SALE
45X150 Sq.Ft. FRONT MID DIVIDER CUT COMMERCIAL PLOT on Lucknow Sultanpur Main Highway-NH56, Rahmat Nagar, Gossainganj, Lucknow. 5 km away from MARUTI SHOWROOM and WORKSHOP. Rs. 2.8 Crore.
Call-9793544857

PARK facing 238sqm HIG house is available for sale in Indira Nagar, A Block. Contact: indiranagarlucknow26@gmail.com

किराये के लिए

लखनऊ

ADJACENT Munshipulia Metro Station 10 Rooms+2 StoreRoom,1 Kitchen,3 washroom for Commercial/Office Purpose for Rent.#7905647948

लुधियाना

SPACE Avilable For Beauty Salon, Cafe, Restaurant w/ Banquet Hall, Podcast & Dance studio. Located at Nirala Guest House Nirala Nagar near 8 no. Chauraha. Wide road w/ ample parking. Cotact: 9795460052 / 9795460060

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

सूचना
मैं आर्मी नं0-14673253L हवलदार शिंदे विनोद वसंत पुत्र वसंत शिंदे वर्तमान पता-803 फील्ड वर्क शॉप कम्पनी, (604 ई0एम0ई0 बटालियन) केयर ऑफ 56 ए0पी0ओ0 न्यू कैंट प्रयागराज। स्थाई पता-गिरिज परगांव, पो0-अंजनवती, तहसील-बीड, जिला-बीड महाराष्ट्र पिन-431126 मेरे सर्विस रिकार्ड तथा स्कूल के अभिलेख में मेरी पुत्री का नाम शिंदे कनिका है जो कि गलत है अतः सही नाम शिंदे कनिका विनोद है यही नाम सही तथा यही नाम हर जगह दर्शाया जाय।
शपथपत्र संख्या-IN-UP612838441546644Y दिनांक-18.03.2026 प्रयागराज, 3090

सूचना
मैं, दीपाली शिंदे, पत्नी नं. 14673253L हवलदार शिंदे विनोद वसंत, वर्तमान पता-803 फील्ड वर्क शॉप कंपनी, (604 E.M.E. Bn) केयर ऑफ 56 APO न्यू कैंट प्रयागराज। स्थायी पता-गाँव परगांव, P.O.-अंजनवती, तहसील-बीड, जिला-बीड महाराष्ट्र पिन-431126, मैंने अपना नाम दीपाली शिंदे से बदलकर दीपाली विनोद शिंदे कर लिया है, जिसके लिए मैंने एफिडेविट नं. IN- UP6192395328530Y, दिनांक 18.03.2026 जारी है।

ARCADE

education

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

ADMISSION OPEN 2026-27
CENTRAL LAW COLLEGE
(A Unit of City Group of Colleges)
Affiliated to LU / Approved by BCI
LL.B. PROUDLY RANKED 1 IN U.P.
03 & 05 Years Course
Sec.-F, Sushant Golf City, Lko.
6306233816
9369638650

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW:
Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR:
Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD:
Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI:
Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR:
Chandrasekhar Sinha
9415018274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN
Print Radio Digital

ASTRO ZONE

हाथ दिखाइये
जाने अपना भविष्य
(19 से 23 तारीख तक)
(पिछले 44 वर्षों से लगातार)
प्रो. चैतन्य
स्थान : होटल पवन, 16 विधानसभा रोड, लखनऊ
समय : प्रातः 9 बजे से 1 एवं सायं 3 बजे से 7 बजे तक
8887649012, 7376855010

HEALTH & WELLNESS

(0522-4010307,3599356
निदान
डायग्नोस्टिक एवं ब्लड बैंक
NABL मान्यता प्राप्त QCI प्रमाणित लैब, गोमती नगर, लखनऊ में
ALL TESTS UNDER ONE ROOF WITH WORLD CLASS QUALITY BY 50PG DOCTORS
सही जाँच दिलाए सही इलाज
FIBRO SCAN
CT SCAN 64 SLICE | MRI 3.0 TESLA
DIGITAL X-RAY | CBCT & OPG | ULTRASOUND | DEXA BMD | COBASE 411
COMBI LINE | BIO RAD D-10 | SYSMEX 6 PART
www.nidandc.in
7080304135

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

फटाफट खबरें

'खाद्य पदार्थों की बिक्री में गड़बड़ी की तो होगी कार्रवाई'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में नवरात्र के मौके पर खाद्य पदार्थों की बिक्री में गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित कारोबारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एफएसडीए की टीम ने अद्वाइजरी जारी कर कारोबारियों को मिलावट न करने और खराब गुणवत्ता के सामान न बेचने की चेतावनी दी है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त द्वितीय वीपी सिंह ने बताया कि कारोबारियों को चेतावनी दी गई है कि वे खराब गुणवत्ता का सामान न बेचें। खाद्य पदार्थों का भंडारण, प्रसंस्करण और विक्रय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुरूप स्वच्छ वातावरण में करें। उपभोग तिथि समाप्त अथवा बिना निर्माण व उपभोग तिथि वाले खाद्य पदार्थों को न बेचें। निरीक्षण में निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित कारोबारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष नवरात्र के दौरान लिए गए 82 नमूनों में से 25 अधोमानक और चार असुरक्षित पाए गए थे, जिन पर विधिक कार्रवाई की गई।

जू में चिड़िया बचाने का लिया संकल्प

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान (जू) में शुक्रवार को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। सारस प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार मौजूद रहे। इस दौरान चिड़िया को बचाने का संकल्प लिया गया। कई संस्थानों के छात्र भी मौजूद रहे। उनको गौरैया के होने से इको सिस्टम में पड़ने वाले बदलावों की जानकारी दी गई। प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) अनुराधा वेमुरी, और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुश्रवण एवं कार्ययोजना) बी प्रभाकर, जू निदेशक संजय कुमार बिस्वाल, उप निदेशक डॉ. उत्कर्ष शुक्ला, क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडोला और लखनऊ विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग की प्रोफेसर अमिता कनौजिया शामिल रहीं।

आठ रेलकर्मियों को स्टार परफॉर्मर अवॉर्ड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने सुरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आठ कर्मचारियों को सम्मानित किया। संरक्षा से जुड़े 8 रेलकर्मियों को फरवरी माह के लिए स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ का पुरस्कार दिया गया है। पीआरओ महेश गुप्त ने बताया कि जिन कर्मचारियों को अवॉर्ड मिला है, उनमें स्टेशन मास्टर बिठौरा पारस कुमार, वरिष्ठ गाड़ी प्रबंधक माल गोंडा विनय कुमार पटेल, ट्रैकमैन उदय प्रकाश गौड़ (सिसवा), बिरजू यादव (बस्ती), प्रभात कुमार (बादशाहनगर), अनिल पाल (गोंडा), रामप्रताप (मनकापुर) और अजय कुमार चौरसिया (बस्ती) शामिल हैं। मौके पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) गौरव गुप्ता और वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जेएन गुप्ता भी मौजूद रहे।

इंग्वाइनल हर्निया से पीड़ित 7 साल के बच्चे की सफल रोबॉटिक सर्जरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: आधुनिक चिकित्सा तकनीक की दिशा में केजीएमयू ने एक और अहम उपलब्धि हासिल की है। यहां के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में 7 साल के बच्चे का रोबॉटिक तकनीक से सफल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी दी गई। इस सर्जरी के बाद अब बच्चों को भी इस तकनीक का लाभ मिलने की राह आसान हो गई है। सेक्टर-सी, एलडीए कॉलोनी, कृष्णा नगर निवासी 7 वर्षीय श्रेयांश यादव लंबे समय से लेफ्ट इंग्वाइनल हर्निया से परेशान था। इंग्वाइनल हर्निया में आंत का कोई हिस्सा पेट की मांसपेशियों की कमजोरी के कारण जांघ के पास से बाहर निकल आता है और अंडकोष तक बढ़ सकता है। यह पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की दूसरी सफल रोबॉटिक सर्जरी है। इस जटिल ऑपरेशन को प्रो. जेडी रावत, प्रो. आनंद पांडेय, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. मनीष राजपूत और डॉ. अमोल अग्रवाल की टीम ने अंजाम दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: anil.misra@timesofindia.com Time: 03-21-2026 00:45 Color:

आयकर विभाग

आयकर अधिनियम, 2025
1 अप्रैल 2026 से लागू
ज्यादा स्पष्ट एवं समझने में आसान

आयकर अधिनियम 2025
विकसित भारत का आधार
सरल कर, सशक्त भारत

टैक्स कानून बना आसान
विकसित भारत की पहचान

"आज देश का लक्ष्य है विकसित भारत, सशक्त भारत! हम विकसित भारत के इस सपने के पूरा होने तक रुक नहीं सकते।"
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

CBC 15401/13/0017/2526

शारदा नगर विस्तार में ₹200 करोड़ से बनाए जाएंगे 848 फ्लैट

LDA बोर्ड बैठक में 23 प्रस्तावों पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में लगी मुहर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एलडीए ने वित्त वर्ष 2026-2027 में 5,148 करोड़ रुपये से शहर में आवासीय योजनाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर, विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर बजट को मंजूरी दी है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को परिनत सभागार में हुई प्राधिकरण बोर्ड की 187वीं बैठक में 23 प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल गई है। इसमें शारदा नगर विस्तार योजना में अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम भी शामिल है, जिसमें लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से 848 बजट फ्रेंडली भवन विकसित किए जाएंगे। बैठक में एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, सीपी त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह, प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य पीएन सिंह और पुष्कर शुक्ला समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

12,494 वर्गमीटर भूमि चिह्नित

एलडीए वीसी ने बताया कि डालीबाग स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के लोकार्पण के समय सीएम योगी ने आम नागरिकों के लिए बजट फ्रेंडली आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसके अनुपालन में शारदा नगर विस्तार योजना में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम लॉन्च की जाएगी, जिसके निर्माण के लिए पीएम आवास कॉलोनी के पास 12,494 वर्गमीटर भूमि चिह्नित की गई है। योजना में 12 मंजिल के 4 टॉवरों में कुल 848 फ्लैट्स निर्मित किए जाएंगे। इसमें 1 बीएचके के 156 फ्लैट होंगे, प्रत्येक फ्लैट लगभग 40 वर्गमीटर क्षेत्रफल का होगा। इसी तरह 2 बीएचके के 692 फ्लैट्स 55 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे।

आवासीय योजनाओं के लिए खरीदी जाएगी जमीन

आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, नैमिष नगर और वरुण विहार के लिए जमीन खरीदने एवं अर्जन की कार्यवाही के लिए 1,600 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इसी तरह आवासीय योजनाओं में विकास एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए 1,298 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। वहीं, अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

नक्शा शुल्क बढ़ने से कितना असर

नक्शा शुल्क बढ़ने से रियल एस्टेट सेक्टर में प्रोजेक्ट की लागत बढ़ेगी, जिसका असर फ्लैट और प्लॉट की कीमतों पर भी दिख सकता है। ऐसे में राजधानी में घर खरीदना और बनाना दोनों ही और महंगे होने वाले हैं।

मद	वर्तमान दर	नई दर
विकास शुल्क	2,475	2,564.00
निरीक्षण शुल्क	20.00	20.80
निरीक्षण शुल्क (विकास अनुमति हेतु)	10.00	10.40
अनुज्ञा शुल्क-आ. भ.	5.00	5.20
अनुज्ञा शुल्क-स. आ.	15.00	15.60
अनुज्ञा शुल्क कमर्शल/कार्यालय	30.00	31.10
विकास अनुज्ञा शुल्क (1.0 हे० तक)	10,000.00	10,360.00
विकास अनुज्ञा शुल्क (1.0 से 2.5 हे० तक)	20,000.00	20,720.00
विकास अनुज्ञा शुल्क (2.5 से 5.0 हे० तक)	30,000.00	31,080.00

नक्शे की वर्तमान और नई स्वीकृत दरें (₹/वर्ग मी.)

ले-आउट संशोधन से विकास को गति

सीजी सिटी, ऐशबाग योजना और रिफा-ए-आम योजना के लेआउट (तलपट मानचित्र) में संशोधन और पुनर्नियोजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई है। वहीं, असल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर की हाइटेक टाउनशिप में एफएसआई के तहत बेचे गए भूखंडों के मानचित्रों को मंजूरी देने का प्रस्ताव भी पास किया गया है। इसके अलावा ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएस) में मानचित्र स्वीकृति शुल्क को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संशोधित करने का प्रस्ताव भी पास हुआ है।

₹400 करोड़ से ग्रीन कॉरिडोर को रफ्तार

ग्रीन कॉरिडोर को भी मिलेगी रफ्तार मिलेगी। प्राधिकरण बोर्ड ने ग्रीन कॉरिडोर के लिए ₹400 करोड़ का बजट जारी किया है। इसी तरह शहर में नए पार्क विकसित करने और पुराने पार्कों के अनुरक्षण के लिए 60 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नए भवनों के निर्माण के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

गोमतीनगर विस्तार में बनेगा सामुदायिक केंद्र

गोमतीनगर विस्तार में सरस्वती अपार्टमेंट के पास उपलब्ध अतिरिक्त भूमि को सामुदायिक केंद्र में बदलने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई है। इसके अलावा सेक्टर-6 में कुछ भूखंडों के सामने प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को घटाकर 9 मीटर करने और शेष भूमि को व्यावसायिक व आवासीय उपयोग के लिए नियोजित करने के प्रस्ताव पर भी बोर्ड ने मुहर लगा दी है।

पारिजात एवं पंचशील अपार्टमेंट के दाम फ्रीज

गोमती नगर योजना में अपना आशियाना बनाने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। एलडीए ने गोमती नगर स्थित पारिजात अपार्टमेंट और पंचशील अपार्टमेंट के फ्लैटों की कीमत को 1 वर्ष के लिए फ्रीज कर दिया है। इससे नए वित्तीय वर्ष में इन अपार्टमेंट के फ्लैटों की कीमत में किसी भी तरह की बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।

शहर में शुक्रवार को अचानक हुई बारिश से कई इलाकों में हुई दिक्कतें

बिजली गुल, नालियां फुल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बारिश से शहर के कई इलाकों में शुक्रवार को बिजली गुल हो गई, नालियां उफना गईं और गंदा पानी सड़क पर आ गया। केबल और ट्रांसफॉर्मरों में फॉल्ट के चलते अमीनाबाद, फैजुल्लागंज, अलीगंज, बीकेटी, दुबग्गा, आलमबाग, कानपुर रोड सहित गोमती नगर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं पान दरीबा, मूंगफली मंडी, यहियागंज सहित विभिन्न इलाकों में जलभराव के चलते शहरियों को खासी परेशानी रही।

कहीं HT लाइन में खराबी आई, कहीं तार पर गिरा पेड़

सुबह 10:15 बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई, जो रुक-रुक कर दोपहर 2:30 बजे तक जारी रही। बारिश के कारण बटलर पैलेस में पेड़ की डाल गिरने से हाईटेंशन लाइन फॉल्ट आ गई। जवाहर भवन उपकेंद्र से संचालित बालू अड्डा सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से डेढ़ घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। अमीनाबाद स्थित विद्युत उपकेंद्र के यार्ड में बारिश के कारण फॉल्ट आने से मौलवीगंज, रकाबगंज, पांडेय गंज, चकमंडी सहित सुबह करीब 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। 11केवी लाइन में फॉल्ट आने से न्यारी कल्वर्ट उपकेंद्र से विभूतिखंड-5, महानगर सुभाष पार्क उपकेंद्र संचालित गोल चौराहा के आसपास, शिव में फैजुल्लागंज उपकेंद्र से संचालित लक्ष्मीनगर सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10:20 बजे से दो घंटे बिजली गुल रही। साथ ही दुबग्गा, कानपुर रोड, रतनखंड आदि इलाकों में 2 घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही। पान दरीबा सहित कई इलाकों में मामूली बारिश में जलभाव होने से लोगों पर नाराजगी जताई। स्थानीय नागरिक प्रदीप ने बताया कि जरा सी बूंदाबांदी में मंदिर रोड सहित आसपास के इलाकों में नालियों का पानी सड़क पर आ गया।

निगमकर्मी बोले, अवैध निर्माण के कारण सफाई में दिक्कत

जोन-2 के नगर निगम कर्मियों ने समस्या के लिए इलाके में नालियों के ऊपर अवैध निर्माण होने से साफ-सफाई न होना बताया, जिस वजह से बारिश के चलते नालियां चोक हुईं और गंदा पानी सड़क पर आया। जोन-2 के जोनल सेनेट्री अफिसर राम सकल ने बताया कि मंदिर रोड खुद मौके पर पहुंचकर चोक नालियों की सफाई कराकर जलभराव की समस्या का निस्तारण कराया।

Sunil Kumar Raidas

बारिश में लखनऊ दर्शन

अस्पतालों में परेशान हुए मरीज और तीमारदार

लारी कार्डियॉलजी

हल्की बारिश ने केजीएमयू की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। शुक्रवार सुबह हुई बारिश के बाद लारी कार्डियॉलजी में कई जगह जलभराव हो गया। नालियां चोक होने से पानी भर गया, जिससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी हुई। रोजाना 400 से अधिक मरीजों वाले इस विभाग में हालात बिगड़ गए। गंदे पानी और बदबू से आवागमन प्रभावित रहा। वहीं, ट्रॉमा सेंटर के निर्माण कार्य से फैली गंदगी के कारण कैजुअल्टी वॉर्ड की स्थिति भी खराब दिखी। सिविल, लोहिया और डफरिन अस्पताल में भी जलभराव रहा। डफरिन के गेट पर पानी भरने से गर्भवतियों को दिक्कत हुई।

पानदरीबा

कुछ देर की बारिश में तेजीखेड़ा जलमग्न

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : तेजीखेड़ा गांव में हल्की बारिश ने ही नगर निगम की लापरवाही उजागर कर दी। केसरीखेड़ा वॉर्ड के इस गांव में करीब 8 से 10 हजार की आबादी रहती है, जहां कुछ देर की बारिश में पूरा इलाका जलमग्न हो गया। रमजान के दौरान जलभराव से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पार्षद देवेंद्र सिंह यादव 'जीतू' ने बताया कि रमजान से पहले ही नगर आयुक्त को समस्या से अवगत कराया गया था। नगर आयुक्त ने जोन-5 के अधिशासी अभियंता को निर्देश भी दिए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या वर्षों पुरानी है। हर बारिश में गलियां और सड़कें नाले के गंदे पानी से भर जाती हैं। कई शिकायतों के बावजूद नगर निगम स्थायी समाधान नहीं कर पाया, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

सरसों और अरहर को नुकसान

■ टीम NBT, लखनऊ : राजधानी में शुक्रवार को हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज हवा और ओलावृष्टि से सरसों व अरहर की फसल को नुकसान पहुंचा है, जबकि पककर तैयार गेहूं कई जगह खेतों में गिर गया। बारिश से बढ़ी नमी के कारण आम उत्पादक भी चिंतित हैं, क्योंकि बौर में रोग लगने का खतरा बढ़ गया है।

सरोजनीनगर के किसान मुकेश रावत और बख्शी के प्रदीप कुमार ने बताया कि तेज हवाओं के साथ बारिश होती तो नुकसान और अधिक होता। फिलहाल गेहूं की बालियां भीग गई हैं, जिससे मड़ाई में देरी होगी। जिन क्षेत्रों में ओले नहीं गिरे, वहां कुछ राहत है। वहीं, किसान सुशील के अनुसार अरहर में फूल आने के समय बारिश से नुकसान की आशंका है। निगोहां क्षेत्र में तेज हवा से गेहूं की फसल खेतों में लोट गई है। किसान मनोहर और आनंद

तिवारी ने बताया कि सरसों की कटी फसल भीगने से नमी बढ़ गई है, जिससे मड़ाई प्रभावित होगी और खड़ी फसल भी गिर सकती है। मलिहाबाद में आम के बौर पर नमी बढ़ने से दहिया व खर्रा रोग का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि रोग फैलता है तो फूल और टिकोरे झड़ जाएंगे, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा।

PHARMACY COUNCIL OF INDIA
A Statutory body under Ministry of Health & Family Welfare, Government of India

Celebrating
124th Birth Anniversary of
Prof. M.L. Schroff
As
NATIONAL
PHARMACY
EDUCATION
DAY

PHARMA
ANVESHAN-2026, UTTAR PRADESH
Theme : Future Pharma Ecosystem: Fostering Synergy
Among Academia, Industry, Research, Regulatory and Practice

ON 6TH MARCH 2026, WE PROUDLY CELEBRATE THE 124TH BIRTH ANNIVERSARY OF PROF. M. L. SCHROFF, REVERED AS THE FATHER OF MODERN PHARMACY EDUCATION IN INDIA, AS NATIONAL PHARMACY EDUCATION DAY. Prof. M. L. Schroff was a visionary educationist whose predisposition, deep understanding, patriotism, and comprehensive vision laid the foundation for structured pharmacy education in India. In 1937, at BHU, he pioneered the introduction of the first full-fledged three-year B.Pharm course in India, marking a historic milestone in the professionalization of pharmacy education. His contributions transformed pharmacy from a trade-oriented practice into a scientific, academic and research-driven profession.

Key Initiatives & Achievements of Pharmacy Council of India

- Digital Reforms – Implemented online systems for college approvals, inspections, and documentation.
- Faculty Portal - All teachers linked with Aadhaar Enabled Biometric Attendance System (AEBAS) for Quality education to students.
- Linked Pharmacist in Health Care Professionals Registration system (HPR) by Aadhar Authenticated System.
- Curriculum Development – Introduced updated Education Regulations (ER) as per New Education Policy 2020 (NEP).
- PCI allocated funds for Pradhan Mantri Scholarship for Pharmacy Post Graduate Studies (GPAT)-(PMSPPS).
- Encouraging good distribution practices in wholesale & retail licenses and safe medicine distribution.
- Promotion of Pharm. D program – Helped introduce clinical pharmacy and hospital-based training in India.
- Pharmacist Registration Tracking System (PRTS) – Works with State Pharmacy Councils to ensure licensed pharmacists practice legally.
- Regulation of Pharmacy Education in India – Sets standards for D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm and Pharm. D. courses.
- Approval of Pharmacy Colleges – Inspects and approves institutions offering pharmacy programs across India.
- Implementation of E - office / Paperless function of Council work.
- PRTS System and Student Portal - Linked all students on Portal for more transparency in admissions process and linked with Single window registration systems for registration as Pharmacist.

The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2023 amended several laws in India, including the Pharmacy Act, 1948 to reduce criminal penalties for minor offences and replace them with financial penalties.
1. Decriminalization of minor offences
Some offences under the Pharmacy Act were changed from imprisonment to monetary penalties.
2. Penalty for falsely claiming to be a registered pharmacist
- First offence: Fine up to 1 lakh
- Subsequent offences: Fine up to 2 lakh.
3. Dispensing medicines without being a registered pharmacist
- Punishment changed to fine up to 2 lakh or imprisonment up to 3 months (reduced).

PROGRAMME HIGHLIGHTS
- Research Paper Presentation
- Sessions by industry experts
- Interaction with professionals
- Poster Presentation on Promising Academic Research
  - Oral Presentation on Granted Presentation(Product/Process)
  - Oral Presentation on Published Patents (Product/Process)
  - Display Design Patents(model presentataion)

Pharmacy Council of India wishes all pharmacists, researchers, educators, and pharmacy students a very Happy National Pharmacy Education Day.

PHARMA ANVESHAN on 21st March, 2026
at
MAHARANA PRATAP COLLEGE OF PHARMACY
Kothi, Mandhana, Kanpur (Uttar Pradesh)-209217
Venue
Auditorium, Maharana Pratap College of Pharmacy, Kanpur
Participants:
About 500 participants (Faculty/Research/Students/Industry/Regulatory/Professional Association members) from various Institutions in Uttar Pradesh State.

WORLD TRADE CENTER, 3rd FLOOR, TOWER-I, NAUROJI NAGAR, NEW DELHI - 110029 | Tel: 011-65218900-02 | Email: registrar@pci.nic.in | website: pci.gov.in

बैंक और उद्यमियों के बीच हुआ संवाद

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार स्थित एक होटल में लघु उद्योग भारती, लखनऊ की वार्षिक आम सभा, अवध संभाग बैठक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस त्रिकोणीय समागम में व्यावहारिक विमर्श, बैंकिंग समाधान और सांस्कृतिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। सभा में संगठन की कार्ययोजना पर मंथन भी किया गया।



लघु उद्योग भारती की वार्षिक आमसभा में हुआ व्यापारिक विमर्श

वार्षिक आम सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई विकास नीति की घोषणा की गई। कार्यक्रम के विशेष सत्र में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ उद्यमियों की समस्याओं पर सीधा संवाद हुआ, जिसमें ऋण प्रक्रिया को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया, ताकि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को वित्तीय बाधाओं से मुक्त किया जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वीत रंजन और लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष मधुसूदन दादू रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने की। संगठन की औपचारिक बैठक के बाद पारिवारिक होली मिलन हुआ। कार्यक्रम में अवध संभाग के अध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता, संभाग महामंत्री अरुण भाटिया, लखनऊ इकाई के अध्यक्ष केशव माथुर, महामंत्री राजीव शर्मा और कोषाध्यक्ष अतुल साहनी आदि मौजूद रहे।

फटाफट खबरें

इंजिनियर बिना अनुमति नहीं जा सकेंगे बाहर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पीडब्ल्यूडी के इंजिनियर अब बिना लिखित अनुमति के जिले से बाहर नहीं जा सकेंगे। इंजिनियरों को विभागाध्यक्ष की लिखित अनुमति अनिवार्य होगी, निर्देश का उल्लंघन करने पर इंजिनियरों ...

समाचार पत्र वितरक को मातृ शोक

कॉलेज में विकसित की जाएंगी सुविधाएं

शराब की 41, भांग की दो दुकानों का आवंटन

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू होगा होटल मैनेजमेंट कोर्स

नए सत्र से होगी कोर्स की शुरुआत, 60 सीटों पर लिए जाएंगे दाखिले

■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ

'होटल इंडस्ट्री का हो रहा विस्तार'

AKTU में 125 करोड़ रुपये खर्च कर बनेगा AI सेंटर

■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ

IET से 16 तो एलयू से 26 ने क्वॉलिफाई किया GATE

■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ

चौड़ीकरण पर जताई आपत्ति

■ NBT न्यूज, लखनऊ

स्टूडेंट्स को दी स्कॉलरशिप

■ NBT न्यूज, लखनऊ

भक्ति की बयार: मां ब्रह्मचारिणी के जयकारों से गूंजे मंदिर

■ NBT न्यूज, लखनऊ

कमल के आसन पर लक्ष्मी रूप में सर्वांगन देवी

मां दुर्गा का तीसरा रूप मां 'चंद्रघंटा'

'खेल से खुशी' से युवाओं को मिला मंच, सुविधाओं में विस्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ

परीक्षा में कक्षा 6, 7 और 8 का 'कॉमन' टेस्ट

परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा में तीन कक्षा में एक ही प्रश्नपत्र

■ NBT न्यूज, लखनऊ

अलग कक्षा, एक जैसी परीक्षा

समझदारी बनाम रटमार पद्धति

60% महिलाएं एनीमिया की जद में

राष्ट्रीय एनीमिया दिवस आज

■ NBT न्यूज, लखनऊ

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस आज उम्र बढ़ने के साथ बढ़ जाती है क्रोमोसोमल असामान्यता की आशंका

'35 के बाद मां बनने पर बच्चों में डाउन सिंड्रोम का जोखिम'

■ NBT न्यूज, लखनऊ

क्या है डाउन सिंड्रोम?

हेल्थ वॉच

अनिश्चितताएं छोड़ें — TATA.ev पर स्विच करें

अपने फ़ेवरेट TATA.ev के साथ कहीं भी ड्राइव करें, बिना किसी चिंता के





- हर ज़रूरत के लिए सबसे विशाल .ev रेंज
- घर पर या 30k+ पब्लिक चार्जर्स पर आसान चार्जिंग
- बड़ी बचत करें और सिर्फ़ ₹1/km# पर ड्राइव करें
- लाइफ़टाइम* HV बैटरी पैक वारंटी के साथ मन की संपूर्ण शांति
- आपकी भरोसेमंद 5-स्टार सुरक्षा

भारत का नं.1 चार्जिंग इकोसिस्टम
- 30,000+ पब्लिक चार्जर्स
- 2,500+ वेरिफ़ाइड चार्जिंग पॉइंट्स
- 130+ TATA.ev मेगाचार्जर्स
- 24×7 चार्ज बडी- कॉल करें 1800 209 8989

भारत का नं.1 EV ब्रांड | भारत में 12 बिलियन+ km## चली | GeM, CSD और KPKB में उपलब्ध | अपनी .ev बचत का हिसाब लगाने के लिए स्कैन करें | अपने नज़दीकी डीलरशिप के लिए स्कैन करें | BHARAT NCAP | EVs संबंधित अधिक जानकारी के लिए call +91 92402 92401 visit ev.tatamotors.com | TATA.ev move with meaning

LUCKNOW: BR AUTOVENTURES: LUCKNOW: 8879159665. PUNEET AUTO SALES: GOMTI NAGAR: 9619360746. FAIZABAD ROAD, LUCKNOW: 9167064882. DUBAGGA: 9167064469. FAIZABAD ROAD: 7506021935. SITAPUR: 9619467973. S.R.M. MOTORS: VIKAS NAGAR: 7506022040. HIND NAGAR: 7506022048. CHARBAGH: 9619487813. RAEBAREILLY: 9167035539. JAGDISHPUR: 8291096624. NAWABGANJ: 9167065561. BARABANKI: 9167065561. HAIDERGARH: 9167064733. GOSAIGANJ: 9167993310. GOLDRUSH SALES: ASHOK MARG: 7506021917. MOHANLALGANJ: 9167031019. LALGANJ: 9167035539. RANA MOTORS: LAKHIMPUR KHERI: 9305456536.

बैंक और उद्यमियों के बीच हुआ संवाद

फटाफट खबरें

इंजिनियर बिना अनुमति नहीं जा सकेंगे बाहर

समाचार पत्र वितरक को मातृ शोक

कॉलेज में विकसित की जाएंगी सुविधाएं

शराब की 41, भांग की दो दुकानों का आवंटन



लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू होगा होटल मैनेजमेंट कोर्स

नए सत्र से होगी कोर्स की शुरुआत, 60 सीटों पर लिए जाएंगे दाखिले

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग की भी पढ़ाई करवाएगा। इसके लिए आगामी सत्र से विवि में नया पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए विवि नए सत्र से बैचलर्स इन होटल मैनेजमेंट ऐंड कैटरिंग टेक्नॉलजी' (BHMCT) पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस कोर्स में कुल 60 सीटें हैं, जिन पर विवि की ओर से दाखिले लिए जाएंगे। सोमवार विवि के इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज में बोर्ड ऑफ स्टडी की बैठक हुई, जिसमें इस कोर्स को शुरू करने पर मुहर लगाई गई है। लखनऊ के किसी भी राज्य विश्वविद्यालय में अब तक यह पाठ्यक्रम संचालित नहीं हो रहा है। एलयू पहला विवि है जो होटल मैनेजमेंट में यह कोर्स शुरू करेगा।

'होटल इंडस्ट्री का हो रहा विस्तार'

AKTU में 125 करोड़ रुपये खर्च कर बनेगा AI सेंटर

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ

IET से 16 तो एलयू से 26 ने क्वॉलिफाई किया GATE

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ

चौड़ीकरण पर जताई आपत्ति

■NBT न्यूज, लखनऊ

स्टूडेंट्स को दी स्कॉलरशिप

■NBT न्यूज, निगोहां

भक्ति की बयार: मां ब्रह्मचारिणी के जयकारों से गूंजे मंदिर

■NBT न्यूज, लखनऊ

कमल के आसन पर लक्ष्मी रूप में सजीं देवी

मां दुर्गा का तीसरा रूप मां 'चंद्रघंटा'

'खेल से खुशी' से युवाओं को मिला मंच, सुविधाओं में विस्तार

■NBT न्यूज, लखनऊ

परीक्षा में कक्षा 6, 7 और 8 का 'कॉमन' टेस्ट

परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा में तीन कक्षा में एक ही प्रश्नपत्र

■NBT न्यूज, लखनऊ

अलग कक्षा, एक जैसी परीक्षा

समझदारी बनाम रटमार पद्धति

60% महिलाएं एनीमिया की जद में

राष्ट्रीय एनीमिया दिवस आज

■NBT न्यूज, लखनऊ

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस आज | उम्र बढ़ने के साथ बढ़ जाती है क्रोमोसोमल असामान्यता की आशंका

'35 के बाद मां बनने पर बच्चों में डाउन सिंड्रोम का जोखिम'

■NBT न्यूज, लखनऊ



क्या है डाउन सिंड्रोम?

हेल्थ वॉच



LUCKNOW: BR AUTOVENTURES: LUCKNOW: 8879159665. PUNEET AUTO SALES: GOMTI NAGAR: 9619360746. FAIZABAD ROAD, LUCKNOW: 9167064882. DUBAGGA: 9167064469. FAIZABAD ROAD: 7506021935. SITAPUR: 9619467973. S.R.M. MOTORS: VIKAS NAGAR: 7506022040. HIND NAGAR: 7506022048. CHARBAGH: 9619487813. RAEBAREILLY: 9167035539. JAGDISHPUR: 8291096624. NAWABGANJ: 9167065561. BARABANKI: 9167065561. HAIDERGARH: 9167064733. GOSAIGANJ: 9167993310. GOLDRUSH SALES: ASHOK MARG: 7506021917. MOHANLALGANJ: 9167031019. LALGANJ: 9167035539. RANA MOTORS: LAKHIMPUR KHERI: 9305456536.

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in